**नटी**- अच्छा! रहने दो फिर। हम लोग यदि विश्वास करने के योग्य नहीं हैं, तो हम ये चले।

**निरं०**- अरे, और कुछ मत समझिये आप। यह तो परिहास था।

**सूत्र०**- तो यह परिहास किया था आपने?

**निरं०**- मैंने नही श्यामा ने। वह मेरे साथ कभी कभी ऐसे ही परिहास करती है।

*(नेपथ्य से फिर चिड़िया का कूजन)*

**नटी-** अब क्या कह रही है आपकी परिहासप्रिया?

**निरं०-** वह तो चिढ गयी। कहती है- मैंने हँसी में जो कहा, वह तुमने इन विदेशियो को क्यो बता दिया?

**नटी-** क्या लच्छेदार बात की है! पर हम यह जानना चाहते थे कि शास्त्रो की पढाई करने तुम किसी गुरुकुल में क्यो नहीं जाते?

**निरं०-** गुरुकुल? इस विदेह ग्राम में गुरुकुल कहाँ? सुना है कि मालिनी नदी के उस पार ज्ञानपुर नाम का गाँव है। वहाँ पञ्चानन मिश्र जी का एक गुरुकुल चलता है। मैं पढाई के लिये वहाँ जाना भी चाहता हूँ। पर जाने में बड़ा विघ्न है।

**सूत्र०-** कैसा विघ्न?

**निरं०-** माँ नहीं जाने देती। उसे बड़ा लगाव है मुझ से। तो वह मुझसे अलग नहीं रह सकती। बात यह है कि जब से पिता जी चले गये, तब से उसके प्राण मुझ में ही बसते हैं।

**सूत्र०-** कहाँ गये तुम्हारे पिता?

**निरं०-** इस प्रश्न का कोई उत्तर मेरे पास नहीं है।

**नटी-** पर यह कैसा प्रेम है माता का जो बेटे का पढना लिखना नहीं सह सकता? क्या वह अपने बेटे का कल्याण नहीं चाहती?

निरं०- कल्याण तो चाहती है वह पर डरती है कि कहीं गुरुकुल में जा कर मैं उसको भूल न जाऊँ। उसका स्नेह का बन्धन न तोड़ दूँ या मैं कहीं गाँव लौट कर ही न आऊँ।

**नटी-** तो तुम उसे भरोसा दिलवाओ। उसे वचन दो कि अध्ययन समाप्त करके मैं गाँव लौट आऊँगा।

**निरं०-** ठीक कह रहीं हैं आप।मैं आज फिर उसे भरोसा दिलाने का प्रयत्न करूँगा। आप लोगो ने बड़ा उपकार किया मेरा। मुझे रास्ता दिखा दिया। मैं आप लोगो को नमन करता हूँ। *(ऊँचे स्वर में)* श्यामा, श्यामा! चलो देर हो रही है। अब आत्माराम और मनसाराम को साथ लें और घर चलें। *(प्रस्थान)*

**सूत्र०-** यह तुमने क्या किया प्रिये! सीधे सादे उस बच्चे का अपनी माँ से अलग कर दिया!

**नटी-** अरे नहीं करती , तो तुम्हारा नाटक कैसे चलता? देखो, इस विदेह गाँव को लेकर तो कोई नाटक दिखाया हीं जा सकता।



यह बच्चा माँ के स्नेह का बन्धन तोड़,कर इस गाँव को छोड कर गुरुकुल जायेगा। यह भोलाभाला निरक्षर भट्टाचार्य पढ लिख कर विद्वान् बनेगा, विद्या पूरी करेगा, तभी उसे कोई विद्योत्तमा मिलेगी, और तभी तो तुम्हारे नाटक की बेल फूलेगी फलेगी। नहीं तो समझ लो यह रंगमंच ऊसर धरती बन कर रह जायेगा।

सूत्र०- ठीक कहा तुमने।

बीज तो हमने रोप दिया<br>
बार बार बूँद बूँद जल से इसको सींचा<br>
अब लहरायेगी की कथापताका<br>
और फलेगी नाटक की कल्पलता।

*(नेपथ्य से गीत)*

नित्य निर्मल चरित वह<br>
शारदा से अधिष्ठित वह,<br>
विकल है नीड छोड़ने को<br>
ललक रहा नभ में उड़ने को<br>
उधर एक हंस वह।

सूत्र०- अरे वाद्यवृन्द में बैठी गायिकाओ ने नायक के अवतरण का गीत गा ही दिया। तो चलो , हम भी आगे जो करना है, उसे सँभालें।

*(दोनो का प्रस्थान)*

**।प्रस्तावना समाप्त।।**

*(भोजन पकाती हुई निरंजन की माँ धारिणी प्रवेश करती है)*

**धारिणी-** *(चूल्हे में फूँक मारती हुई)-* पाँच रोटियाँ पकानी हैं। उसके लिये ही सारा खटना हैं। यह पहली रोटी तो हुई गौरी गाय की। *(चूल्हे से फूली हुई रोटी निकालने का अभिनय करती है)* यह दूसरी निरंजन के लिये। इसीमें श्यामा का भी हिस्सा है। *(फिर उसी प्रकार अभिनय कर के)-* ये दोनो भी उसी की हैं। और यह एक आखिरी रोटी मेरा पेट भरने के लिये पर्याप्त है। चलो हो गया भोजन का काम। *(चूल्हा बुझाने का नाट्य करती है!)* देखूँ, घड़े में पानी है ये नहीं। *(देख कर)* - अरे, दो या तीन चुल्लू पानी होगा बस। क्या करूँ? -पानी लाने के लिये नदी तक जाऊँ? *(बाहर देख*

*कर )* अरे सूर्यदेवता तो अस्त हो चले। नदी के किनारे तक जाना

अब ठीक नहीं । इस समय वहाँ राक्षसो की छायाएँ मँडराती लगती हैं।

*(गाँव हमारा ऐसा न्यारा०- यह ध्रुवा नेपथ्य सेगायी जाती है)*

निरंजन अभी कर नहीं आया। *(द्वार तक जा कर पुकारती हुई)*- निरंजन,निरंजन! लग रहा है आसपास तो नहीं है।

*(नेपथ्य से गाय का रँभाना और चिड़िया का कूजन)*

यह गौरी रँभा रही है और श्यामा कूक रही है। लगता है आ गया निरंजन। तो भोजन परस ही दूँ। भूखा होगा वह।

*(कन्धे पर ईंधन उठाये हुए निरंजन का प्रवेश)*

**निरं०**- माँ, कहाँ हो? *(कंधे से ईंधन का गट्ठर उतार कर थकान का अभिनय करता हुआ)*- अरे भगवान् सूर्य अस्त होगये।

साँझ के रंग फीके हुए
दिशाएँ छिप चली हैं रात के पीछे।
नभ से अँधियारा बरस रहा है
टिमटिमा रहे हैं दो तीन तारे।

**धारिणी**- निरंजन! आ गया? आज बड़ी देर लगा दी। *(देख कर )* अरे, ये इतनी लकड़ियाँ काहे उठा लाया?

**निरं०**- गर्मी बीत रही है माँ! असाढ आने वाला है। तो ईंधन इट्ठा कर के रख लेना चाहिये। नहीं, तो पानी जब बरसेगा, तो सूखी लकड़ियाँ नहीं मिलेगीं।

**धारिणी**- बहुत थक गया है। इतना बोझा नहीं उठाना चाहिये तेरे को। कितना पसीना बह रहा है माथे से! *(आँचल से उसका मुँह पौंछती है।)* अब हाथ पाँव धो ले। आ अब कुछ खा ले।

**निरं०**- माँ, पाँव धोने के लिये पानी तो है नहीं। नदी जा कर पहले पानी ले आऊँ?

धारिणी- *( अचानक बहुत जोर से चीखती हुई,कठोर स्वर में )* नहीं! इस समय नदी की ओर मत जाना।

*(निरंजन अवाक् उसे देखता रह जाता है।)*

**धारिणी**- *(सहसा कोमल स्वर में)*- देख, तू पहले ही थका हुआ है। थोड़ा पानी तो है। मैं ले आती हूँ।



**निरं०**- रहने दो. पहाड़ पर जो झरना है, उसमें खूब नहा लिया था मैंने आज। बार बार पाँव क्या धोना? पर मुझे कुछ कहना है तुमसे।

**धारिणी**- पहले कुछ खा ले।

**निरं०**- पहले तुम्हे मेरी बात सुननी होगी।

**धारिणी**- तू बड़ा जिद्दी है। कह जो कहना है।

**निरं०**- माँ! मैं पढाई करने के लिये ज्ञानपुर जाना चाहता हूँ।

**धारिणी**- फिर वही बात! अरे, मैं अकेली तेरे बिना यहाँ केसे जीऊँगी? पिता पहले ही चले गये। कोई नातेदार हैं नहीं। मैं बिल्कुल असहाय हूँ। तू चला जायेगा तो जान ले मेरे तो प्राण ही चले जायेगें।

**निरं०**- मैं फिर पूछता हूँ तुम से। अब छिपाना मत।

**धारिणी**- क्या छिपा रही हूँ मैं?

**निरं०**- पिता के विषय में ।

**धारिणी**- कितनी बार कहूँ? मैं कुछ नहीं छिपा रही। पता नहीं कहाँ होगे वे--

**निरं०**- क्या वे मुझे नहीं चाहते?

**धारिणी**- क्यो न चाहेगें भला?

**निरं०**- तो फिर तुम्हें और मुझे छोड़ कर क्यो चले गये वे?

**धारिणी**- वे छोड़ कर नहीं गये बेटा-*(कहते कहते अटक जाती है। स्वर भर्रा जाता है।)*

**निरं०**- तो फिर कहाँ हैं वे?

**धारिणी**- मुझे कैसे पता होगा?

**निरं०**- फिर तुम छिपा रही हो कुछ----

**धारिणी**- मैं क्यों कुछ छिपाऊँगी-- और वह भी तुझ से? यदि तुझे नहीं बताऊँगी, तो किसे बताऊँगी? पर बताने को कुछ हो तो----

**निरं०**- तुम्हें मेरी सौगंध है, यदि सच न कहो तो--

**धारिणी**- *(साँस छोड़ कर )* सच कह रही हूँ।-- वे कहाँ हैं नहीं जानती। पर--*(अटक जाती है)*

**निरं०**- पर क्या---- ?

**धारिणी**- क्या चारा है? सुन। जिस दिन तू जन्मा उस दिन घर में पानी न था। ऐसा ही भयानक साँझ का समय था। गर्मी के दिन।

दोपहर से ही सूरज अंगारे बरसा रहा था। साँझ हुई, तो प्यास के मारे गला चटख रहा है - यह बात मैं उनसे कह बैठी। वे पानी लेने के लिये नदी के तीर पर चले गये। आह, यह प्यास पिशाचिन उसी

दिन ऐसी क्यो लगी थी!---(रोती है)

**निरं०**- रो मत माँ! इसमें तेरा क्या अपराध? फिर हुआ क्या?

**धारिणी**- फिर क्या होना था? वे उस रात को लौट कर नहीं आये, अगले दिन भी नहीं आये। दूसरे दिन मैं स्वयं नदी के तीर पर उन्हें ढूँढने गयी। नदी में तो पाँच कोस तक पानी ही नहीं था! मुझ अभागिन के लिये पानी लाने को वे उस रात कितने कोस चलते गये होगें-- किसे पता ? लोग कुछ और कहते थे--*(अचानक कहते कहते रुक जाती है।)*

**निरं०**- क्या कहते थे लोग?

**धारिणी**- कुछ नहीं, कुछ नहीं। वे ही जानें क्या कहते थे वे लोग।

**निरं०**- तुम्हें सौगंध दिलायी है। फिर भी सच नहीं बता रही हो।

**धारिणी**- लोग कहते थे कि नदी में दूर दूर तक पानी नहीं था, तो तेरे पिताजी वहाँ से लौटे। गाँव में आ कर वे जमींदार के अहाते में बने कुएँ से पानी खींचने वहाँ चले गये। फिर पता नहीं चला कहाँ गये वे---

*(फिर रोती है।)*

निरं०- माँ, मेरी प्रतिज्ञा सुनो।

सकल अर्थ की साधक
विद्या पढ कर,
नहीं विदेह में लाऊँ मैं यदि जल,
और पिता से यदि न तुझे मिलवाऊँ
तो न पिता का मैं बेटा कहलाऊँ।

**धारिणी**- *(रोती हुई, निरंजन को गले लगा कर)*- रहने दे! ऐसी कठिन प्रतिज्ञाएँ मत कर। बेटा, तू ही तो मेरा सब कुछ है। तू है, तो मुझे और कुछ चाहिये ही नहीं।

**निरं०**- माँ, क्या तुम अपने गाँव का भला नहीं चाहतीं?

**धारिणी**- विदेह गाँव तो मेरा घर ही ठहरा। इसका भला मैं क्यो न चाहूँगी?



**निरं०**- तो फिर मुझे जाने दे।

**धारिणी**- जानती थी मैं।

**निरं०**- क्या जानती थीं तुम?

**धारिणी**- *(फिर रोती हुई)* कि एक दिन तू भी छोड़ कर चला

जायेगा मुझे।

**निरं०**- वे और बेटे होंगें, जो अपनी माँ को छोड़ जाते हैं।

यह देह ये प्राण ये सब तुझ से ही तो पाये हैं
तुम ही छायी हो मेरे भीतर
तुम से अलग भला मैं
रह सकता हूँ क्यों कर?

या फिर -- श्यामा का क्या कहना है?

*(नेपथ्य से चिड़िया का चहकना)*

**निरं०**- देखा? वह भी मेरी हाँ में हाँ मिला रही है।

**धारिणी**- (विषादपूर्वक) इसी तरह बहलाते हैं घर छोड़ने वाले बेटे अपनी माँओं को। फिर भी यदि विदेह गाँ से बाहर जाने में तेरा लाभ हो, तो जा। *(रोती है)*

**निरं०**- दुखी मत हो माँ। देवता सब तरह से कल्याण करेंगें। मैं कल निकलूँगा यहाँ से। मैं अभी जा कर आत्माराम और मनसाराम को कहे देता हूँ, वे तेरा ध्यान रखेगें। मेरे साथ यह श्यामा जायेगी। यह मेरा ध्यान रखेगी। गौरी तो यहीं रहेगी ही। आत्माराम और मनसाराम इसको भी प्रतिदिन चराने ले जायेगें।

**धारिणी**- चल, भीतर चल अब। पहले कुछ खा ले। भोजन की वेला निकली जा रही है।

**निरं०**- ऐसा ही करता हूँ।

*(ध्रुवा गीत)*

ऊबड़खाबड़ धरती है,
और सामने फैले नदियाँ,पर्वत, नाले।
अंतहीन पथ है आगे
एक अकेला चला जा रहा पथिक फिर भी कैसे।

**।पहला अंक समाप्त।।**

## दूसरा अंक

*(शाकटायन का प्रवेश)*

**शाक०-** भगवती चंडिका की पूजा तो पूरी कर दी। प्रतिदिन करता ही हूँ। पर चंडी तो चंडी ही बनी हुई हैं। मुझ पर वे प्रसन्न ही नहीं होतीं। हे भगवती! नये वस्त्र पहनाऊँगा, यदि मेरी इच्छा पूरी करोगी तो। या फिर-

क्षण क्षण परिवर्तित होती रहती है इच्छा
कब किसकी पूरी हो पायी है इच्छा?
न वस्त्र माँगता हूँ, न धन, न भोग,
माँगता हूँ बस इक पुस भर चावल।

वह भी मुझ अभागे को प्रतिदिन नहीं मिलता। निर्जन वन में बना हुआ है यह देवालय, न यहाँ नैवेद्य चढ़ता है, न देवता का प्रसाद, न भोग। पर पुरखो का यही व्यवसाय रहा है देवपूजा। उसे छोड़ कर और कहीं जा भी नहीं सकता। यहीं भूख और बुढ़ापे से मर खप जाऊँगा।

*(नेपथ्य से-- दूर हटो, दूर हटो!)*

**शाक०-** अरे, ये कौन लोग हैं, जो दूर हटो दूर हटो की कर्णकटु चीख पुकार से इस सूने परिसर को गाँव बनाये दे रहे हैं? देखूँ तो। *(परिक्रमा कर के)* - दूर से धूल उठती दिखती है। बड़ी भीड़ है आने वालो की। ऐसा कोलाहल तो यहाँ नवरात्र के उत्सव में भी नहीं होता, जब पास के गाँवो से लोगो के रेले के रेले चले आते हैं। *(फिर से परिक्रमा कर के, सुनने का अभिनय करता हुआ)*- अरे, घोड़े हिनहिना रहे हैं! हाथियो की चीख भी तो सुनाई पड़ रही है। *(घबरा कर)*- तो क्या यवनो की सैना हमारे मंदिर पर आक्रमण कर रही है? *( उचक कर दूर तक देखने का नाट्य करता हुआ)*- न। डरने की कोई बात नहीं। आगे जो रथ है, उसकी पताका पर वीणा का चित्र है। लगता है, प्राण निकलते निकलते लौट आये।



*(उदारसिंह और तेजसिंह का प्रवेश)*

**दोनो-** हटो, दूर हटो!

*(शाकटायन दोनो पर जोर से हँसता है।)*

**उदार०-** अरे, तेजसिंह, यह कौन है, जो हम दोनो को देख कर ऐसे हँस रहा है?

**तेज०-** कोई पागल लगता है।

**शाकटा०-** हमें पागल कह रहे हो? अरे पागल तो तुम दोनो हो!

**तेज०-** अरे कौन है तू, इस लाठी से खोपड़ी फोड़ दूँगा तेरी--

**शाकटा०-** मैं अभागा दरिद्र ब्राह्मण अब चाहता भी यहीं हूँ।

**उदार०-** तेजसिंह, ढिठाई मत कर, लगता है ये तो इस मंदिर के पुजारी हैं।

**शाकटा०-** ठीक जाना भैया! मैं भरद्वाज गोत्र में जन्मा तैत्तिरीय शाखा का अध्येता पंक्तिपावन ब्राह्मण हूँ। नाम है शाकटायन। कुल की परंपरा से इस मंदिर में पूजा का काम मिला है, सो वह करता हूँ। आप लोग कौन हैं, यहाँ कैसे आये? यह पीछे जो आ रही है, वह किसकी सैना है?

**तेज०-** अरे पहले तो तुम यह बताओ कि तुम हमें देख कर हँसे क्यों?

**उदार०-** तेजसिंह! ये पुजारी जी हैं। अब इनसे क्या सवाल करना?

**शाकटा०-** भैया, आप लोगो की हँसी उड़ाने के लिये नहीं हँसा मैं। मैं यहाँ अकेला रहता हूँ। मेरे न आगे कोई है, न पीछे। देवी हैं, उन्हीं से बात करता हूँ, उन्ही की पूजा करता हूँ। नहीं तो यहाँ तो हँसने का भी कोई अवसर नहीं मिलता। बहुत दिनो के बाद हँसी आयी। इसलिये कुछ अधिक ही हँस लिया।

**तेज०-** अरे , पर हँसी का कोई कारण तो होगा।

**शाकटा-** सो तो है। बिना कारण नहीं हँसा मैं।

**तेज०-** तो सुने हम भी किस कारण से ब्राह्मण देवता को ऐसी हँसी आयी हमारे ऊपर ! क्या हमारे माथो पर सींग उगे हुए हैं।

**शाकटा०-** बात यह थी कि न तुम लोगो के आगे कोई है न पीछे। इस निर्जन वन में तुम लोग "हटो, दूर हटो" चिल्लाते हुए आ रहे थे, तो इस बात पर मुझे आ गयी हँसी।

**तेज०-** इसमें तो हँसी की कोई बात नहीं है।

**उदार०-** ब्राह्मण देवता, इसकी बातो का बुरा मत मानना। ये तेजसिंह है। ऊपर ऊपर से बड़ा कड़ा बोलता है नारियल की खाल की तरह। पर भीतर से उसकी गिरी की तरह मुलायम है।

**शाकटा०-** हाँ, सो तो है।

**उदार०-** तेजसिंह, ये ब्राह्मण देवता बड़े समय से इस निर्जन वन में रहते हैं, इन्हे राजव्यवहार का क्या पता? स्वाभाविक था इनका हँसना। तो गुस्सा मत करो। *(शाकटायन से)* ब्राह्मण देवता! यह तो हमारी जीविका ही है। जब जब राजकुमारी की सवारी निकलती है, तब तब हम रास्ते पर 'दूर हटो, दूर हटो' चिल्लाते हुए चलते हैं। पापी पेट जो कराता है, सो करते हैं।

**शाकटा०-** ठीक कहा भैया। इस पेट के कारण क्या क्या नहीं करता है प्राणी। फिर भी मैं यह जानना चाहता हूँ कि ये राजकुमारीजी हैं कौन, और यहाँ किसलिये आ रहीं हैं। आपको बुरा न लगे, तो इतना तो बताओ।

**उदार०-** ब्राह्मण देव, ये प्राणपुर के महाराज ब्रह्मदेव की पुत्री हैं, जिन्हें गुरुजन शारदादेवी के नाम से बुलाते हैं। ये स्वयं सारी कलाओ में विशारद हैं और सचमुच शारदा ही हैं। तो ये आ रहीं हैं यहाँ। इनकी नानी रहती हैं ज्ञानपुर में। यहाँ से ये ज्ञानपुर जायेगीं।

**शाकटा०-** राजकुमारी जी के आगमन यह स्थान धन्य हुआ।

**तेज०-** अब कुछ हम भी पूछें?

शाकटा०- पूछिये, अपनी मर्जी से पूछिये।

**तेज०-** सामने पाँच रास्ते हैं।

**शाकटा०-** सो तो है, पाँच रास्ते खुले हुए हैं।

**तेज०-** इनमे से ज्ञानपुर का रास्ता कौन सा है?

**शाकटा०-** देखिये आप लोग। पीछे से जो रास्ता आ रहा है, उससे हो कर तो आप लोग आये ही हैं, प्राणपुर से।

**उदार०-तेज०-** हाँ , ठीक।

**शाकटा०-** उसके बायीं ओर से जो रास्ता जा रहा है, वह विदेह गाँव जाता है।उसके उल्टी दिशा में दाहिनी ओर जो रास्ता है, उसे देख रहे हैं?



**दोनो-** हाँ देख रहे हैं।

**शाकटा०-** वही है ज्ञानपुर का रास्ता।

**उदार०-** आप तो सचमुच हमारे पथप्रदर्शक हो गये।

**शाकटा०-** एक प्रार्थना है मेरी।

**उदार०-** आप आदेश कीजिये। आप हमारे पूजनीय हैं। आप आदेश कर सकते हैं।

**शाकटा०-** राजकुमारी जी मंदिर में पूजा कर के एक क्षण विश्राम कर के यहाँ से जायें, जिससे हमारा भी बड़ा गौरव बढेगा।

**उदार०-**यह तो आपकी कृपा होगी। हमारी समझ में राजकुमारी जी का भी यही विचार है कि इस स्थान पर थोड़ा रुकना है।

*(नेपथ्य से कोलाहल)*

**उदार०-** लगता है राजकुमारी जी अपनी सखियो के साथ आ ही गयी। तो हम भी अपना काम निपटायें।

*(एक ओर से शाकटायन और दूसरी ओर से उदारसिंह व तेजसिंह का प्रस्थान)*

*।।विष्कम्भक समाप्त।।*

*(निरंजन का प्रवेश)*

**निरं०-** किसी तरह माँ को समझाया, आत्माराम और मनसाराम को सारी बात बताई और मैं चल पड़ा हूँ ज्ञानपुर। भोर से ही चल रहा हूँ। पता नहीं और कितनी दूर रह गया है ज्ञानपुर। विदेह गाँव से सिवान से बाहर आया, तो घना जंगल मिला । उसे भी पार किया , तो यहां तक पहुँचा। *(परिक्रमा करके , सामने देख कर)*- यह तो चौराहा है। किस रास्ते से जाऊँ? श्यामा, ए श्यामा? क्या रास्ता जानती हो आगे का?

*(नेपथ्य से चिड़िया का चहकना)*

ठीक कह रही हो तुम। अरे जैसे मैं गाँव से पहली बार बाहर निकला, ऐसे ही तुम भी। तो फिर किससे पूछूँ रास्ता?

किससे पूछूँ रास्ता?
इतनी दुर्गम विकट राह मैं चलकर आया
पेडो, बेलो और झाड़ियो से घिरी हुई जो
वन के हिंसक जीव जंतुओ से भरी हुई जो

उबड़खाबड़ गड्डो वाली
बिछे हुए हैं जिस पर काँटे
खड़ा हुआ इस चौराहे पर
नहीं जानता मुझे किधर से आगे जाना है।
*(परिक्रमा करता है। नेपथ्य से गीत)*
भटक रही है बुद्धि इधर
खड़ा हुआ मैं चौराहे पर
नहीं जानता मुझको किस पथ पर
आगे जाना होगा
रस्ते पाँच यहाँ मिलते हैं,
सूना जंगल आसपास है।

**निरं०-** बायीं और एक पुरानी झोपड़ी दिख रही है। दाहिनी ओर कोई मंदिर है। प्यास भी बहुत लगी है मुझे। देखता हूँ झोपड़ी में कोई हो, और मुझे पानी पिला दे। *(परिक्रमा कर के प्रवेश का अभिनय कर)*- कोई है?

*(चरखा चलाती हुई बुढिया प्रवेश करती है)*

**निरं०-** माता जी! प्रणाम!

**बुढिया-** जीता रह।

**निरं०-** माता जी! पानी मिलेगा क्या?

**बुढिया-** *(हँस कर)*- पानी? पंनी यहाँ कहाँ ? पानी तो आकाश में है।

**निरं०-** माताजी! क्या कात रही हो इस चरखे से?

**बुढिया-** इस चरखे से दो पक्षी निकलते हैं। उनमें से एक पीपल का फल खाता है, एक केवल देखता है।

**निरं०-** पता नहीं क्या कह रही हो। चलता हूँ मैं।

**बुढिया -** कहाँ जा रहा है बच्चा?

**निरं०-** ज्ञानपुर के गुरुकुल में जाऊँगा विद्या पढने के लिये।

**बुढिया-** गुरुकुल जायेगा? वहाँ को अविद्या पढाई जाती है, विद्या नहीं। सामने मंदिर देख रहा है? वहाँ चला जा। तुझे तेरी विद्या वहाँ मिलेगी। *(प्रस्थान)*

**निरं०-** कुछ समझ में तो आती नहीं है तुम्हारी उलटपुलट बातें। ठीक है, चलता हूँ। *(परिक्रमा करता है। थकान का अभिनय करता*



*हुआ)*- दोपहर हो गयी। बहुत थक गया हूँ। ऊपर से सूरज माथे पर तप रहा है। सबेरे नहा-धो कर चला था, अब पसीने में नहा रहा हूँ। पाँव भी पिराने लगे। अब तो लगता है एकदम असहाय हो गया हूँ। कहाँ थकान दूर करूँ। श्यामा भी तो नहीं दीख रही। लगता है दोपहर के इस घाम ने उसे भी बेहाल कर दिया है।

बिचारी किसी पेड के कोटर में दुबक गयी होगी। *(ऊँचे स्वर में पुकारता हुआ)*- श्यामा, श्यामा! कहाँ मिटाये हम लोग अपनी थकान?

*(नेपथ्य से चिड़िया का कूजन)*

अरे, वह रही उधर। पूर्व दिशा में उस बबूल के पेड़ पर बैठी उसी ओर आने का संकेत कर रही है। (परिक्रमा करता है)- बड़ा अच्छा लगा। फुहार से भरी हवा ने छुआ है। प्राण लौट आये। पास में ही तालाब होगा। लगता है श्यामा ने उड़ उड़ कर ऊपर ऊपर से सारा प्रदेश देख डाला है। *(सुन कर)* क्या? घंटियो का स्वर? देवी की स्तुति गायी जा रही है ऐसा लगता है। तब तो तालाबके किनारे मंदिर भी है। उस बुढिया ने भी तो यही बतलाया था। *(बुढिया के स्वर की नकल करते हुए)*- सामने मंदिर में चला जा। वहाँ तुझे तेरी विद्या मिलेगी! *(हँसता है)*- श्यामा! भइ बड़ा अच्छा रास्ता बताया तू ने तो! *(फिर से परिक्रमा कर, देख कर)*- यह रहा वह मंदिर। पीछे बहुत बड़ा तालाब है। वाह, आँखें जुड़ा गयीं!

पसीने में नहाया तपता तन
क्लांत शिथिल मन
पानी को छू छू कर बहता हुआ पवन
करता है इसका आलिंगन

अरे मीठे मीठे अमरूद भी लगे हैं। पहले नहा कर देवी की पूजा करूँगा, फिर करूँगा पेटपूजा। *(परिक्रमा कर, देख कर)*- अरे तालाब पर तो भीड़ है। सामने ही शस्त्रधारी पहरेदार खड़े हैं। अरे, स्त्रियाँ भी हैं। क्या करूँ। क्या ये लोग मुझे नहाने धोने न देंगे?

*(आशंकित भाव से आगे बढता है। उदारसिंह और तेजसिंह का प्रवेश)*

**तेज०-** *(निरंजन को देख कर)* ए! रुक, रुक! किधर चला?

**निरं०-** श्रीमान् जी मैं एक विद्यार्थी बालक हूँ। बड़ी दूर से आ रहा हूँ। थका हुआ हूँ। तालाब में स्नान कर के देवी का दर्शन कर के आगे चला जाऊँगा।

**तेज०-** इधर नहीं जा सकता तू।

**निरं०-** किसलिये भाई?

**तेज०-** अरे, हम रोक रहे हैं और तू सुनता ही नहीं! इस लाठी से खोपड़ी फोड दूँगा, तब पता चलेगा किसलिये!

**उदार०-** तेजसिंह, ज्यादा रोष मत दिखा। इस बिचारे बालक को क्या पता हम किसलिये रोक रहे हैं। *(निरंजन से)* देख बच्चे, हम हैं राजसेवक। हम अपने धर्म का पालन कर रहे हैं।

**निरं०-** इस तालाब में जो नहाने के लिये जाये, उसे न जाने दिया जाय-- यही धर्म है आप लोगो का?

**तेज०-** देखो! लौंडे की ढिठाई देखो! जबान तो कैंची कीतरह चल रही है!

**उदार०-** बच्चे, यह हमारा नित्य का धर्म नहीं। किसी कारण से आज हम यह धर्म निभा रहे हैं।

**निरं०-** तो जानना चाहता हूँ किस कारण से आप यह ऐसा धर्म निभा रहे हैं।

**तेज०-** अरे, तेरे जानने न जानने से क्या? एक बार कह दिया यहाँ भाग। एक पाँव भी आगे बढाया, तो खैर नहीं!

**निरं०-** कितनी मधुर वाणी है राजसेवको की!

**तेज०-** अरे, मेरी हँसी उड़ा रहा है! मूर्ख, अब अपनी मूर्खता का फल भोग!

*(लाठी से उसके ऊपर प्रहार करने को उद्यत होता है।)*

उदार०- अरे , तेजसिंह, इतना गुस्सा मत कर।यह बच्चा भोला है। इसको क्षमा कर देना चाहिये। (निरंजन से)- बच्चे, प्राणपुर की राजकुमारी इस घाट पर नहा रहीं हैं। इसलिये रोक रहे हैं हम।

**निरं०-** यदि राजकुमारी जी इस घाट पर नही रही हैं, तो मैं दूर उस घाट पर जा कर नहा लेता हूँ।

**तेज०-** अरे कहीं भी जा कर नहीं नहा सकता लौंडे! पाँव तोड़ कर



रख दूँगा।

*(मति का प्रवेश)*

**मति-** उदारसिंह, राजकुमारी का कह रहीं हैं—

**उदार०-** *(सादर)* -क्या आदेश है राजकुमारी जी का?

**मति-** हम लोगो के यहाँ आने से नहाने को या दर्शन को आये दूसरे लोगो को कोई कष्ट न हो। लोगो को किसी तरह का कोई त्रास नहीं होने देना है।

**निरं०-** वाह! राजकुमारी जी तो धर्म का बड़ा ध्यान रखती हैं। पर उनके सेवक उतने ही उद्दंड हैं।

**मति-** उदारसिंह! कौन हैं ये महाशय?

**उदार०-** कोई बच्चा है। कहता है नहाना है। यदि राजकुमारी जी का आदेश हो, तो यह उधर दूर वाले घाट पर जा कर नहा लेगा।

**मति-** न, न। इन बिचारे को दूर जाने का क्लेश क्यो दिया जाय? नहा ही तो चुके हम लोग सब। ये यहीं आ कर नहा लें।

**निरं०-** देवीजी, बड़ी कृपा आपकी।

**मति-** इसमें कृपा की क्या बात? तालाब को सब के लिये है।

**निरं०-** यदि सब ऐसा ही सोचने लगें, तो धरती पर स्वर्ग ही न उतर आये।

**मति-** बड़ी अच्छी अच्छी बाते करते हैं आप। कहाँ से आ रहे हैं, और कहाँ जायेगें?

**निरं०-** देवी जी, मैं पास के एक गाँव से आ रहा हूँ। गाँव का नाम विदेह है। अध्ययन के लिये ज्ञानपुर जाना है।

**मति-** ज्ञानपुर? वहीं तो हम लोग भी जा रहे हैं।

*(सखियो के साथ राजकुमारी शारदा का प्रवेश)*

**शारदा-** मति, किससे बात कर रहीं हो?

**मति-** राजकुमारीजी, ये कोई ब्रह्मचारी जी हैं, जो यहाँ नहाना चाहते हैं। पर इस तेजसिंह के तेज ये यहीं अटककर रह गये।

**शारदा-** मैं जानती थी कि यह तेजसिंह अवश्य कुछ उल्टा सीधा कर बैठेगा। इसीलिये तो मैंने तुझे भेजा था।

**निरं०-** देवीजी, क्या ये ही आप की राजकुमारी जी हैं?

**मति-** और क्या?

**निरं०**- मुझे कुछ पूछना है इनसे।

**मति**- राजकुमारीजी, ये महाशय कुछ पूछना चाहते हैं।

**शारदा**- *(निरंजन को देख कर, मन में)*- बड़ा सुदर्शन किशोर है। *(मति से)* मति, इनसे महोदय से कहो अपना प्रश्न प्रस्तुत करें।

**मति**- पूछिये महोदय जी।

**निरं०**- राजा का धर्म है प्रजा का पाल न करना,प्रजा को त्रास देना नहीं। पर आप लोग क्या प्रजा को आतंकित कर के ही राज चलाते हैं?

**धृति**- भाई, हम लोग भला क्यो आतंक उत्पन्न करेगें?

**शारदा**- मति, इनसे पूछो, किसने इन्हें आतंकित किया है।

**निरं०**- आपके ही इस सेवक ने तो।

**तेज०**- राजकुमारी जी, यब बालक बहुत चपल है। जहाँ आप स्नान कर रहीं थीं, वहीं यह जाना चाह रहा था। हमने तो बस इसको रोका भर था--

**शारदा**- *(निरंजन से)*--महानुभाव, यह सेवक स्वभाव से उग्र है। मैं जानती हूँ इसको। इसने जो उद्दंडता की, उसके लिये मैं आपसे क्षमा माँगती हूँ।

**निरं०**- चलिये, बात समाप्त। आपने इतना कह दिया, उसी से मैं संतुष्ट हूँ। तो अब आप की आज्ञा हो, तो मैं इसी घाट पर जा कर स्नान कर लूँ?

**सखियाँ**- स्वेच्छा से जाइये, स्वेच्छा से।

**निरं०**- सबसे पहले यही करना है। *(पुकारता हुआ)* श्यामा, श्यामा! आ, तू भी आचमन कर ले।

*(नेपथ्य से चिड़िया की आवाज। निरंजन का प्रस्थान।)*

**मति**- उदारसिंह, घुड़सवारो और महावतो से कह दो- जब तक राजकुमारी जी देवी के दर्शन कर रहीं है, पशुओ का चारा-पानी कर लें।

**उदार०**- जैसी आप की आज्ञा।

**धृति**- तेजसिंह!

**तेज०**- आज्ञा दीजिये देवी जी!

**धृति**- क्या आज्ञा दे दूँ? तेरी जीभ सदा विष ही क्यो उगलती है?



**तेज०**- जी, बात यह है-- ऐसी बात है कि ---

*(सब हँसती हैं।)*

**धृति**- जा, रसोइयो से कह दे - राजकुमारी के लिये कलेवा तैयार करें--

**तेज०**- जैसी आपकी आज्ञा-- *(प्रस्थान)*

**शारदा**- आओ, सखियो देवी की पूजा करें--

*(सब परिक्रमा करते हैं)*

**स्मृति**- तुम लोगो ने सुना? स्नान के लिये जाते समय उस बालक ने किसी श्यामा को पुकार कर कुछ कहा था! पर श्यामा-वामा तो वहाँ कोई दिखाई न दी!

**मति**- फिर श्यामा कौन है- यह पता लगाना चाहिये।

**धृतिः**- श्यामा उसकी पत्नी होगी, या प्रिया होगी--

**प्रज्ञा**- क्या कह रही हो? उसके मूँछें तक तो उगी नहीं हैं अभी---

**मति**- पर बोलता बहुत है।

**धृति**- और कुछ पागल सा भी है--

**मति**- लगता है राजकुमारी जी को देख कर पगला गया होगा। राजकुमारीजी, आपका क्या विचार है?

**शारदा**- मैं समझती हूँ कि वह न विक्षिप्त है, न वाचाल। वह सत्य बात कहता है।

**प्रज्ञा**- फिर तो वह बालक धन्य है, जो आपकी प्रशंसा का इसतरह पात्र बना।

*(सब परिक्रमा करती हैं।)*

**धृति**- यह रहा देवी का मंदिर। आइये, आइये राजकुमारी जी। हम लोग भीतर चलें।

*(सब प्रवेश का अभिनय करती हैं।)*

**शारदा**- *(देख कर)*- कितना सुंदर रूप है देवी का! पर देवी के कोई अलंकार नहीं। इनके तो वस्त्र भी बहुत जीर्ण शार्ण हैं। कौन है यहाँ पुजारी?

**शारदा०**- *( प्रवेश कर के)*- स्वागत हो राजकुमारी जी का। मैं हूँ यहाँ पुजारी।

**शारदा**- ब्राह्मण देवता, देवी का कोई साजसिंगार नहीं किया गया।

वस्त्र भी फटे पुराने पहने हुए हैं वे।

**शारदा०**- सत्य कह रही हैं आप।

क्या वसन पहनाऊँ देवी को
मेरी दृष्टि ही है वसन
क्या नैवेद्य करूँ इनको अर्पण
साँसो का ही नैवेद्य समर्पित मैं इनको करता हूँ।
और करूँ क्या इनका पूजन
जो कुछ कहता हूँ वह ही है इनका पूजन
नित प्रति जो कुछ मैं करता हूँ
वह ही होता है देवी का वंदन।

**शारदा**- मैं समझ गयी आर्य! आप दुखी मत होइये। यह तो हमारे राजकुल कुल की प्रतिष्ठा है कि आप के जैसा पंडित यहाँ निवास कर रहा है। ठीक है, देवी की आराधना पहले कर लें।

*(सब प्रणाम करती हैं।)*

**शाकटा०**- *(पूजा कराने का अभिनय करता हुआ)*-

जय जय शरणागतत्राणदे प्राणदे
कालिके सत्प्रभामालिके भक्तिदे!
जय जय जय शुभ्रमाभास्वरे! दिव्यमाल्याम्बरे!
दिव्यरूपांचिते, वंदिते!
जिस नर पर तुम कृपा देती हो कर
मंदबुद्धि भी वह होता बुद्धिमान्
जडमति हो जाता ज्ञानवान्
सकल कलाओ से सदा अलंकृत हो कर
शारदा की वीणा की झंकारो में
वह बजता बन कर एक स्वर।

*(निरंजन का प्रवेश)*

**निरं०**- चलो स्नान आदि तो हो गया। अब देवी का दर्शन कर के थोड़ा खा पी कर आगे बढ़ूँ। ज्ञानपुर का शेष बचा रास्ता भी तय करना है। तो मंदिर के भीतर प्रवेश करता हूँ। *(प्रवेश का अभिनय कर के, देख कर)* अरे, यहाँ भी वही राजकुमारी!

**मति**- चले-आइये, चले आइये। मंदिर मे किसी के प्रवेश पर कोई रोक नहीं।



**निरं०**- *(भीतर प्रवेश कर के देवी की स्तुति करता है)*-

सुखद बने माँ तेरा दर्शन।
सारे दुःखो का यह भंजन,
यह सारे दोषो का नाशन।
करे सदा सत्पथ-प्रकाशन
यही प्रार्थना करे निरंजन

*(प्रणाम करता है।)*

**प्रज्ञा**- कितना मधुर कंठ है।

*(सखियाँ साभिप्राय शारदा को देखती हैं।)*

**मति**- भाई, हमारी राजकुमारी जी पूछ रही हैं--आपने गांधर्वविद्या कहाँ से सीखी?

**निरं०**- महोदया, गांधर्वविद्या क्या होती है मुझे नहीं पता। मैं तो एकदम अपढ ग्रामीण हूँ।

**प्रज्ञा**- ऐसा मत कहिये।

भले ही न हो अध्ययन , बोध और आचरण
फिर भी विद्या का हो सके प्रकाशन
कभी किसी के भी मानस में
बिजली जैसे रहती छिप कर बादल में।

**धृति**- चलिये माना कि आपने गांधर्व विद्या नहीं सीखी। पर यह तो बताइये कि यह गीत आपने किससे सीखा?

**निरं०**- इसतरह के गीत मेरे मुख के स्वयं निकल पडते हैं। शब्द और अक्षर नहीं पहचानता। पर गीत जोड़ लेता हूँ।

**मति**- बहुत गप्प मारता है यह बटु तो!

**शारदा**- मति , अकारण किसी के लिये अनास्था प्रकट मत करो। जो दूसरो का कुछ नहीं लेते, उनके भीतर सरस्वती स्वयं अपने को प्रकट कर देती है।

**निरं०**- महोदया, अधिक बात बढाने से क्या? मेरा समय खोटी हो रहा है। तो आप सब लोगो से आज्ञा लेता हूँ। मैं शीघ्र ज्ञानपुर पहुँचना चाहता हूँ।

**शारदा-** ज्ञानपुर जाना है आपको? वहीं तो हम लोग भी जा रहे हैं।

**प्रज्ञा-** *( शारदा का संकेत समझ कर साभिप्राय)-* अब इतना लंबा रास्ता ये बिचारे पैदल कैसे तय करेगें। हमारे पास दो रथ हैं। यदि राजकुमारीजी की अनुमति हो, तो पीछे वाले रथ पर ये भी बैट कर हमारे साथ चले चलें।

*(शारदा संकेत से अनुमति दे देती है।)*

**प्रज्ञा-** *(निरंजन से)-* भाई, हमारी राजकुमारी जी कह रहीं हैं कि हम लोग भी ज्ञानपुर ही जा रहे हैं, और दो रथ हैं हमारे पास। तो आप दूसरे रथ में हमारे साथ चल सकते हैं।

**निरं०-** यह तो बड़ी कृपा है आप की। मैं आप लोगो का बहुत ऋणी हो गया।

**मति-** *(मुस्कुरा कर )-* अब कंजूसी मत करिये। इसमें ऋणी होने की क्या बात? आप वाहन का किराया चुकाइये और ऋण से मुक्ति पाइये।

**निरं०-** *(दीनतापूर्वक)* तो फिर पैदल ही चला जाऊँगा। मेरे पास तो कानी कौड़ी तक नहीं है।

**शारदा-** *(कुछ भर्त्सना के साथ)* मति, ऐसी हँसी मत करो।

**मति-** महाशय जी आप कुछ और मत समझिये। हम उस तरह का किराया नहीं माँग रहे, जैसा आप समझ रहे हैं। हम कुछ और ही तरह का किराया चाहते हैं।

**निरं०-** सो कैसा?

**मति-** वो ऐसा कि मार्ग में ठहर ठहर कर आपके मुख से अमृत के रस जैसा गाना सुनते हुए जायेगें।

**सब-** यह तो हम सभी चाहती हैं।

**निरं०-** मैं कोई ऐसी गायक थोड़े ही हूँ। आप लोग तो बिना कारण मुझे ऊपर चढाये दे रहीं हैं।

**प्रज्ञा-** तो फिर आइये। चलें।

*( सब परिक्रमा करते हैं।)*

**धृति-** उदारसिंह, सारथियो से कहो-- दोनो रथ सामने ले आयें।

**उदार०-** *(प्रवेश कर के)* रथ तैयार हैं। चढिये आप लोग।

**शारदा-** आओ सखियों इधर से आओ।



**प्रज्ञा-** *(निरंजन से)* महोदय, आप पीछे के रथ पर चढ जाइये।

**निरं०-** *(हड़बड़ी मे)-* कितना ऊँचा होता है राजा लोगो का रथ। *(चढने का अभिनय करता है)-* लगता है आकाश में चढा दिया गया हूँ। *(पुकारता हुआ)-* श्यामा, कहाँ हो? *(नेपथ्य से चिड़िया का कूजन)* तो यह विचारी साथ आ ही रही है।

*(सब रथ गमन का अभिनय करते हैं।)*

**स्मृति-** राजकुमारी जी, सुना आपने? उस बटु ने फिर "श्यामा. श्यामा" कह के जोर से पुकारा। पर यह श्यामा है कौन पता नहीं चल पा रहा।

**शारदा-** श्यामा का लक्षण शास्त्रो में पढा है मैंने। श्यामा षोडशी नायिका होती है।

**प्रज्ञा-** पर यह बटु तो सोलह वर्ष का नहीं लगता।

**शारदा-** पराये व्यक्ति के विषय में बात क्यो करें हम?

**निरं०-** (रथ के वेग का अभिनय करता हुआ)-

दूर बहुत है मुझको जाना,
लंबे रस्ते खुले हुए हैं आगे।
कुछ सुजन मिले, कुछ अच्छे लोग मिले
मिल कर फिर बिछड़े ये किधर चले?

*(सब का प्रस्थान)*

**(द्वितीय अंक समाप्त)**

## तृतीय अंक

*(दो बटुओ का प्रवेश)*

**पहला-** चांद्रायण! बड़ी देर लगा दी तुम ने! स्वाध्याय के समय विलंब करने से गुरुजी कुपित हो जाते हैं--

दूसरा- क्या करें मैया कृच्छ्रायण! गुरुआइन ने आदेश दिया कि जवाकुसुम ले कर आओ। तो कहीं नहीं मिले जवाकुसुम। बात यह है कि जवाकुसुम कैसा होता है - यह हम जानते ही नहीं। साहित्य में तो पढते हैं जपाकुसुमसंकाशम्-- इत्यादि, पर जपाकुसुम क्या बला है यह प्रत्यक्ष प्रमाण से नहीं जानते, न अनुमान से। तो यह भी जवाकुसुम नहीं है, यह भी जवाकुसुम नहीं-- ऐसा कर के बौद्ध दर्शन के अनुसार अपोह लगाते हुए हम जवाकुसुमढूँढते रहे। अपोह की प्रक्रिया तो बड़ी लंबी चलती है, इसलिये जवाकुसुम ढूँढने में बड़ा वलंब हो गया।

**कृच्छ्रा०-** चांद्रायण! जपाकुसुमत्व क्या जाति है-- इस पर पहले विचार करना चाहिये। मेरी समझ से जो जैसा आकाशकुसुम वैसा जपाकुसुम।

**चांद्रा०-** न भैया! हम नैयायिक आकाशकुसुम की तो सत्ता ही स्वीकार नहीं करते।

**कृच्छ्रा०-** अरे मूर्ख! उसकी तो सत्ता मन में होती है।

**चांद्रा०-** पर मन की सत्ता से तो गुरुपत्नी का मन नहीं रखा जा सकता। वे ठहरी बड़ी झगड़ालू, साक्षात् चंडिका। हमारे विषय में नमक मिर्च मिला कर गुरुजी के सामने कुछ तो कह डालेगीं। तो गुरुजी हम लोगो के आगे तो प्रचंड हो जाते हैं,, गुरुआइन के आगे तो उनकी घिग्घी बँध जाती है। वो पुरुष बन जातीं हैं और गुरुजी नारी। इन दोनो के बीच हम दो पाटो में पिसते रहते हैं। हाँ, तो तुम कहाँ चले?



**कृच्छ्रा०-** मुझे गुरुजी ने इंधन लाने के लिये आदेश दिया था। इंधन का गट्ठर इतना भारी हो गया कि मैं उसको यहीं पटक कर सुस्ता रहा हूँ।

**चांद्रा०-** तब तो तुम्हे गुरु की अवज्ञा का फल मिलेगा।

*(निरंजन का प्रवेश)*

**निरं०-** भाग्य की बात कि मैं राज रथ पर चढ कर यहाँ ज्ञानपुर तक आ गया। मनुष्य के जीवन की दशा भी कैसी रथ के ही पहिये की तीलियो की तरह ऊपर और नीचे होती रहती है।

यह बुढिया का मिलना,जो मंदिर दिखला कर
आँखो के आगे से हुई अचानक ओझ
दर्शन दिव्य जहाँ देवी का पाया, और मिली
राजकुमारी जहाँ मुझे करुणा- प्रीति-मयी
वह मुझको ले आई यहाँ, यह सब लगता है
सपना, फिर भी जाग्रत यह आँखो के आगे।

तो लगता है मैं गुरुकुल में पहुँच ही गया। क्योकि-

मंत्रो की यह सस्वर ध्वनि कानो को पावन
बना रही है गूँज रही है दूर दूर तक।
और इधर गट्ठर के गट्ठर रखे हुए ईधन
ऋषियो मुनियो जैसे वृक्ष इधर मनभावन
स्नेहिल छाया वाले, लदे हुए फूलो से
शाखाओ के मानो निज कर हिला हिला कर
ढाँढस मुझ बँधाते, लगते हैं कहते से --
आ पहुँचे तुम, जहाँ तुम्हें आना था प्रियवर!

या फिर श्यामा का क्या विचार है?

*(नेपथ्य से चिड़िया का कूजना)*

**निरं०-** यह ऐसा ही सोचती है! तो प्रवेश करूँ। *(प्रवेश कर के, ऊँचे स्वर में)*- कौन है भाई यहाँ?

कृच्छ्रा०- अरे चांद्रायण! यह ऊँची नाक किये हुए नाक की सीध में कौन चला आ रहा है - कौन है यहाँ, कौन है यहाँ की पुकार मचाता हुआ? लगता है कोई प्रेत है या पिशाच है। मैं प्रेत-पिशाचादि से बहुत डरता हूँ भैया!

**चांद्रा०**- हम भी बहुत डरते हैं प्रेत पिशाचादि से तो। तो क्या करें? रामरक्षा स्तोत्र का पाठ करते हैं।

**कृच्छ्रा०**- ऐसा करें? पर मेरी जो जीभ पिशाचिनी आगे नहीं बढ रही है।

**चांद्रा०**- तब तक वह व्याकरण के पंडित की तरह आकाश में आँखें ताने हुए आ ही गया।

**निरं०**- (पास आ कर) मैं आप लोगो को नमन करता हूँ।

**कृच्छ्रा०**- चांद्रायण! यह तो नमन कर रहा है।

**चांद्रा०**- तो क्या?

**कृच्छ्रा०**-- आज तक मुझे किसी ने नमन नहीं किया। सुन कर मे चित्त में गुदगुदी होने लगी।

**चांद्रा०**- अरे मूर्ख! कोई नमस्कार करे, तो उसको आशीर्वाद देना चाहिये।

**कृच्छ्रा०**- मैंने तो आज तक कभी किसी को आशीर्वाद नहीं दिया। तो तुम्हीं दे दो।

**चांद्रा०**- ठीक है। हम दिये देते हैं। *(निरंजन से)* तुम्हारा कल्याण हो वत्स! चिरंजीव।

**निरं०**- मैं अनुग्रहीत हुआ। क्या यही पंचानन मिश्र जी का गुरुकुल है?

**कृच्छ्रा०**- पता नहीं गुरुकुल है कि गरलकुल। पर पंचानन रहता है यहाँ। वह तुम्हे निगल न ले, उसके पहले ही यहाँ से भाग लो।

*(निरंजन घबरा कर दोनों को देखता है।)*

**कृच्छ्रा०**- यह मीमांसक दुर्दुरूढ की तरह क्या हमारे मुख ताक रहा है? वहाँ कौन शहद टपकती है?

**निरं०**- आपने क्या कहा यही मेरे समझ मे नहीं आया।

*(कृच्छ्रायण और चांद्रायण हँसते हैं।)*

**चांद्रा०**- कोई अज्ञातकुलशील, अनपढ, अल्पज्ञ और अल्पमति बालक प्रतीत होता है। बालक, तू है कौन,कहाँ से आया, क्यों आया किससे मिलने आया कहाँ जायेगा-- इन पाँच प्रश्नो का उत्तर तत्काल दे।

**निरं०**- भाइयो, ऐसे क्यो डरा रहे हो मुझे? मैं निरंजन हूँ। विदेह



ग्राम का रहने वाला।

**कृच्छ्रा०**- चांद्रायण। अपने को विदेह ग्राम का वासी बतला रहा है। देह ही नहीं है, तो बुद्धि कहाँ से आयेगी। क्यो रे! क्या नाम बताया था?

**निरं०**- निरंजन नाम है मेरा।

**चांद्रा०**- *(नकल उतारता हुआ)*- निरंजन नाम है मेरा। जिसको ज्ञानांजन कभी नहीं मिला, वह हुआ निरंजन।

**कृच्छ्रा०**- यह तो आकृति से दिख रहा है कि तुम हो निरंजन, निरक्षर और निराधार। अब बताओ, यहाँ कैसे चले आये।

**निरं०**- मैंने सुना है कि इस ग्राम में पंचानन मिश्र जी का गुरुकुल है। तो उसमें विद्या सीखने आया हूँ।

**दोनो**- *( अट्टहास करते हुए)*- विद्या सीखना चाहता है बच्चा! हा--हा---

**निरं०**- भाइयो! इसमें हँसी की क्या बात है? परिहास का क्या अवसर है?

**कृच्छ्रा०**- परिहास का अवसर पूछ रहा है! मूर्ख, हमने परिहास किया ही नहीं है।

**चांद्रा०**- हमने तो अट्टहास किया था।

**कृच्छ्रा०**- आठ प्रकार का होता है हास-- स्मित, हास , अतिहास, अट्टहास-- इसीप्रकार --- चांद्रायण! और कौन कौन से भेद हैं?

**चांद्रा०**- शेष भेद ग्रंथ में देख कर समझ लिये जायें।

**निरं०**- भाइयो, यह सब तो मेरे लिये पहेली जैसा है, जो आप कह रहे हैं। मैं ठहरा एकदम निरक्षर।

**कृच्छ्रा०**- हाँ, तू है तो सचमुच निरक्षर। विद्या सीखना चाहता है?

**निरं०**- और क्या?

**चांद्रा०**- और पंचानन मिश्र जी का गुरुकुल खोज रहा है?

**निरं०**- हाँ भाई हाँ।

**कृच्छ्रा०**- वही है यह गुरुकुल। पर यहाँ विद्या नहीं पढाई जाती।

**निरं०**- फिर क्या पढाया जाता है यहाँ?

**कृच्छ्रा०**- यहाँ पढाई जाती है अविद्या।

**निरं०**- अविद्या? वह क्या होती है?

**कृच्छ्रा०**-*( उपहास के साथ)* अविद्या को भी नहीं जानता, विद्या को भी नहीं जानता। इधंर से भी गया और उधर से भी गया।

**चांद्रा०**- मूर्ख! अब तो तेरी मृत्यु ही होगी। जानता नहीं वेदो में क्या लिखा है? नहीं, जानता, तो सुन।

जो विद्या और अविद्या दोनो को संग संग

एक साथ ही जान जाता
वही अविद्या से मृत्यु को कर पार
अक्षय अमृत पा जाता ।

**निरं०**- मैं तो आप लोगो की उल्टी सीधी बातो से चकरा गया। *(आकाश में)* श्यामा! श्यामा! क्या करें अब हम?... यह भी कोई उत्तर नहीं दे रही। मेरी ही तरह चकरा गयी होगी। तो चलें यहाँ से। *(जाने लगता है।)*

**कृच्छ्रा०**- चांद्रायण! इस बालक को जाने मत देना।

**चांद्रा०**- ठीक।

**कृच्छ्रा०**- सुन रे बालक!

**निरं०**- अब क्या कहना है श्रीमान् को?

**कृच्छ्रा०**- विद्या पाना चाहता है तू?

**निरं०**- और क्या?

**कृच्छ्रा०**- तो तू हमारा काम कर। हम तेरा काम करा देंगें। पंचानन गुरु सचमुच में पंचानन ही हैं। वे हर किसी को अपना शिष्य नहीं बनाते।

**चांद्रा०**- हम लोग पंचानन गुरु के पट्टशिष्य हैं। हम लोग कह देंगें, तो वे तुझे शिष्य बना लेंगे।

**कृच्छ्रा०**- इसलिये तू पहले हमारी सेवा कर।

**निरं०**- क्या करना होगा मुझे?

**कृच्छ्रा०**- वह लकड़ी का गट्ठर देख रहा है वहाँ पड़ा हुआ?

**निरं०**- देख रहा हूँ श्रीमान्!

**कृच्छ्रा०**- उसे उठा कर उस कुटिया में रख दे।

**निरं०**- ऐसा ही करता हूँ श्रीमान्! अब आज्ञा दीजिये मुझे और क्या कार्य है।

**कृच्छ्रा०**- *(अपवारित में)*- चांद्रायण! इस बालक ने तो अनायास ही



इतना भारी गट्ठर तिनके की तरह, रुई के ढेर की तरह उठाया और कुटिया में ले जा कर पटक दिया। यह बड़ा काम का मालूम पड़ता है।

**चांद्रा०**- हमको भी यही लगता है। *(निरंजन से)*- सुन रे! जवाकुसुम जानता है?

**निरं०**- जवाकुसुम? हाँ जानता हूँ।

**दोनों**- *(एक दूसरे से साभिप्राय)*- जानता है यह जवाकुसुम।

**निरं०**- इस रास्ते से आते हुए मैंने कई जवाकुसुम के पेड़ देखे थे।

**चांद्रा०**-तो जा कर अंजलि भर कर जवा कुसुम के फूल ले कर आ। देर मत करना।

**निरं०**- यह मैं गया और यह आया। *(ऊपर देख कर)*- श्यामा! आ झटपट चलें!

**कृच्छ्रा०**- चांद्रायण! तू ने कुछ सुना?

**चांद्रा०**-क्या?

**कृच्छ्रा०**- यह लड़का कोई मांत्रिक या तांत्रिक है।

**चांद्रा०**- *(अचंभे में आँखें फाड़ कर, उसके निकट आ कर फुसफुसाता हुआ)* क्या कह रहे हो तुम? तुम्हें कैसे पता चला?

**कृच्छ्रा०**- तुमने सुना नहीं? यहाँ से जब वह चला, तो श्यामा,श्यामा ऐसा पुकारा उसने।

**चांद्रा०**- वह तो तुमने भी सुना, मैंने भी सुना। पर उससे क्या? श्यामा तो भगवती को कहते हैं। जैसे कि किसी स्तोत्र में श्यामा देवी की स्तुति आती है। कौन सा स्तोत्र है याद नहीं आ रहा।

**कृच्छ्रा०**- मूर्ख, श्यामा है कौन--- यह प्रश्न विचारणीय है। श्यामा कोई कृत्या होगी---

**चांद्रा०**- (डर कर) - कृत्या!---

*(हाथ में जवाकुसुम लिये हुए निरंजन का प्रवेश)*

**कृच्छ्रा०**--- श्श! अब चुप हो जा। वह आ रहा है।

**निरं०**- श्रीमान् जी! यह मैं जवाकुसुम ले आया हूँ।

**चांद्रा०**- क्यों रे! ये ही हैं जवाकुसुम?

**निरं०**- और क्या श्रीमान् जी?

**कृच्छ्रा०**- मेरे मत से तो ये जवाकुसुम नहीं हैं।

**निरं०**- तो फिर ये कौन से फूल हैं?

**कृच्छ्रा०**- ये बवाकुसुम होंगें। या फिर चांद्रायण, तुम्हारा क्या मत है? इस संबंध में पहले विचार कर लिया जाय।

**चांद्रा०**- यदि गुरुआइन मान लें कि ये ही हैं जवाकुसुम, तो हमें विचार फिचार करके क्या करना?

**निरं०**-*(हँसता हुआ)*- समझ गया मैं। जवाकुसुम क्या होते हैं-- आप लोग दोनो नहीं जानते। श्यामा, श्यामा! ये लोग जवाकुसुम भी नहीं जानते! हा--हा---

**कृच्छ्रा०**- धिक्कार है मूर्ख! हम पर ही हँस रहा है! ऐसा शाप देंगे कि दूर दूर तक तेरा नाम भी नहीं रहेगा।

**चांद्रा०**- हमें क्या समझता है रे तू? हम हैं कौशिक गोत्र में जन्मे चारायण शाखा के पढने वाले चांद्रायण।

**निरं०**-*(मुस्कुराता हुआ)*- नमस्कार है आप को।

**कृच्छ्रा०**- और मैं हूँ भरद्वाज कुल में जन्मा तैत्तिरीय शाखा का अध्वर्यु पंक्तिपावन कृच्छ्रायण।

**निरं०**- मैं धन्य हुआ आपके दर्शन पा कर। मैं हूँ निरंजन, बिना विशेषण का केवल निरंजन। आप लोग बड़े हैं और बड़े अच्छे हैं। आप लोग दोने मेरे बडे भाई हैं।

**दोनो**- हाँ अब ठिकाने की बात कह रहा है।

**निरं०**-मैंने आप लोगो का काम कर दिया। अब आप लोग मेरी सहायता कीजिये।

**कृच्छ्रा०**- बता क्या करना है।

**निरं०**- गुरुवर पंचानन मिश्र जी जिस तरह से मुझे अपना शिष्य बना लें वैसा कीजिये।

**चांद्रा०**- इसमें क्या कठिनाई है? हम लोग पंचानन गुरु जी के पट्ट शिष्य हैं।

देख, गुरुजी रहते हैं गुरुआइन के बस में। हम गुरुआइन के खास आदमी हैं।

**निरं०**- खास आदमी?

**चांद्रा०**- अरे भाई, तू तो बिल्कुल निरक्षर है। देख, गुरुआइन पूजा के लिये फूल



वूल मँगवाने जैसे बढिया काम हमीं से कराती हैं। अब समझा?

**निरं०**- समझ गया।

**कृच्छ्रा०**- मैं तो गुरुजी का ही खास आदमी हूँ। वे अग्निहोत्र के लिये समिधा लाना हो तो मुझी से कहते हैं। जो मैं कहता हूँ, वह वे सब मानते हैं।

**निरं०**- मैं हर तरह से आप लोगो का चाकर हूँ।

**चांद्रा०**- तो फिर आ। गुरुजी उधर स्वाध्याय कक्ष में प्रवचन कर रहे हैं। मैं ये जवाकुसुम गुरुआइन को दे कर अभी आया। *(चला जाता है।)*

*(कृच्छ्रायण परिक्रमा करता है। निरंजन उसका अनुसरण करता है।)*

***(सपरिवार पंचानन मिश्र का प्रवेश)***

**पंचा०**- अमरा निर्जरा देवास्--

**शिष्य**- अमरा निर्जरा देवास्--

**पंचा०**- त्रिदशा विबुधाः सुराः--

**शिष्य**- त्रिदशा विविधाः सुराः--

*(कृच्छ्रायण पास जा कर प्रणाम करता है। निरंजन दूर खड़ा रहता है।)*

**पंचा०**- अरे कृच्छ्रायण, इंधन लाना था आज। वह ले आया?

**कृच्छ्रा०**- ले आया गुरुजी!

**पंचा०**- तो तू भी अमरकोश का स्वर्गवर्ग कंठस्थ कर।

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी, यह कोई बालक दीक्षा के लिये आया है।

**पंचा०**- कौन है यह?

**निरं०**- *(दूर से ही प्रणाम कर के)* गुरुजी, मैं निरंजन हूँ विदेह ग्राम का वासी।

**चांद्रा०**- *(प्रवेश कर के प्रणाम कर के)*- गुरुजी , यह बालक बड़ा सज्जन है। इस पर कृपा कीजिये।

**पंचा०**- बता रे! किस कुल का है, गोत्र क्या है, शाखा क्या है?

**निरं०**- यह सब तो मैं नहीं जानता गुरुजी!

**पंचा०**- नहीं जानता? तो फिर यहाँ क्यो आ गया? निकल यहाँ से।

**निरं०**- मैं तो इतना ही जानता हू कि अपनी माँ का बेटा हूँ। सुना है

कि पहले जबाला का बेटा जाबाल था। वह भी अपना गोत्र, शाखा आदि न जानता था। पर उसने सच बता दिया, तो गुरुजी ने सत्यकाम नाम दे कर कृपा कर के उसे शिष्य के रूप में स्वीकार किया। तो आप भी इसी तरह मुझ पर कृपा करें।

**पंचा०-** अरे, अरे! देखो तो इस लड़के की ढिठाई! महर्षि जाबाल से अपनी तुलना कर रहा है! मूर्ख! क्या शक्ति हे तेरी? अपने इन शिष्यो से गड्ढा खुदवा कर उसमें तुझे गड़वा दूँगा। ऐसी बकबक कर रहा है, तो सदा के लिये मुँह बंद हो जायेगा। चला जा यहाँ से! हे शिष्यो! यह अंत्यज पता नहीं कैसे इस गुरुकुल में घुस आया है। इसे निकाल बाहर करो।

**निरं०-** श्यामा, श्यामा! क्या करें? ये गुरुजी हैं। ये तो ऐसा कह रहे हैं। ये पंडित हैं, पर प्रचंड हैं। बिल्कुल दुर्वासा के अवतार लगते हैं। क्या कह रही हो? लौट चलें? ठीक है, यही हो। *(पंचानन से)*-अच्छा गुरुजी। तो चलूँ।

**पंचा०-** अरे कृच्छ्रायण! इस लड़के श्यामा श्यामा ऐसा पुकार कर गुपचुप क्या बात कही?

**कृच्छ्रा०-** गुरुजी! वह कुछ मंत्र-तंत्र जानता है।

**चांद्रा०-** ऐसी ही बात है। हम लोगो ने देखी है मंत्रतंत्र में इसकी निपुणता। हमने और कृच्छ्रायण ने----

**कृच्छ्रा०-** एक बात और है गुरुजी--

**पंचा०-** और क्या?

**कृच्छ्रा०-** यह बालक बड़े काम का है।

**पंचा०-** सो कैसे?

**कृच्छ्रा०-** बस यह समझिये कि जादूगर है जादूगर। आदेश दिया कि इंधन ले कर आओ, तो तत्काल इंधन ला देगा। आदेश दिया कि फूल ले कर आओ, तो तत्काल फूल ले कर उपस्थित।

**चांद्रा०-** इसलिये इसको गुरुकुल के कुछ कामकाज में लगाया जा सकता है। और आप तो सबके शरणदाता हैं। इस बिचारे को आश्रय दे दीजिये गुरुजी! यह भी यहीं कहीं पड़ा रहेगा। आप के मुखारविंद से कुछ सुन सुन कर कुछ सीख लेगा।

**पंचा०-** ऐसी बात है, तो बुलाओ उसे।



**कृच्छ्रायण और चांद्रायण-** *(जल्दी से परिक्रमा कर के, एक साथ)*- सुन रे बालक! ए निरंजन!

**निरं०-** (पलट कर)- अब क्या?

**दोनो-** गुरुजी बुला रहे हैं।

**निरं०-** मुझ अंत्यज से उनको क्या लेना देना--

**कृच्छ्रा०** --अरे मूर्ख हमने अपने बुद्धि के बल से और अपनी वाणी की चतुरता से तुम्हारे विषय में उनका मन बदल दिया है।

**निरं०-** तो क्या वे मुझे शिक्षा देंगें?

**चांद्रा०-** और क्या? पर तुमको भी हम लोगो के कहने में रहना है। हमारे प्रभाव से ही तुझ को पंचानन गुरुजी ने शिष्य बनाया है-- यह समझ ले।

**कृच्छ्रा०-** और सुन, अपनी जबान पर ताला लगा कर रखना। जबान बहुत जलती है तेरी।

**निरं०-** यह मैंने अपनी जबान समझिये काट कर अलग कर दी। मैं तो विद्या पढने आया हूँ। मुझे यहाँ बात बढा कर क्या करना?

**दोनो-** तो चल फिर।

*(तीनो परिक्रमा करते है।)*

**कृच्छ्रा०-** *(पास जा कर)*- गुरुजी! आ गया यह बालक। किसी तरह पलटा लाये। अब आप इस पर कृपा कीजिये।

**पंचा०-** ठीक है, ठीक है। दूर ही खड़ा रहने दो उसको।

*(कृच्छ्रायण निरंजन को दूर खड़े रहने का संकेत करता है।)*

**पंचा०-**सुन रे!

**निरं०-** सुन रहा हूँ गुरुजी!

**पंचा०-** विद्या पढना चाहता है?

**निरं०-** यदि गुरुजी इस अज्ञानी को अपने चरणकमलो में आश्रय दें दें, तो मैं भी अज्ञान के दलदल से निकल जाऊँ।

**पंचा०-** अरे बड़ा वाचाल है। तू बहुत बकबक करता है। बोला कम कर। काम अधिक किया कर।

**निरं०-** ऐसा ही करूँगा श्रीमान्!

**पंचा०-** गाये चराया करेगा?

**निरं०-** चराऊँगा श्रीमान्!

**पंचा०-**इंधन लायेगा?

**निरं०-** लाऊँगा श्रीमान्!

**पंचा०-** मेरे चरण चाँपेगा?

**निरं०-**चापूँगा श्रीमान्! सब करूँगा श्रीमान्!

**पंचा०-** तब ठीक है। मैं तुझे गुरुकुल में रहने की अनुमति देता हूँ। पर कभी भी मेरे आदेश का उल्लंघन मत करना।

**निरं०-** नहीं करूँगा श्रीमान्!

**पंचा०-** तो घास फूस बटोर कर दूर कहीं अपनी कुटिया बना ले।

**निरं०-** बना लेता हूँ श्रीमान्!

**पंचा०-** जब तक मैं अनुमति न दूँ, यहाँ मत आना। इस स्वाध्याय

कक्ष के बाहर दूर से ही पाठ सुनना होगा।

**निरं०-** ऐसा ही करूँगा श्रीमान्!

**पंचा०-** तो जा, काम कर।

**निरं०-** करता हूँ श्रीमान्!

*(सबका प्रस्थान)*

***।।तृतीय अंक समाप्त।।***



## चौथा अंक

*(गोसेवा का अभिनय करते निरंजन का प्रवेश)*

निरं०- पाँच गाये हैं। इनकी सेवा करो तो दूध तो अच्छा देती हैं। जैसे पाँच ज्ञानेंद्रियाँ पाँच कर्मेंद्रियाँ और पाँच प्राण होते हैं। इनको ठीक से रखो तो ये भी जीव को सुख देते हैं। यह पाँच की संख्या भी विचित्र ही है। सब में यह घुसी हुई है ऐसा लगता है। जैसे कि पाँच भूत हैं, उन्ही से यह सारा संसार बना। ये पाँच भूत भी पांच में से ही निकले। इन पाँच को पाँच पांच में मिला कर सृष्टि बन गई। अनुमान प्रमाण को देखो तो उसमें भी पाँच अवयवो वाला वाक्य बनता है-- प्रतिज्ञा, हेतु दृष्टांत, उपनय.और निगमन। फिर उसीमें होते हैं पाँच हेत्वाभास।

चांद्रा०- *(प्रवेश कर के)*- अरे निरंजन! क्या आँखे फाड़ कर आकाश में ताकता हुआ कुछ भी अपने आप से बड़बड़ा रहा है? गुरुजी पूछ रहे हैं-- उनके जो कपड़े कल तूने धोये थे, वे कहाँ रख दिये?

**निरं०-** वे कपड़े? हाँ, मुझे याद है। तीन कपड़े थे- जाँघिया,उत्तरीय और धोती। जैसे तीन संधि होते हैं- स्वर,व्यंजन और विसर्ग।

**चांद्रा०-**मूर्ख! संधि किसने पूछी?

**निरं०-** पूछी नहीं पूछा कहना चाहिये। संधि शब्द पुल्लिंग है न।

**चांद्रा०-** *(सक्रोध)* हमें पढा रहा है तू? कितने दिन हो गये तुझे इस गुरुकुल में?

निरं०- मैं यहाँ आया था आषाढ के पहले दिन पाँच वर्ष पहले। अब चल रहा है कार्तिक का महीना। तो कुल मिला कर चौंसठ महीने हो गये मुझे यहाँ।

**चांद्रा०-** *(चकित हो कर)*- कुल चौंसठों पर इतना सब तुझे याद कैसे है?

**निरं०-** देखिये गुरुभाई! जैसे पाँच संधियो के चौसठ संध्यंग होते हैं नाट्यशास्त्र में। तो पहले तो हुआ मुख संधि। उसके अंग हैं- उपक्षेप, परिकर---

**चांद्रा०**-*(रोक कर)*- बस बस! व्यर्थ के नामो से हमारे कान मत फाड़ डाल।

**निरं०**- एक जिज्ञासा है मेरी--

**चांद्रा०**- अब क्या जिज्ञासा हो गयी श्रीमान् सर्वज्ञ जी को ?

**निरं०**- यह संसार चौंसठ वस्तुओ से बना है कि पाँच वस्तुओ से? इधर तो चौंसठ संध्यंग हैं, चौंसठ कलाएँ हैं, चौंसठ अभिनय हस्त हैं, चौंसठ योगिनियाँ हैं और इधर--

चांद्रा०-रहने दे रहने दे! हमें तेरे साथ शास्त्र का अध्ययन नहीं करना। हमें भेजा था गुरुजी ने। क्यो भेजा था? *(स्मरण का नाट्य करता है। खेद के साथ)*- अरे तेरी बकबक मे हम ऐसे हलकान हो गये कि गुरुजी ने किसलिये भेजा था.- यह भी भूल गये।

**निरं०**-*(मुस्कुरा कर)*- मैंने गुरुजी के जो कपड़े कल धोये थे, वे कहाँ रखे हैं यह पूछने के लिये आप आये थे यहाँ।

**चांद्रा०**- हाँ, हाँ ठीक है। सब स्मरण है हमें। हमें ऐसा ढपोलशंख मत समझ लेना तू। हाँ तो कहाँ रख दिये वे कपड़े तूने?

**निरं०**- वे कपड़े मैंने रख दिये गुरुआइन जी के सोने के कमरे में।

**चांद्रा०**- गुरुआइन के सोने के कमरे में?

**निरं०**- और क्या?

**चांद्रा०**- तू ने वहाँ रख दिये?

**निरं०**- तो इसमें ऐसी क्या बात हो गयी?

**चांद्रा०**- अरे मूर्ख! तू उनके कमरे मे चला कैसे गया?

**निरं०**- मुझे गुरुआइन जी ने ही बुलाया था वहाँ। उन्होने कहा-- कपड़े यहाँ ला कर रख दे। मैने रख दिये।

**चांद्रा०**- *(साभिप्राय सोचता हुआ)* - तो ऐसी बात है। चलते हैं हम सत्यवादी जी महाराज! बता देते हैं गुरुजी को! *(चला जाता है।)*

निरं०- कैसा भाग्य है!

वह विदेह की जंगल से घिरी हुई धरती प्यारी
मेरी ममता वाली माँ सदैव की दुखियारी।
अपने एक बेटे का नाम सदा जो टेरे
और विदेह के वे संगी साथी मेरे
स्मृति में ये सब आते हैं रह रह कर



मन मसोस उठता है चकरा चकरा कर।

यहाँ रहते हुए कितने मेरे वसंत ग्रीष्म में बदल गये। अभी गुरुजी की दृष्टि मेरे लिये टेढी की टेढी है। स्वाध्याय कक्ष के बाहर रह कर किसी तरह पाठ सुनता और गुनता हूँ। पुस्तक तो कभी हाथ में आयी ही नहीं। या फिर जब साक्षात् श्रुति ही सुनायी दे रही है, तो पुस्तक से करना ही क्या? पर मैं तो वर्णमाला भी न जान पाया, ग्रंथ पढ न सकूँगा - यह बड़ा दुःख है। सारे शिष्य यहाँ पुस्तक पढ सकते हैं, एक अकेला मैं ही नहीं। तो फिर गुरुकुल में रहने का क्य लाभ? या फिर--

मति धीर हुई स्मृति मँजती चली गयी मन है निर्मल मेरा
शब्द- ब्रह्म ने भीतर भीतर डाल लिया है इसमें डेरा।
शास्त्रो का भी पाया है प्रकाश सुन सुन कर गुन गुन कर
जो मिला सहज, उसको ही मानूँ मैं क्यो न बहुत बढ कर?।

ठीक है, जब तक गुरुजी स्नान करें, मैं गायोके लिये खली और भूसा रख देता हूँ। फिर गायें दुह कर चरने के लिये छोड़ दूँगा। उसके बाद हवन के लिये समिधा ले आऊँगा। जब तक पाठ आरंभ हो, तब तक लौट आना है। ( चला जाता है।)

*(शिष्यो के साथ पंचानन का प्रवेश)*

**पंचा०**- हँह! इस स्वाध्याय कक्ष से बाहर रह कर सुन सुन कर ही चार बरस में निरंजन सारे शास्त्र जान गया-- हमें तो विश्वास नहीं होता। तुम लोगो को भ्रम हुआ है।

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी, वह जो सुनता है स्मरण कर लेता है। वह एकावधानी होगा। यह तो हमने प्रत्यक्ष अनुभव किया है।

**चांद्रा०**- और क्या? सारे शास्त्र उसकी हथेली पर आँवले की तरह रखे हुए हैं।

**मंद्रा०**- गुरुजी, हमारी तो आयु इस गुरुकुल मे बीत गयी। निरंजन बिना किसी प्रयास के महापंडित बन गया , और हम रह गये वैसे के वैसे बुद्धू।

**पंचा०**- तो इसमें क्या किया जा सकता है? यदि निरंजन मेरा कहा सुन सुन कर पंडित बन गया, तो उसके पहले के संस्कार होंगे। तुम लोग संस्कार रहित हो।

**मंद्रा०**- मेरे पिता जी ने इस गुरुकुल के लिये भूमि दी थी दान में---

**पंचा०**- ऊसर भूमि, जिसमें कुछ भी न लगे--

**तंद्रा०**- मेरे पितामह ने दो गायें दीं थीं---

**पंचा०**- वे बूढ़ी गायें। दूध तो कुछ न दें, सेवा करायें बस।

**कृच्छ्रा०**- पर गुरुजी, निरंजन ने तो गुरुकुल के लिये कुछ दिया ही

नहीं। और वह बन गया पंडित। आप उससे गुरुदक्षिणा माँगिये।

**पंचा०**- अरे मूर्ख! वह क्या देगा? कानी कौड़ी भी नहीं है उस बिचारे के पास तो!

**मंद्रा०**-जिस तरह द्रोणाचार्य ने एकलव्य का दाहिना अँगूँठा माँग लिया, ऐसे ही आप भी उसका दाहिना अँगूँठा माँग लीजिये।

**पंचा०**- मूर्ख! विद्या रहती है हंसी की तरह उसके मानस में, दाहिने अँगूठे में नहीं।

**मंद्रा०**- तो फिर यही करिये--

**पंचा०**- क्या करें रे धूर्त?

**मंद्रा०**- उसका मानस ले लीजिये।

**कृच्छ्रा०**- मंद्रायण! बकबक रहने दे।

**मंद्रा०**- तो तुम भी व्यर्थ के अपने प्रस्ताव रहने दो।

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी, इसको कहने दीजिये। पर निरंजन है विलक्षण और विचक्षण इसमें कोई संदेह नहीं। और एक और बड़ी चिंता की बात है--

**पंचा०**- और क्या?

**कृच्छ्रा०**- उसकी विलक्षणता से गुरुजी आपकी बड़ी क्षति हो रही है।

**पंचा०**- अरे हमारी कैसी क्षति?

*(चांद्रायण और कृच्छ्रायण साभिप्राय एक दूसरे को देखते हैं।)*

**पंचा०**- *(क्रोध के साथ)*- अरे चांद्रायण, अरे कृच्छ्रायण! स्पष्ट क्यो नहीं कहते क्या क्षति कर रहा है वह हमारी?

**चांद्रा०**- क्या कहें गुरुजी! कहने से ही कहीं जीभ न कट कर गिर जाय--

**पंचा०**- आजकल के छात्रो में ऐसा वाणी का अवरोध भला कैसे? बेखटके कहो तुम तो। नहीं गिरेगी जीभ।

**चांद्रा०**-गुरुजी, निरंजन जिस थाली में खा रहा है,उसी में छेद कर



रहा है।

**कृच्छ्रा०**- चांद्रायण! रहस्य की बात सबके सामने प्रकाशित नहीं करना है।

**पंचा०**- क्या कह रहा है रे!

**चांद्रा०**- गुरुजी, यदि एकांत कर दिया जाये, तो हम दोनो निरंजन का कुछ रहस्य बतावें।

**पंचा०**- ठीक है, यह भी हो जाये। *(ऊँचे स्वर में)*- अरे शिष्यो! बाहर जा कर अपना अपना पाठ कंठस्थ करो।

*(पंचानन, चांद्रायण और कृच्छ्रायण को छोड़ कर शेष सब का प्रस्थान)*

**पंचा०**- अब कहो क्या रहस्य है।

**चांद्रा०**-गुरुजी, निरंजन माताजी के सोने के कमरे में जाता रहता है।

**पंचा०**- *(चौंक कर)*- हैं! क्या कह रहा है? क्या तूने जाते देखा?

**चांद्रा०**- उसने स्वयं कहा--

**पंचा०**- उसने कहा? क्या कहा रे उसने?

**चांद्रा०**- उसने कहा कि मैं माताजी के कमरे में गया था।

**पंचा०**- यह कह दिया उसने? कब कहा रे?

**चांद्रा०**- बस अभी अभी।

**पंचा०**- *(दीनता के साथ)* तो उसने स्वयं कह दिया कि मैं शयनागार में जाता हूँ---

**चांद्रा०**- और क्या?

**पंचा**- तो क्या वह प्रतिदिन जाता है वहाँ? कब जाता है?

**चांद्रा०**- संध्या के समय। कभी वह आपके धुले कपड़े रखने के बहाने वहाँ घुस जाता है, कभी और किसी बहाने से।

**पंचा०**- ओह! जब हम संध्यावंदन कर रहे होते हैं, तो वह धूर्त वहाँ घुस कर लीलाएँ कर रहता है! क्या क्या करता है वह-- देखा तुम लोगो ने?

**कृच्छ्रा०**- सोने के कमरे में जा कर वह क्या करता है यह तो नहीं देखा। इतना देखा है--

**पंचा०**- क्या देखा?

**कृच्छ्रा०**- हम लोगो ने कई बार देखा है कि वह माता जी के सामने

राँडो के गीत गाता रहता है,उनको अपने रचे काव्य भी सुनाता है।

**पंचा०**- *(क्रोध और ईर्ष्या के साथ)*- उसका इतना साहस! वह मुझे क्या समझता है? तिनके के बराबर भी नहीं? चांद्रायण! कहाँ है वह परस्त्रीलंपट नीच धूर्त?

**चांद्रा०**- अभी तो गायें चराने गया होगा।

**पंचा०**- अरे बुलाओ उस नीच को। यदि भूमि में गड्ढा खोद कर उसे उसमें न गड़वा दूँ, तो मैं पंचानन नहीं। ढूँढ कर लाओ उस दुष्ट को।

**चांद्रा०**- ऐसा ही करते हैं गुरुजी! *(दोनो चल देते है।)*

**कृच्छ्रा०**- *(अपवारित में)*- चांद्रायण! गुरुजी के क्रोध की आग भड़की हुई है। यदि वे सचमुच निरंजन को गुरुकुल से निकाल दें, तो हम लोगो की तो बड़ी हानि हो जायेगी।

**चांद्रा०**- सो कैसे?

**कृच्छ्रा०**- अरे सारी गोसेवा, इंधन लाने का काम और गुरुकुल के सारे काम बिचारा निरंजन ही तो करता है। हम लोग तो चौराहे के बैल की तरह सुख से सो रहे हैं इन दिनो। और फिर न्याय या व्याकरण में पिशाची की तरह कोई शंका हमारे मन में उठती है, तो उसी के पास जा कर ते पूछते हैं। वास्तव में तो गुरुजी भी ग्रंथो की गुत्थियाँ इसतरह नहीं सुलझा पाते जैसे वह।

**चांद्रा०**- यह बात तो सही है। गुरु गुड़ ही रह गये और चेले हो गये शक्कर। पर इसमें किया क्या जाये? गुरुआइन को ले कर ऐसी वैसी बात हो जाये, तो उसे तो रोकना ही पड़ेगा न।

**कृच्छ्रा०**- मेरी समझ से तो इसमें निरंजन का कोई दोष नहीं। हम उस के ऊपर व्यर्थ कलंक लगा कर क्यो पाप मोल लें? गुरुजी को ही समझाना चाहिये।

**चा०**- अरे तुम लोग वहाँ खड़े खड़े क्या मंत्रणा कर रहे हो? उस दुष्ट को-उस राक्षस को बुला कर क्यो नहीं लाते?

**चांद्रा०**- गुरुजी अभी हमारी बात पूरी नहीं हुई--

**पंचा०**- अब क्या बाकी रह गया रे!

**चांद्रा०**- निरंजन ने कुछ और कहा था--

**पंचा०**- और क्या कहा उस चोट्टे ने?



**चांद्रा०**- माताजी ने ही उससे कहा कि आपके कपड़े यहाँ ला कर रख दे, तो वह कमरे में गया , अपने मन से नहीं गया।

**पंचा०**- *(दीनता के साथ)*- ऐसी बात है? पर राँडो के गीत तो गाता रहता है वह उनके सामने---

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी! माता जी ही आग्रह करती हैं कि गीत सुनाओ ,तो वह गाता है।

**पंचा०**- फिर उसका क्या दोष है? नहीं, दोष तो उसीका फिर भी है ही---

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी आप की है वृद्धावस्था। और माताजी तो युवती हैं, इसलिये लोग कुछ तो भी उड़ा देते हैं। इसलिये माता जी को भी अनुशासन में रखना होगा---

**पंचा०**-*(सक्रोध)*- चुप हो जा मूर्ख! गुरु हैं हम, और सिखा रहा है तू हमें! स्त्रियो को कैसे अनुशासन में रखना है-- यह हम जानते हैं। तुम लोग अब जाओ यहाँ से।

**कृच्छ्रा०**-*(जनांतिक में)*- खूब जानते हैं ये स्त्रियो को अनुशासन में रखना। तभी तो पहली पत्नी गले में फाँसी लगा कर मर गयी।

**दोनो**- *(प्रणाम करते हुए)*- गुरुजी जा रहे हैं हम लोग। *( चले जाते है।)*

**पंचा०**- क्या करूँ? *(लंबी साँस छोड़ कर)*- कृच्छ्रायण सच कहता है। मैंने इस बुढौती में दूसरी बार विवाह कर लिया--संतान पाने के लिये। पहली पत्नी सावित्री--- वह तो सचमुच सावित्री ही थी।मुझ मूर्ख ने ही उसका मन कठोर वचन कह कह कर एक बार इसतरह दुखा दिया कि वह गले में फाँसी लगी कर मर गयी। और यह दूसरी पत्नी-- भानुमती! यह मेरे गले की फाँसी बनी हुई है। यह चंडी तो एकदम उच्छृंखल है। यह गाती भी है और नाचती भी है। इसके पिता इतने बड़े वैद्य थे--कविराज थे। पर इसके संस्कार ऐसे हैं। माता के पक्ष से आये होगें ऐसे संस्कार। यह कब क्या करे डालेगी कुछ नहीं कहा जा सकता। अरे यह पुंश्चली उस निरंजन को अपने सोने के कक्ष में ले आयी! अब तो यही लगता है कि यही राँड उस भोले भाले बालक पर डोरो डाल रही है! या फिर वह भी ऐसा भोला नहीं है। बड़ा प्रज्ञा वाला और बुद्धिमान् है वह। पर प्रज्ञावान् लोग भी तो सब जान कर कुपथ पर पग धर ही देते हैं।

चंद्रमा ने अपने गुरु की पत्नी के साथ संभोग किया था कि नहीं? अथवा किस को दोष दें? हमारा ही दोष है। हमको इस कुलटा को पहले ही काबू में रखना था। तो क्या करें? जायें और उस लकड़ी से उसका कपाल फोड़ कर उसका सारा मद निकाल दें? *(चल पड़ता है। सहसा रुक कर)*- पर ऐसा करने से तो बुराई और फैल जायेगी। ये छात्र बड़े धूर्त और चुगलखोर हैं। ये सारे गाँव में यह बात फैला देंगें। तो क्या किया जाये?

क्या वन चला जाऊँ इस मिथ्या जगत् तो छोड कर
या अपने को कर दूँ समाप्त अथवा उस पापिन भार्या को?
मन चढता उतरता व्यर्थ यों तर्क की धार पर
तरह तरह से भाग दौड़ कर
नहीं पा रहा किंतु कोई यह राह पर
तो गुरु की शरण लूँ अब मैं केवल।

हे गुरुदेव! अब इस भक्त को विपत्ति के सागर से पार लगाइये। *(अचानक, सहर्ष)*- अरे गुरुचरणो के स्मरण मात्र से उपाय मिल गया! उपाय तो गुरुदेव स्वयं हैं। यह कार्तिक मास चल रहा है। प्रबोधिनी एकादशी को गुरुचरणो की वंदना करने हमें जोशीमठ जाना था। पर हम चले गये, तो यहाँ गुरुकुल में सब कुछ और भी उलटपुलट हो जायेगा। तो क्या करें? निरंजन को वहाँ भेज दें? हिमालय पर चढ चढ कर यह वहीं मर गया तो इस पापी से हमें भी मुक्ति मिलेगी और गुरुचरणो की वंदना के लिये जाते समय मरने से उसकी भी तो मुक्ति ही हो जायेगी। और गुरुजी की आज्ञा भी पूरी हो जीयेगी। इस तरह साँप भी मर गया और लाठी भी न टूटी। तो तत्काल भेज ही दें निरंजन को। कहाँ होगा वह? *(परिक्रमा कर के)*- यह इंधन ला कर पाकशाला के बाहर रख रहा है। *(देख कर)*- क्या यौवन फूट पड़ा है इसकी देह से। चतुरस्र शोभा से मंडित है देह। तो स्त्रियाँ इसकी ओर खिंचती चली आयें, इसमें आश्चर्य क्या?

श्यामल कांतिमयी यह देह उछलता यौवन
सरल तरल नववधू सदृश यह भोली चितवन
यह कपाट सा विस्तृत वक्ष, वृषभ से कंधे
सब कुछ है इसमें जो स्त्री का मन मथ दे।



और ये स्त्रियाँ! इनको भगवान् ने इसीलिये बनाया है कि मनुष्य को नरक में गिरा कर ही छोड़ें! ये देखने में ही अच्छी लगती हैं, परिणाम में भयंकर होती हैं। कहा ही है कवि ने-- नारी की वाणी में रहता है मधु, औरहृदय में भीषण हालाहल।

*(यथानिर्दिष्ट निरंजन का प्रवेश)*

**निरं०**- इंधन तो रख दिया ला कर। चलूँ, स्वाध्याय में विलंब हो रहा है। *(पलट कर देख कर , विस्मय से)*- अरे, गुरुदेव तो यहीं खड़े हैं, स्वाध्याय कक्ष में नहीं। *(दूर से ही भूमि पर ललाट टिका कर अभिवादन करता हुआ)*- गुरुजी इस सेवक की ढिढाई क्षमा करें। काम में लगा था, तो आपको देख नही पाया।

**पंचा०**- हुँ। कल्याण हो तुम्हारा। दीर्घ आयु हो। उठ। बड़ा कार्य है।

**निरं०**- तो क्या पाठ सुनने के लिये स्वाध्याय कक्ष के बाहर बैठ जाऊँ?

**पंचा०**- आज स्वाध्याय नहीं हो रहा है।

**निरं०**- *(निराशा के साथ)* अच्छा।

**पंचा०**- निरंजन!

**निरं०**- आज्ञा दीजिये गुरुजी!

**पंचा०**- तुम्हें कुछ काम करना है।

**निरं०**- मैं तैयार हूँ।

**पंचा०**- बड़ा विशिष्ट कार्य है। बड़ा पुण्य होगा यदि कर देगा तो। हम अपने सारे शिष्यो को छोड़ कर तुझी को यह सौंप रहे हैं, तुझ पर विश्वास के कारण।

**निरं०**- मैं धन्य हुआ यदि गुरुजी ऐसा मानते हैं तो।

**पंचा०**- जोशीमठ तक तुम्हे जाना है।

**निरं०**- जोशीमठ तक? यह स्थान है कहाँ?

**पंचा०**- यह स्थान हिमालय पर है। यहाँ से उत्तराखंड की ओर चलेगा, तो पहले काठगोदाम आयेगा, फिर रुद्रप्राग और उत्तरकाशी को पार कर के वहाँ पहुँच जायेगा। मार्ग में बड़े सुंदर तीर्थ स्थान हैं। बड़ा पुण्य होगा।

**निरं०**- लगता है बहुत दूर है वह स्थान। करना क्या है वहाँ पहुँच कर?

**पंचा०-** वहाँ हमारे गुरुजी रहते हैं, विधुशेखर शास्त्री। वे सरस्वती के पुत्र हैं। महान् विद्वान् और तपस्वी हैं। उनके दर्शन मात्र से मनुष्य पावन हो जाता है। अरे,जब वे पढाते थे हमें, तो देवी सरस्वती स्वयं आ आ कर उनका प्रवचन सुनती थीं।ऐसे गुरु के शिष्य हैं हम। तो जब हमारा समावर्तन हो रहा ता, तो गुरुजी ने संदेश दिया था-- पंचानन, जब हम नब्बे वर्ष के हो जायें, तुम स्वयं हमारे पास आना।न आ सको तो अपने किसी छात्र को भेजना। तो

यह परम लाभ तुझ को ही मिलने जा रहा है। जिन गुरुजी के दर्शन मात्र से जन्म जन्म के पातक गल जाते हैं, उनके दर्शन पायेगा और पवित्र हो जायेगा।

**निरं०-** मैं धन्य हुआ, अनुग्रहीत हुआ गुरुजी! प्राण दे कर भी यह कार्य पूरा करने का जतन करूँगा।

**पंचा०-** शाबास बेटा शाबास1 बस यही तो चाहते हैं हम! तो चल पड़ अब।

**निरं०-** अभी ही?

**पंचा०-** और क्या? समय नहीं है। आज कार्तिक मास की षष्ठी तिथि है। एकादशी के दिन तुझे वहाँ पहुँच जाना है। एकादशी के दिन मनायी जाती है बड़े गुरुजी की जन्म तिथि। *(कठोर स्वर में)*- यदि समय पर तू वहाँ नहीं पहुँचा, समय यों ही गँवा दिया, तो न हम तेरे गुरु, न तू हमारा शिष्य। हम ऐसे तो गुरु हैं नहीं कि तेरे जैसे फटेहाल से गुरुदक्षिणा माँगें। तू कर ही क्या सकता है रे गुरु के लिये? केवल कुछ तो भी छोटा मोटा कार्य कर देता है बस! तो चला जा अब।

निरं०- बस, अभी चला जाता हूँ भगवन्! *(चल पड़ता है।)*

**पंचा०-** *(पुकार कर)* सुन रे!

**निरं०-***(पलट कर)* क्या आज्ञा है गुरुजी!

**पंचा०-** बड़े गुरुजी जो आज्ञा दें, उसे समझ कर आना है।

**निरं०-** ऐसा ही करूँगा गुरुजी!

**पंचा०-** जा, कल्याण हो तेरा। *(प्रस्थान)*

**निरं०-** श्यामा! श्यामा! कहाँ हो तुम। चलो। बहुत दूर जाना है।

*(नेपथ्य से चिड़िया का कूजन)*



**निरं०-** चलो श्यामा का साथ तो है ही। श्यामा! क्या करें। बहुत दूर जाना है। साथ में थोड़ा सा भी कलेवा तक नहीं।

*(भानुमती का प्रवेश)*

**निरं०-** लो, ये माताजी इधर ही आ रहीं हैं। यदि इन्होने हमें अपनी बातो के जाल में लपेट लिया, तो समय व्यर्थ निकल जायेगा, और गुरुजी की आज्ञा का उल्लंघन होगा। तो इनसे अपने को बचा कर अपनी कुटिया में चला जाता हूँ। कुछ कपड़े और ओढनी तो एक पोटली में बाँध ही लूँ। *(चल पड़ता है।)*

**भानु०-** निरंजन, ए निरंजन! अरे मुझे अनदेखा कर के कहाँ चल दिया?

**निरं०-** लो, पकड़े ही गये। *(पलट कर)* माता जी! प्रणाम! माता जी आपसे आज्ञा लेना है। अब जा रहा हूँ मैं।

**भानु०-** निरंजन! कहाँ जा रहा है तू?

**निरं०-** गुरुजी ने आज्ञा दी है बड़े गुरुजी की पूजा के समय जोशीमठ में पहुँचने की। बहुत दूर है वह स्थान। आज और अबी चल देना है।

**भानु०-** अरे, इतनी जल्दी? लगता है बुढउ ने तुझे किसी बड़े संकट में पटक दिया।

**निरं०-** माताजी! गुरुजी की तो बड़ी दया है मेरे ऊपर, जो उन्होने ऐसा पुण्य का कार्य मुझे ही सौंपा।

**भानु०-** अरे, क्यो बार बार माता जी माता जी कह कर हमारा जी दुखाता है। क्या मैं ऐसी बूढी दिखती हूँ? बूढे से ब्याह हुआ है, आयु तो नहीं बीती।

**निरं०-** गुरुजी की पत्नी को ऐसा ही कहना होता है।

**भानु०-** उँह! . .. निरंजन! तनिक एक बार वह गीत तो सुना।

**निरं०-** कौन सा गीत माताजी?

**भानु०-** जो कल संझा के समय तूने गाया था।

निरं०- वह गीत तो आपने कई बार सुन लिया।

**भानु०-** एक बार और सुनना चाहती हूँ।

**निरं०-** माता जी! जाने का समय निकला जा रहा है। बहुत दुर्गम मार्ग है। प्रबोधिनी एकादशी के दिन वहाँ पहुँचना है।

**भानु०-** इसीलिये तो फिर से एक बार वह गीत सुनना चाहती हूँ। फिर कब वहाँ से लौटेगा तू-- क्या ठिकाना? इस बुढउ ने तो हमारा सब ही छीन लिया। . . . हम भी अच्छा गाते थे। गायन और नृत्य सब सिखवाया हारे पिता जी ने। यहाँ आ कर तो सब हो गया केवल अरण्यरोदन। वह गीत-- क्या तूने स्वयं रचा है?

**निरं०-** हाँ माता जी!

**भानु०-** ऐसे गीत तू कैसे रच लेता है?

**निरं०-** मैं नहीं रचता। वे तो स्वयं मेरे मन में से फूटते हैं। पर लिख नहीं पाता। यदि लिखना आ जाये, तो बहुत सारे गीत लिख कर भी रख लूँ।

**भानु०-** जब तू इस प्रवास से लौट आयेगा, तो मैं तुझे सिखा दूँगी लिखने की कला।

निरं०- बहुत बड़ी कृपा होगी आपकी यह मुझ पर । आप केवल गुरु की पत्नी ही नहीं, साक्षात् गुरु हो जायेगीं मेरी। *(सादर प्रणाम करता है।)*

भानु०- ठीक है, ठीक है। अब गीत गा।

**निरं०-** *(गाता है)-*

राधा कृष्ण का ध्यान धरे।
चंचल चंद्र किरण से गात बल खायें
कुसुम बाण ज्यो लक्ष्य तान कर,
छूटें अनंग को लज्जित कर जायें।
प्रेम- लहर मन में उसके उमड़े।
पिये कृष्ण के तन की सुषमा वह बनी प्यासी।
जैसे ताके चंद्र कांति को निश्चल नयन चकोरी।
यही प्रीत का मरम जहाँ सारी बाधा दूर हटे।

*(गीत के साथ श्यामा मनुष्य रूप में आ कर नृत्य करती है तथा गीत के अंत में चली जाती है।)*

**भानु०-** कितना मधुर स्वर है तेरा! फिर कब तेरा काने में अमृत घोलने वाला सुर सुनने को मिलेगा?

**निरं०-** तो अब मुझे जाने की आज्ञा दीजिये।

**भानु०-** निरंजन! एक क्षण रुक। मैं तुझे रास्ते के लिये कुछ दे देती हूँ।



**निरं०-** रहने दीजिये। इसमें और विलंब होगा।

**भानु०-** नहीं। यह मैं गयी और यह आयी। *(प्रस्थान कर के, फिरप्रवेश कर के एक डिबिया उसे देती हुई)*-यह रख ले।

**भानु०-** *(ले कर )* यह क्या है माता जी!

**भानु०-** इस डिबिया में दो रसायन हैं। मेरे पिता जी सिद्ध वैद्य थे। ये उन्होनें बनाये थे। *(दिखाती हुई)*- इस शीशी में यह जो भस्म है, उसको खा लेने से भूख प्यास नहीं लगती। रास्ते में जब तुझे भूख और प्यास बहुत लगे और खाने पीने को न मिले, तो एक चुटकी यह भस्म खा लेना। यह दूसरा सिद्ध रसायन है। इसको खा लेने से थकान नहीं होती।

**निरं०-** बड़ी कृपा है माता जी! अब चलूँ।

**निरं०-** श्यामा! चल चलें।

*(दोनो का प्रस्थान)*

**।।चौथा अंक समाप्त।।**

## पाँचवाँ अंक

*(थकान का अभिनय करते हुए निरंजन का प्रवेश)*

**निरं०-** कितना भीषण और कितना सुंदर है जंगल। वन का ऐसा फेलाव तो पहली बार देखा।

देखे कितने वृक्ष भाँति भाँति के कितने झाड़ी झंखड़
सिंह और बाघ भी आगे से मेरे गये निकल
आश्चर्य से भर भर उठता है मन यह सब देख देख कर
और अनंत का होता है मन के भीतर प्रत्यय।

पर अब एकदम थक गया। वन में यहाँ न कहीं धर्मशाला मिलेगी न ठहरने का कोई स्थान। उत्तरकाशी तो अभी भी यहाँ पाँच कोस होगी। अब इतना लंबा रास्ता पार कर के परम गुरु के स्थान पर कैसे पहुँच पाऊँगा? *(परिक्रमा कर, देख कर)*- अरे यह चंदन के पेड़ पर हिडिंबा की मोटी वेणी के समान क्या वस्तु लटक रही है? *(एक कदम चल कर, रुक कर)*- यह तो अजगर है। पास नहीं जाना चाहिये। *(परिक्रमा करता है)*- बड़ी भूख लगी है और प्यास भी। वह डिबिया कहाँ गई जो गुरुआइन ने इतनी कृपा कर के दी थी? *(पोटली में खोजता है)* यह रही! एक चुटकी भस्म का लेता हूँ। पर श्यामा कहाँ है? *(पुकार कर)* श्यामा! श्यामा! तूने कुछ ले लिया कि नहीं?

*(नेपथ्य से चिड़िया का कूजन)*

कह रही है- हाँ, ले लिया! तो मैं भी यह भस्म मुँह में डाल लूँ। *( वैसा ही कर के, तृप्ति का अभिनय करता हुआ)*- वाह! इसका तो बड़ा प्रभाव है। सिद्ध वैद्य की विद्या का चमत्कार है! इतने दिन इसी औषधि ने प्राण बचायें हैं। *( फिर से परिक्रमा कर के)*- अब थकान बहुत लग रही है। अब वह रसायन तो समाप्त ही हो गया , जो थकान दूर करता है। दिन भी तो ढल गया। यह रात कहीं भी बिता कर कल भोर होते ही फिर आगे चल पड़ूँगा। पर कहाँ रुकूँगा। *(पुकारता हुआ)*- श्यामा! श्यामा! कहाँ है? कहाँ चले अब?

*(नेपथ्य से चिड़िया का कूजन)*



अरे यह उधर पश्चिम की ओर मुझे बुला रही है। *(परिक्रमा कर )*- श्यामा! कहाँ छिपी हो तुम? *(देख कर)* अरे इधर तो किसी महल का खंडहर है। उसीमें श्यामा कूक रही है। लगता है--यहाँ आ कर सुस्ता लो-- यही कह रही है। वह मुझे गलत रास्ते पर नहीं ले जा सकती। *(परिक्रमा कर के)*-

यह टूटा फूटा सा महल टूटा जैसे मन
बाट जोहता खड़ा हुआ बिछड़ा जन जैसे कोई हो
यह सूनी बावड़ी शुष्करस जैसे कोई बिरहिन
विरह विकल रह रह कर वह रोई हो।

श्यामा! क्या आऊँ भीतर? अथवा श्यामा तो भीतर पहुँच ही गयी और वह वहीं से बुला रही है। *(प्रवेश का अभिनय कर)*- श्यामा! है तो डरावना सूना और पुराना यह महल, पर बर्फ से ढके इस प्रदेश में और कहाँ रात बितायेगें? *(चमगादड़ो से टकराने का अभिनय कर)* अरे, अँधेरे में अँधेरे के ही टुकड़ो के जैसी चिमगादड़े भाँय भाँय करके उड़ रहीं हैं और डरा रही हैं। पर अब एकदम लस्त हूँ। बड़ी शीतल वेला है, इस भवन का फर्श जैसे बर्फ से बना हुआ है। शीत के कारण देह में रौएँ उठ आये, वे ही कंबल बन कर लपेटे हुएँ हैं जैसे मुझे। *( सोने का अभिनय करता है।)*

*(श्यामा मानुषी का रूप धर कर उसे देखती है। नेपथ्य से रथो की घर्घर। श्यामा मुस्कुराती हुई अभयदान का नाट्य करती हुई बाहर निकलती है। रथ से सपरिवार राजकुमारी शारदा का प्रवेश। श्यामा रथो के आगे जा कर काफिले को रोक देती है।)*

**शारदा-** सूत! लगाम क्यो खींच लीं? रथ अचानक लड़खड़ा कर रुक गया।

**सूत-** राजकुमारीजी, किसी जीव ने हमें रोक दिया।

**शारदा-** किसने रोक दिया?

**सूत-** लगता है कोई प्रेत या पिशाच होगा--

**प्रज्ञा-** सूत, क्या बकबक कर रहे हो? शारदा के आगे कैसे प्रेत और पिशाच? रथ रोको। हम देखते हैं।

*(सब उतरने का नाट्य करती हैं। श्यामा छिप जाती है।)*

**शारदा-** यहाँ तो कोई भी नहीं है।

**सूत-** अभी अभी कोई प्रेत या पिशाच दिखा था। यहीं दिखा, यहीं

छिप गया।

**प्रज्ञा**- मति, दीपिका ला।

**मति**- *(दीपिका ले कर देख कर)*- राजकुमारी जी, सामने कोई महल दिख रहा है।

**शारदा**- रात हो चली। हम यहीं डेरा डाल लें।

**प्रज्ञा**- सूत, सैनिको से कहो यहीं तंबू लगायें। सामान उतार लें।

**सूत**- जैसी देवी की आज्ञा। *(चला जाता है। नेपथ्य से सैना का कोलाहल।)*

**मति**- राजकुमारी जी! क्या हम उस महल में चलें?

**शारदा**- चलते हैं। तुम दीपिका ले कर आगे आगे चलो।

*( सब परिक्रमा कर के प्रवेश का अभिनय करती हैं।)*

**मति**- *(देख कर डर कर)*- रुकिये रुकिये राजकुमारी जी! यहाँ कोई है।

**प्रज्ञा**- धृति, सैनिको को पुकार। निर्जन स्थान है। तस्करो का भय ठहरा।

**शारदा**- शंका की कोई बात नहीं।

**प्रज्ञा**- देखूँ तो है कौन? *(परिक्रमा कर निरंजन को देख कर)*- राजकुमारी जी, यहाँ कोई है तो। अथवा--यहाँ तो किसी का कोई है।

**मति**- *(पास जा कर)* राजकुमारीजी, यह तो कोई परिचित ही लगता है।

**स्मृति**- -मुझे स्मरण है इनका। अथवा ये महाशय ही स्मरणीय हैं।

**शारदा**- अरे क्या कह रही हो तुम लोग? कौन परिचित मिल गया?

**धृति**- चिरपरिचित कहना चाहिये।

**मति**- या फिर पिछले जन्मो का परिचित। *( सब हँसती हैं।)*

**शारदा**- क्यो इस तरह हँस रही हो तुम लोग? कौन है यह व्यक्ति?

**मति**- राजकुमारी जी , मेरा तो यही कहना है-

डूबता है सूरज  
फिर उगता है।  
बिछड़ जाता है प्रेमी जन  
फिर मिल भी जाता ही है।

प्रज्ञा, कौन है यह? *(देख कर, पहचान कर, सहर्ष)*- अरे यह तो



वही है!

**मति**- *(विनोद के साथ)* हाँ राजकुमारीजी, यह वही है।

**निरं०**- *(अचानक जाग कर)*- अरे लगता है बडी देर तक सोया रहा हूँ। यह दीपिका का प्रकाश कैसा? और ये स्त्रियाँ यहाँ? कौन हैं आप लोग? क्या स्वर्ग से उतर कर आयी हुई गुई अप्सराएँ हो, विद्याधरियाँ हो या किन्नरियाँ हो? मैं कहाँ हूँ? मैं यहाँ कैसे सोया रहा? मुझे तो बहुत दूर जाना था--

**मति**- देखो तो इनकी चतुराई!

**प्रज्ञा**- आप कुछ पहचाने से लग कहे हैं। पहले देखा है कहीं आप को? हमारा स्मरण नही आपको?

**निरं०**- मुझे जोशीमठ जाना था, और मै यहाँ सो गया घोड़े बैंच कर।

*(उठ कर चल पड़ता है।)*

**मति**- कहाँ चल दिये आप?

**धृति**- रुकिये। रात हो चुकी। बाहर घना जंगल है और गहन अंधकार है।

**स्मृति**- रात तो यहीं काटनी होगी।

**निरं०**- नहीं, विलंब हो रहा है। आज क्या तिथि है?

**स्मृति**- आज दशमी है।

**निरं०**- तब तो प्रबोधिनी एकादशी कल ही है। कल संध्या तक मुझे वहाँ पहुँच जाना चाहिये। नहीं तो बडा अनर्थ होगा।

**मति**- कहाँ जाना है आपको?

**निरं०**- जोशीमठ।

**मति**- हम लोगो को भी वहीं जाना है।

**प्रज्ञा**- ये हमारी राजकुमारी जी हैं। पहले भी इन्होने आपको कहीं पहुँचाया था। अभी भी ये आपको गंतव्य स्थल तक पहुँचा सकती हैं यदि आप इनसे प्रार्थना करें।

**निरं०**- क्या ये प्राणपुर की राजकुमारी जी हैं?

**मति**- और क्या? *(शारदा से साभिप्राय)*- राजकुमारी जी, श्रीमान् जी को याद है सब कुछ।

**निरं०**- कैसे याद न होगा? पाँच वर्ष बीत गये। इन्होने ही मुझे गुरुकुल पहुँचाया था।

**प्रज्ञा-** श्रीनान् जी, क्या आपका अध्ययन समाप्त हो गया?

**निरं०-** नहीं, अभी समाप्त नहीं हुआ।

**प्रज्ञा-** तो फिर क्यो गुरुकुल छोड़ कर इस भीषण वन में भटक रहे हैं? यहाँ तो पग पग पर हिंसक जंतु मिलते हैं।

**निरं०-** क्या करूँ? गुरु जी की आज्ञा है।

**प्रज्ञा-** कैसी आज्ञा है गुरु जी की?

**शारदा-** प्रज्ञा, ये महाशय पहले ही इतना मार्ग पैदल चलने से थके हुए हैं। तो इन्हें बार बार प्रश्न करके और आकुल न करो।

**मति-** ठीक कहा राजकुमारी जी ने। कल भोर होने पर हम इन्ही के साथ जोशीमठ जायेगें। तब कुशल प्रश्नो और बातचीत के लिये अवकाश रहेगा।

**प्रज्ञा-** *(हँस कर)* अभी तो श्रीमान् जी की रक्षा कर ली राजकुमारी जी ने हमारे प्रश्नो से। कल प्रभात होने पर देखेंगे। तब तक सोइये सुख से। राजकुमारी जी हम लोग भी स्कंधावार में चलें।

शारदा- ऐसा ही करते हैं।

(सबका प्रस्थान)

**।।पाँचवा अंक समाप्त।।**



## छठा अंक

*(सो कर उठे हुए चांद्रायण का प्रवेश)*

**चांद्रा०-** *(जमुहाई लेते हुए)-* अरे भोर तो हो ही गयी। आज गोसेवा हमी को करनी है। इन गायो को खली भूसा पानी दे दे कर और इनको दुह दुह कर बहुत थक गये हम। लगता है कृच्छ्रायण इंधन लाने के लिये निकल गया है। बड़ा कष्ट है, बड़ा कष्ट है। है यह हमारे ही पापो का फल! उस बिचारे निरंजन की चुगली कर के हमने उसे निकलवा दिया गुरुकुल से! इतने दिनो से वह ये सारे काम इतनी अच्छी तरह से कर रहा था कि कभी किसी ने उसे उलाहना नहीं दिया। अब तो इंधन काटने के काम से हथेलियो में ये गट्ठे पड़ गये हैं। काँटो भरे रास्ते पर चलने से पाँवो में घाव हो गये। पता नहीं निरंजन कहाँ होगा? हिमालय पर गया है- यह पता चला। वहीं गल जायेगा, अब उसके लौटने की क्या बात? एक ही सप्ताह बीता है उसे गये और उसकी अच्छाइयाँ याद कर कर के हम लोग दुखी होने लगे! रास्ते में उसे कोई बाघ, भालू या रीछ न खा गया हो। - -- तो यह गोबर उधर गड्ढे में फैंक दूँ।

*(परिक्रमा करके गोबर फैंकने का नाट्य करता है। गोबर दूसरी दिशा से आते कृच्छ्रायण के ऊपर गिरता है।)*

**कृच्छ्रा०-** *(गुस्से में)-* अरे चांद्रायण जानवर है क्या? अरे नीच, पिशाच! अंधा हो गया है क्या?

**चांद्रा०-** अरे! गालियाँ क्यो दे रहा है हमें साला?

**कृच्छ्रा०-** क्या, साला कह रहा है? अरे सौ गालियाँ दूँगा। मूर्ख! तेरे आँखे हैं कि काच के गोले लगे हैं? मैं पंक्तिपावन ब्राह्मण स्नान ध्यान करके शुद्ध मन से इधर आ रहा हूँ, और इस अंत्यज सूरदास ने हमारे ऊपर गोबर फैंक दिया?

**चांद्रा-** अरे, हमको अंत्यज और सूरदास कह रहा है?

**कृच्छ्रा०-** (सोत्रास)- तो क्या कहें? हरिजन कहें?

**चांद्रा०-** *(आवेश में आ कर कृच्छ्रायण के गाल पर चाँटा मार कर )-*

यह ले अपनी ढिढाई का फल!

**कृच्छ्रा०-** अरे पशु चांडाल! तू ने मेरे गाल का स्पर्श किया? मैं नहाया धोया पंक्तिपावन ब्राह्मण---

**चांद्रा०-** गाल का स्पर्श कर ने अनर्थ हो गया? तो मैं लात मारता हूँ तेरे ऊपर!

**कृच्छ्रा०-** स्नान तो फिर से करना ही पड़ेगा। पहले मैं तेरा सत्यानाश करूँगा। अरे कीड़े! यह मैं तुझे नष्ट किये देता हूँ।

*(दोनो एक दूसके पर प्रहार कते हैं। निरंजन का प्रवेश)*

**निरं०-** कितनी उदार हैं राजकुमारी शारदा। क्या तेज है बड़े गुरुजी का उनके दर्शन करके जीवन का सबसे बड़ा लाभ पा लिया!

तेज की पुंज दिव्य वह मूरत देखी
जिसे देख कर जीवन धन्य हुआ।
पाया उनका आशीष परम गुरु का पावन
और स्वयं को पहचाना मैंने

चलो भाग्य से गुरुजी की आज्ञा का पालन भी हो गया। अब यह गुरुभार मन से उतर गया, तो गुरुकुल में फिर से प्रवेश करूँ। *(परिक्रमा कर, देख कर)-* अरे ये मेरे दोनो सहाध्यायी चांद्रायण और कृच्छ्रायण किस तरह परस्पर एक दूसरे के आलिंगन में बँधे हुए हैं! कितना प्रेम है दोनो में। *(पास जा कर)-* न। ये दोनो प्रेम से परस्पर आलिंगन नहीं कर रहे हैं, अपितु मार काट मचाये हुए एक दूसरे से कलह करते हुए अंगारे की जैसी आँखो से एक दूसरे के जलाते हुए झगड़ रहे हैं। *(रोकता हुआ)-* भाइयो! भाइयो! सुनो, सुनो!

**कृच्छ्रा०-** तेरा पिता कुत्ता!

**चांद्रा०-** यदि मेरे पिता कुत्ते , तो तेरी माँ कुतिया है रे सियार!

**कृच्छ्रा०-** यदि मैं सियार, तो तू शूकर!

**निरं०-** अरे भाइयो, भाइयो! सुनिये, सुनिये आप गोनो! यह झगड़ा रोक दीजिये। यह किस पचड़े में पड़ गये आप लोग? रुकिये, रुकिये तो--

**दोनो-** *(परस्पर)-* मैं तुझे चकनाचूर कर दूँगा। तेरा सत्यानाश कर दूँगा।

**निरं०-** सुनिये, भाइयो, सुनिये!



**दोनो -** *(सहसा निरंजन को देख कर, विस्मय के साथ)-* अरे निरंजन! तू कैसे आ गया?

**निरं०-** अभी अभी आया। आप दोनो पूज्य अग्रजो का विलक्षण कलह देख देख कर मैं तो लज्जा से धरती में गड़ गया। क्या पुरुषार्थ आपका और क्या वाग्धारा है!

**चांद्रा०-** निरंजन! यह झगड़ा हम दोनो के बीच है। तुझे इससे क्या? तू आ गया सो ठीक हुआ। अब गायो का चारा पानी और सारा काम तुझी को करना है।

**निरं०-** यह सब करूँगा ही। इसमें क्या क्या संदेह है?

**कृच्छ्रा०-** ईंधन भी तुझे ही लाना है।

**निरं०-** सो तो है ही।

**चांद्रा०-** निरंजन! वह काम हो गया जिसके लिये गुरुजी ने तुझे भेजा था?

**निरं०-**हाँ हो गया। भाग्य से बड़े गुरुजी का दर्शन मिल गया।

**कृच्छ्रा०-** इतने से समय में तू वहाँ पहुँच भी गया और लौट भी आया?

**चांद्रा०-** मूर्ख! हिमालय तक जाना था, न कि हाट बाजार में।

**निरं०-** गुरुजी ने जहाँ जाने को कहा था, वहाँ मैं हो आया। तुम लोगो को अविश्वास क्यो है?

**चांद्रा०-** अविश्वास का कारण है। कहाँ गुरुकुल और कहाँ हिमालय?

**निरं०-** मेरे पास बड़े गुरुजी के द्वारा स्मृतिचिह्न के रूप मे दी गयी वस्तुएँ हैं।

**चांद्रा०-** देखें तो क्या स्मृति चिह्न हैं श्रीमान् जी के पास?

**निरं०-** *(झोले से वस्तुएँ निकालता हुआ)* - देखिये आप लोग। यह ताबीज है। यह परम दुर्लभ रुद्राक्ष है, जो वहीं हिमालय पर ही होता है। यह भोजपत्र है। इस पर बड़े गुरुजी ने कुछ लिखा है। मैं तो वह पढ नहीं सकता--

**कृच्छ्रा०-** यह सब कहाँ से मिला तुझे?

**निरं०-** यह सब मिला मुझे बड़े गुरुजी से।

**चांद्रा०-** हो सकता है। पर इतना लंबा मार्ग तू इंतने कम समय में चल कर लौट भी आया--इस पर विश्वास नहीं हो रहा।

**निरं०-** मुझे तो स्वयं अनुभव करके भी इस सब पर विश्वास नहीं हो

रहा है। बड़ी लंबी कथा है। जिस तरह मैं हिमालय तक पहुँचा और लौट भी आया। कभी बताऊँगा। अभी तो गुरुजी को बड़े गुरुजी की दी हुई ये वस्तुएँ अर्पित कर के अपना भार हल्का करना चाहता हूँ। गुरुजी कहाँ होंगे?

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी स्वाध्याय-कक्ष में होंगे। चांद्रायण! आ, हम भी गुरुजी को यह समाचार दे दें।

*(तीनो परिक्रमा करते हैं। पंचानन मिश्र का प्रवेश)*

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी! कृच्छ्रायण का प्रणाम।

**चांद्रा०**- गुरुजी! चांद्रायण का प्रणाम।

**पंचा०**- कल्याण हो तुम दोनो का।

**दोनों**- गुरुजी, निरंजन आ गया है।

**पंचा०**-*(चौंक कर)* निरंजन? *(देख कर)* अरे निरंजन, तू यहाँ क्या कर रहा है? तुझे तो मैंने जोशीमठ भेजा था--

**कृच्छ्रायण और चांद्रायण**- गुरुजी, यह कह रहा है कि जोशीमठ जा कर लौट भी आया।

**पंचा०**- क्या कह रहा है रे? कितने दिन हुए तुझे गये?

**निरं०**- *(दूर से ही प्रणाम करता हुआ)*--सात दिन हुए गुरुजी।

**पंचा०**- एक सप्ताह में तू वहाँ पहुँचा भी और लौट भी आया! क्या आकाश में उड़ कर गया था रे?

**निरं०**- गुरुजी, जोशीमठ तक तो मैं गया था, बड़े गुरुजी के दर्शन भी किये। उन्होने आपके लिये आशीर्वाद भेजा है। और आपके लिये कुछ उपहार भी दिया है।

**पंचा०**- *(उपहास करता हुआ)*- अच्छा? उपहार भी दिया है? देखें तो क्या उपहार है-

**निरं**- ये वस्तुएँ हैं। *(पंचानन के सामने वस्तुएँ रखता हुआ)*- यह रुद्राक्ष है। बड़े गुरुजी ने अपने हाथो से स्वयं प्रदान किया। इसको धारण करने से राजसभा से निमंत्रण प्राप्त होता है--यह कह रहे थे वे। यह ताबीज है। इसे धारण करके बड़े बड़े दुर्लघ्य मार्गो को भी मनुष्य सहज ही लाँघ जाता है।इसी के प्रभाव से तो इतने दूर के स्थान से मैं सहज ही यहाँ आ गया। यह भोजपत्र है। इस पर कुछ लिखा हुआ है। वह मैं पढ नहीं सकता । बड़े गुरुजी ने कहा था कि बच्चा प्रतिभा तो तेरी निर्मल है, लिखना और पढना भी सीख



ले।

**पंचा०**- *(हँसी उड़ाते हुए)*- देखो तो मूर्खता इसकी! जहाँ कहीं से कुछ तो भी उठा लाया और कह रहा है कि बड़े गुरुजी का प्रसाद है यह! मूर्ख! क्या हम सबको एकदम मूर्ख समझता है तू!

**कृच्छ्रा०**-गुरुजी, तो क्या यह धूर्त हम सबको बुद्धू बना रहा है?

**पंचा०**-और क्या?

**चांद्रा०**- वही तो हम भी कह रहे थे कि इतने कम समय में हिमालय तक जा कर यह वापस कैसे आ सकता है!

**निरं०**- *(व्यथा के साथ)* क्या करूँ? कैसे विश्वास दिलाऊँ?

यदि शपथ ले कर भी
विश्वास नही मैं दिला पाया
तो सत्य रसातल में रहे
और प्रतिष्ठित हो मिथ्या की माया।

**पंचा०**- अरे हमारे आगे क्या श्लोक बाँच रहा है? चार अक्षर क्या रट लिये कि अपनी पंडिताई झाड़ने लगा? चला जा यहाँ से।

**निरं०**- *(विषाद के साथ)*- जाता है यह अभागा। *(चला जाता है।)*

**पंचा०**-(निरंजन के द्वारा लाई गई वस्तुएँ माथे से लगा कर)- कितना प्रताप है गुरुजी का! निरक्षर बालक भी इस ताबीज के प्रभाव से दुर्लघ्य हिमालय को लाँघ कर लौट आया।

**कृच्छ्रा०**-क्या कह रहे हैं गुरुजी? आप ने तो कहा था कि ये वस्तुएँ नकली हैं।

**पंचा०**- मैं क्या ऐसा मूर्ख हूँ कि अपने गुरु की दी हुई वस्तुएँ न पहचान पाऊँ---

**चांद्रा०**- फिर निरंजन का आपने ऐसा अपमान क्यो किया?

**पंचा०**- अरे मूर्खो! चुपचाप रहो तुम लोग। तुम लोगो के हित की इच्छा से ही मैंने ऐसा किया है। निरंजन पाँच दिन में हिमालय जा कर गुरुजी का दर्शन कर के लौट आया -- यदि यह बात लोगो को पता चल जाये, तो वे निरंजन को बड़ा सिद्ध मानने लगेगें। हमें कौन पूछेगा फिर, सारे सेठ,साहूकार, जमींदार निरंजन के भक्त हो जायेगे। फिर तो तुम लोगो का अन्न जल भी समाप्त हो गया समझो। इसलिये सत्य वचन बोलने वाले उस बिचारे बालक मैंने तिरस्कार किया , सो तुम लोगो के कल्याण के लिये ही। अतः मेरा

यह आदेश है कि यह रहस्य कहीं भी खुलना नहीं चाहिये- समझ गये न?

**कृच्छ्रा०**- बस यब जिह्वा पर ताला लगा लिया समझ लीजिये-

**चांद्रा०**- हमने भी लगा लिया।

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी, क्या निरंजन को पहले की तरह गो सेवा और इँधन लाने आदि कार्यो में लगा दें?

**पंचा०**- हाँ ऐसा ही करो।

**कृच्छ्रा०**- तो मैं जा कर कहता हूँ उससे। *( निकल कर, हड़बड़ी में फिर प्रवेश कर)*- गुरुजी, बड़ा अनर्थ हो गया!

**पंचा०**- क्या हो गया रे?

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी! राजपुरुष पर बैठ कर रथ चला आ रहा है।

**पंचा०**- क्या कह रहा है मूर्ख!

**कृच्छ्रा०**- अरे. . . कहना कुछ और था घबराहट में मुँह से निकल गया कुछ और। गुरुजी, कोई राजपुरुष रथ पर बैठ कर चला आ रहा है।.वह नाम ले कर आप को ही पूछ रहा है।

**पंचा०**- मुझे पूछ रहा है। मैंने ऐसा क्या किया?

**चांद्रा०**- आपने निरंजन के साथ छल किया। उसने राजा के पास जा कर शिकायत कर दी होगी। तब राजा दंड देने के लिये आपके बुला रहे हैं ऐसा लगता है।

**पंचा०**- चुप रह मूर्ख! उस लड़के की क्या शक्ति राजा के पास पहुँचने की।

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी, लीजिये, यह राजपुरुष तो यहीं आ गया।

*(राजपुरुष का प्रवेश)*

**राज०**-*(पंचानन के पास पहुँच कर)* गुरुजी,पाँयलागी!

**पंचा०**- चिरजीवी रहो। कहो भाई, कैसे आना हुआ हमारे गुरुकुल में?

**राज०**- आप ही पंचानन मिश्र जी हैं?

**पंचा०**- और क्या? *(चांद्रायण से)*- चांद्रायण! जा कर झट से कुछ फल मूल तो ले कर आ।

**राज०**- रहने दीजिये, किसी औपचारिकता की आवश्यकता नहीं। आपके दर्शन हो गये इसी में कृतार्थ हो गये हम। किसी विशेष प्रयोजन से इधर निकले हैं हम। कई स्थानो पर जाना है। हमें



प्राणपुरनरेश महाराज ब्रह्मदेव ने भेजा है । आज से तीसरे दिन महाराज की बेटी राजकुमारी शारदा का विवाह होना है। मँहाराज ने स्वस्तिवाचन और वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिये सारे पंडितो को सादर निमंत्रित किया है। इसलिये आप को भी शिष्यो के साथ इस विवाह में आना है।

**पंचा०**- यह तो बड़े आनंद की बात है।

*(राजपुरुष का प्रस्थान)*

**राज०**- मै आपसे आज्ञा लूँगा अब। अन्यत्र भी जाना है।

*(राजपुरुष चला जाता है।)-*

**चांद्रा०**- गुरुजी, राजा का निमंत्रण मिला है। दक्षिणा तो तगड़ी मिलेगी।

**कृच्छ्रा०**- और भोजन भी बहुत बढिया ही मिलेगा वहाँ. पूड़ी, हलुआ, खीर-- सब कुछ रहेगा ही---

**चांद्रा०**- गुरुजी, निरंजन ने कहा ही था--

**पंचा०**- क्या कहा था उसने?

**चांद्रा०**- जो कोई भी बड़े गुरुजी के द्वारा दिया गया रुद्राक्ष धारण करेगा, उसे राजा का निमंत्रण मिलेगा। तो वह बात सच निकली।

**पंचा०**- हाँ यह तो सच है।

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी, संयोग से भी ऐसा हो सकता है।

**पंचा०**- अरे हमारे गुरुजी के दिये रुद्राक्ष पर संदेह करने की आवश्यकता नहीं। यह तो उन्हीं का प्रभाव है। तो अब चुप रहो तुम दोनों। कल प्राणपुर चलना है। देखो-- सारे बटु स्वच्छ वस्त्र पहन लें। जब मैं कहूँ तब पुरुषसूक्त या रुद्राष्टाध्यायी का पाठ करना है। यह हमारा बड़ा सौभाग्य है कि राजकुमारी का विवाह हो रहा है।

कृच्छ्रा०- निरंजन भी चलेगा हमारे साथ?

**पंचा०**- यदि निरंजन भी हमारे साथ चल दिया, तो इस गुरुकुल में कौन रहेगा? गायो को दुहना और उनका चारा-पानी यह सब कौन करेगा? रहने दो उसको यहीं।

**चांद्रा०**- फिर भी यह सोचना होगा---

**पंचा०**- अब क्या सोचना होगा?

चांद्रा०- गुरुजी, कुछ नहीं। भले ही रहे निरंजन यहीं पर। पर यह सोचना है कि--

**पंचा०-** अरे, यह क्या पर पर लगा रखी है? स्पष्ट क्यो नहीं कहता?

**चांद्रा०-** गुरुजी यह कह रहे थे हम कि --- कि---

**पंचा-** चांद्रायण! इस लाठी से सिर फोड़ दूँगा तेरा यदि ऐसे ही कि-- कि--करता रह तो---

**चांद्रा०-** गुरुजी, हम यह कह रहे थे कि निरंजन भी यहीं रहेगा और माता जी भी यहीं। तो यह उचित नहीं लग रहा है।

**पंचा०-** *(सक्रोध)* मेरे लिये आपको उचित-अनुचित की चिंता करने की आवश्यकता नहीं। जाओ तुम लोग अब।

*(चांद्रायण और कृच्छ्रायण का प्रस्थान)*

**पंचा०-** चांद्रायण ठीक कहता है। भानुमती और निरंजन दोनो को यहाँ छोड़ कर कैसे जाया जा सकता है? ऐसा करूँ। इस भानुमती को कुछ दिन उसके पिता के घर भेज दूँ। यदि वह चंडी इसके लिये तैयार हो जाए तो। पहले उसीको मनाना चाहिये। चलूँ, उसी को मनाऊँ।

*(प्रस्थान। निरंजन का प्रवेश)*

**निरं०-** गायो का चारा तो कर दिया। अब इंधन और ले आऊँ।

**चांद्रा०-** *(प्रवेश करके)*- निरंजन! किधर चला?

**निरं०-** इंधन लाने जा रहा हूँ भैया!

**चांद्रा०-** आज के लिये तो इंधन पर्याप्त है।

**निरं०-**हाँ आज के लिये तो पर्याप्त है। पर कल क्या होगा? इसलिये ले आता हूँ।

**चांद्रा०-** अरे निरंजन! क्या कल कल की चिंता में दुबलाया जा रहा है। कल इंधन की आवश्कता ही नहीं पड़ेगी।

**निरं०-** क्या कह रहे हैं आप?

**चांद्रा०-** अरे बड़े आनंद का समाचार है।

**निरं०-** क्या हो गया?

**चांद्रा०-** अरे राजा के यहाँ से निमंत्रण आया है। तुमने जो रुद्राक्ष ला कर दिया था न, उसने अपना प्रभाव दिखाया। हम लोग प्राणपुर जा रहे है।

**निरं०-** आप कह रहे हो कि उसी रुद्राक्ष के प्रभाव से राजा का यहाँ से निमंत्रण मिला। पर गुरुजी तो मेरे द्वारा ला कर दी हुई सामग्री को ही झूटी माते हैं।



**चांद्रा०-** गुरुजी को सब विदित है। तुमने जो सामग्री ला कर दी, वह असली है-- यह भी वे जानते हैं।

**निरं०-** जानते है वे? तब तो मैं धन्य हो गया। भैया, आपने यह सूचना दे कर बड़ा भार उतार दिया मेरे मन से।

**चांद्रा०-** निरंजन! तू बहुत भोला है। प्राणपुर से लौट कर आ जाऊँ, तो तुझे कुछ सिखाऊँगा। इतना सीधा सादा होने से काम नहीं चलता।

**निरं०-** भैया, आप तो मुझे लिपि का ज्ञान करा दीजिये। प्राणपुर की यात्रा में ही करा दीजिये। शास्त्र तो मुझे कई आते हैं। पर लिपि का ज्ञान नहीं, वर्णमाला जानता नहीं, तो विद्या निष्फल ही है।

**चांद्रा०-** प्राणपुर से लौट आऊँ, फिर सिखाऊँगा।

**निरं०-** प्राणपुर मैं भी तो चलूँगा न आप लोगो के साथ।

**चांद्रा०-** गुरुजी का आदेश है कि तुम यहीं रहोगे। गुरुकुल का ध्यान रखना है, गायो की सेवा करनी है।

**निरं०-***(निराशा के साथ)* अच्छी बात है। प्राणपुर में क्या कोई यज्ञ हो रहा है?

**चांद्रा०-** नहीं। वहाँ राजकुमारी का विवाह है।

**निरं०-** क्या कह रहे हो?

**चांद्रा०-** कह रहा हूँ कि राजकुमारी का विवाह है-- प्राणपुर के राजा की कन्या का। अरे तुम ऐसे कैसे हो गये जैसे साँप सूँघ गया हो। मुख का रंग ही उड़ गया। इसमें कौन सा अनर्थ हो गया?

**निरं०-** कुछ नहीं भैया! कोई अनर्थ नहीं।

**चांद्रा०-** चलूँ मैं। बहुत कार्य निपटाना है। कल प्रभात होने पर प्रस्थान की तैयारी करनी है। *(प्रस्थान)*

**निरं०-** अरे, राजकुमारी शारदा का भी विवाह हो रहा है। श्यामा! चांद्रायण ठीक कह रहा है। इसमें क्या अनर्थ? ऐसी ही है संसार। मार्ग में उससे भेंट हुई थी। मिल कर उससे फिर मैं अलग हो गया। विवाह हो जाने पर हो सकता है फिर कहीं मिले वह ऐसे ही। फिर भी मन में कल्पनाओ के कई विकल्प क्यो आते जाते रहे? अपने मन की बात किसे बताऊँ? श्यामा! तू जानती है क्या मेरे मन की बात?

(ध्रुवागीति)

छले गये हम
चकित हुए हम
और दुःख में रोये हम
लोग हँसे हम पर ।
इतना ही था जीवन
मिले अपनो से और
बिछड़ गये हम।

*(प्रस्थान)*

**।।छठा अंक समाप्त।।**



## सातवाँ अंक

*(उदारसिंह का प्रवेश)*

**उदार०**-तेजसिंह! तेजसिंह! कहाँ हो भाई? *(परिक्रमा कर के)* चारो ओर इतनी भीड़ है। इधर से ये दासियाँ चली आ रही हैं विवाह की सामग्री थालियो में ले ले कर। सारे राजमहल में मंगलगान के सुर गूँज रहे हैं। आनंद से भरे इस कोलाहल में तेजसिंह मेरी पुकार कहाँ सुनेगा? *(फिर से परिक्रमा कर)* अरे उधर कंबुग्रीव नाम के बौने को दासियाँ बालक की तरह नचा रही हैं। लो अब यह उनके बीच से बच कर भागा और इधर ही आ रहा है। संगमर्मर के फर्श पर फिसल रहे हैं इसके छोटे छोटे पाँव। (ऊँचे स्वर में)- अरे भैया कंबुग्रीव! ऐसी जल्दी में कहाँ चल दिये? क्या कहा? क्या कहा? बारात आ गयी -- यह समाचार महाराज को बताने जा रहा हूँ? तब तो जल्दी जाओ। *(सुन कर)*- क्या पूछ रहे हो? कि विवाह के आनंद में उगमता यह आँगन छोड़ कर तुम कहाँ चले-- ? भैया मैं तेजसिंह को ढूँढ रहा हूँ। बड़ी रानी जी ने कहा है कि देवी के दर्शन के लिये वधू को ले जाना है। तेजसिंह और मैं दोनो साथ जायेगें। *(फिर से सुन कर)*- क्या कह रहे हो? कि तेजसिंह को तुमने अभी अभी घुड़साल के द्वार पर सारथि से झगड़ते देखा है? अब वह बिचारा ऐसे अवसर पर भी अपने झगड़ालू स्वभाव क्यो छोड़े? तो ठीक है, मैं घुड़साल जा कर उसे बुला लाता हूँ।

**प्रज्ञा**- *( अपटीक्षेप के द्वारा प्रवेश कर के)*- उदारसिंह! कितनी देर से मैं तुम्हें ढूँढ रही हूँ। राजकुमारी जी तैयार हैं देवी दर्शन के लिये। सारथियो के आदेश दो रथ लगा दें।

**उदार०**- वही कर रहे हैं देवी जी! यह कंबुग्रीव कह रहा था कि बारात तो आ ही गयी।

**प्रज्ञा**- हाँ सुना है हमने भी। राजकुमारी जी के स्नेह के कारण और कौतुक के कारण मति और स्मृति तो देखने भी गयी हैं दूल्हे को। मैं भी अभी जा कर राजकुमारी जी को द्वार तक ले कर आती हूँ। सारथियो से कहो रथ वहीं लगायें।

**उदार०-** ऐसा ही करता हूँ।

*(दोनो चले जाते हैं। विष्कंभक समाप्त)*

*(थका माँदा और तेजी से चलता हुआ निरंजन प्रवेश करता है।)*

**निरं०-** श्यामा, श्यामा! कहाँ है तू? *(दुःख के साथ)-* अरे एक एक करके सब मुझे छोड़ रहे हैं। पहले तो गुरुजी माताजी और शिष्यो को को ले कर चले गये राजकुमारी के विवाह में। फिर दोपहर से श्यामा का कहीं पता नहीं। न कहीं से इसकी कूक सुनायी पड़ रही है। *(परिक्रमा करके)* बड़ी देर से यह कहीं छिपी बैठी है। दिन भर से कुछ खाया ही नहीं मैंने। श्यामा से पूछ कर ही खाता हूँ। गाये चराने इस वन में आया था। पता नहीं कैसे भटक गया। वास्तव में तो भटका नहीं था मैं। इस श्यामा ने भटका दिया। भोर से ही यह- एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर उड़ उड़ कर मुझे बुलाती रही और इस वन में ले जा कर भरमा दिया, जिसका कोई और छोर पता ही नहीं चल रहा। तो मैं खाऊँ भी क्या? इस वन में तो सब ओर कँटीले पेड़ हैं, फल वाला कोई पेड़ नहीं। न कहीं पानी है। दो दिन हो गये गुरुजी को गये। आज राजकुमारी का विवाह हो रहा होगा। सारा संसार आनंद में है। मैं ही दुखी हूँ। *(परिक्रमा कर के)-* अरे उधर पीपल के पेड़ से वह वानर खी--खी-- कर के मेरी हँसी उड़ा रहा है। सूखा वन है। मेरे पाँव के स्पर्श से धरती पर गिरे पत्ते मर्मर कर के कराह रहे हैं। अरे, आगे तो आग फैली हुई है। इस ओर बड़ा भारी अजगर है। इधर यह सेंहुड़ की डाल पकड़ कर लटका हुआ पेड़ से गिरती शहद की बूँदें कौन चाट रहा है?

*(यथानिर्दिष्ट पुरुष का प्रवेश)*

हे पुरुष! यहाँ से झटपट भाग चलो! तुम्हारे पीछे आग लगी हुई है। आगे बहुत बडा अजगर तुम्हें ग्रसने के लिये मुँह फैलाये हुए है।

**पुरुष-** निरंजन! आ, तू भी इस मधु का स्वाद लेले।

**निरं०-**भैया, तुम ही उस मधु का स्वाद लेते रहो भरपूर। मैं अपनी श्यामा को खोजता हूँ।

**पुरुष-** तुम्हारी इच्छा। तुम श्यामा को खोजो या वामा को, मैं तो मधु पिऊँगा।

**निरं०-** भले पिओ मधु, पर ध्यान रखना। एक ओर दावानल है,



दूसरी ओर ग्रसने के लिये मुँह फैलाये अजगर है। *(परिक्रमा कर के)* श्यामा, श्यामा!

*(मधुपायी पुरुष चला जाता है। नेपथ्य से चिड़िया का कूजन)*

**निरं०-** लो, यह उधर से कूक रही रही है। आज तो व्यर्थ भटका भटका कर इसने मुझे सता लिया। *(परिक्रमा कर, देख कर)-* यह मार्ग तो कुछ परिचित सा प्रतीत होता है। *(ध्यान से देख कर)-* अरे, यह तो वही पर्णकुटी है, जो मैंने पहले विदेह गाँव से गुरुकुल आते समय मार्ग में देखी थी। ओफ् ओ! कहाँ ले आई यह श्यामा मुझको? और एकदम भूख प्यास से बेहाल अलग हूँ। उस पर्णकुटी में वही बुढिया होगी अपना चर्खा चलाती हुई।

*(यथोक्त बुढिया का प्रवेश)*

**निरं०-** माँ! मैं भूख और प्यास से व्याकुल हूँ। कुछ पानी हो, तो दे दो।

**बुढिया-** पानी कहाँ है यहाँ? वह तो सब बादल ले गये।

**निरं०-** अरे, जब जब मैं यहाँ आया, तुमने इसी तरह बात बना दी। पानी तक नहीं दिया पीने को। क्या निकल रहा है तुम्हारे इस चर्खे में से?

**वृद्धा-** इस चर्खे में से निकल रहे हैं एक चकवा और एक चकइ।

**निरं०-** अरे यह को उसी तरह उल्टा सीधा बोलती है। तो कहाँ जाऊँ अब?

**बुढिया-** चौराहे पर चला जा।

**निरं०-** इसकी उल्टी सीधी बातो से कुछ नहीं मिलने वाला। आगे चलूँ।श्यामा, श्यामा! कहाँ हो तुम/

*(नेपथ्य से फि चिड़िया का कूजन)*

**निरं०-** यह मुझे उधर से बुला रही है। श्यामा, बड़ी दूर निकल आये हम भटकते हुए। अब किसी तरह गुरुकुल लौट चलें। *(परिक्रमा कर के)-* अरे पाँच रास्ते फूट रहे हैं यहाँ. किस रास्ते से जाना है।

*(ध्रुवा गीति)*

भटक रही है बुद्धि इधर
खड़ा हुआ मैं चौराहे पर
नहीं जानता मुझको किस पथ पर

आगे जाना होगा
रस्ते पाँच यहाँ मिलते हैं
सूना जंगल आसपास है।

निरं०- इस पाँचवे रास्ते पर देवी का मंदिर है। वहीं जाता हूँ। *(प्रवेश का अभिनय कर के)*- ये रहीं देवी। हे देवि! एकदम थकामाँदा भूखा प्यास तुम्हारे पास आया हूँ। तो क्या स्तुति करूँ? टूटते अक्षरो से रुँधते गले से कुछ स्तुति गाता हूँ।

एक अकेला
रहा घूमता
और भाग्य से तेरे
निकट देवि मैं आया फिर से।
मुझे सताती
क्षुधा पिपासा
शरण तुम्हारी
केवल मेरी गति है।
मुझे मृत्यु अब
नहीं इष्ट है,
माता अपने सुत को
यहाँ बचा ले
एक दृष्टि से अपनी
इसको सरसा दे।
तेरी कौन भला कर पाये तेरी स्तुति
कौन तुम्हारा या कर पाये दर्शन
एक निरंजन और अकिंचन
उसकी फिर क्या गति?

*(विकलता का नाट्य करता हुआ मूर्च्छित हो कर धरती पर गिर पड़ता है। उदार सिंह और तेज सिंह का प्रवेश)*

**दोनो-** रास्ते से हटो, रास्ते से हटो।

**शाकटा०-** *(प्रवेश कर के)*- आप दोनो का कल्याण हो। लगता है आप प्राणपुर के राजा के सेवक हैं।

**उदार०-**और क्या? आप कुशल से तो हैं पूज्यवर?

**शाकटा०-** देवी शारदा की महिमा से सकुशल हूँ मैं। कुछ वर्ष पहले



प्राणपुर की राजकुमारी शारदा देवी यहाँ आयीं थीं एकबार। उन्होने मेरी दुर्दशा देख कर प्राणपुर लौट कर मेरे लिये वृत्ति बँदवा दी।कल्याण हो उन राजकुमारी जी का।

**तेज०-** वे ही राजकुमारी जी आ रहीं हैं फिर से।

**शाकटा०-** ऐसी बात है? तब तो मैं धन्य हुआ।

**उदार०-** पुजारी जी राजकुमारी जी का विवाह है। फेरे पड़ने के पहले वे देवीदर्शन के लिये आयी हैं।

शाकटा०- यह मेरा बड़ा सौभाग्य है। राजकुमारीजी तो स्वयं देवी का ही रूप हैं। तो पूजा के लिये सामग्री ले आऊँ।

*(चला जाता है। सपरिवार राजकुमारी का प्रवेश)*

**प्रज्ञा-** उदारसिंह, सारथियो से कहो, जब तक राजकुमारी जी पूजा कर रही हैं, तब तक घोड़ो का चारा-पानी करा लें।

**उदार०-** जैसी राजकुमारी जी की आज्ञा। तेजसिंह, चल अपना काम निपटा लें।

*(दोनो का प्रस्थान)*

**प्रज्ञा-** मंदिर में अब एकदम एकांत है। जो करना हो उस पर विचार कर लो।

**धृति-** मति, स्मृति! तु लोगो ने अच्छी तरह देखा था?

**मति और स्मृति-** क्यो बार बार वही वही बात पूछ कर हम लोगो का जी और भी दुखा रही हो? अच्छी तरह देखा उस दूल्हे को। जैसा बताया वैसा ही है।

**प्रज्ञा-** ऐसा है कि यदि तुम लोग हँसी कर रही हो, तो सच बता दो। राजकुमारी जी के लिये यह जीवन-मरण का प्रश्न है।

**मति-** क्या हम लोग इतनी मूर्ख हैं कि हँसी कब करनी है यह भी न जानती हों?

*(फफक फफक कर रोने लगती है)*

**शारदा-** मति, दुखी मत हो। मैं जान गयी। तुमने और स्मृति ने सच कहा है। अन्य ही किसी युवक को वरेक्षा के समय दिखा कर अपने काने और कुरूप पुत्र से मुझे ब्याह लेना चाहता है शक्तिनगर का राजा। मैं पहले ही यह संबंध नहीं चाहती थी। पर पिता ने वचन दे दिया था, इसलिये कुछ नहीं बोली।

**धृति-** यह विवाह हो गया तो राजकुमरी जी का तो जीवन ही नरक

बन जायेगा।

**प्रज्ञा-** स्त्रियो को अबला मान कर धूर्त लोग इस तरह छल करते हैं। तो हम लोगो को कोई उपाय सोचना चाहिये।

**शारदा-** हल्दी लगी यह देह आग में झौंक दूँगी, पर उस एक आँख वाले से विवाह न करूँगी।

**प्रज्ञा-** आपके शत्रुओ का नाश हो। सखियो, पहले तो हम देवी का पूजन कर लें। फिर जो करना है, उस पर सोचें।

**धृति-** आइये राजकुमारीजी. इधर से आइये।

*(सब मंदिर में प्रवेश का नाट्य करती हैं।)*

**सखियाँ-** जय हो देवी की। हे देवी, हमारी राजकुमारी जी को इच्छित वर दो।

**मति-** *(निरंजन को देख कर)* अरे राजकुमारी जी! वर तो यहीं है।

**प्रज्ञा-***(निरंजन को देख कर सहर्ष)*- राजकुमारी जी, अब तो सारी समस्या का समाधान हो गया।

**शारदा-** ये तो हैं मेरे प्रिय। जो हर यात्रा में मुझे मिलते रहे हैं। सखियो, देखो तो यह कैसे खाली धरती पर सो गये हैं।

**धृति-** मति, पानी तो ला। लग रहा है ये महाशय मूर्च्छित हो गये हैं।

**शाकटा०-***(प्रवेश कर के)*- यह रही पूजा की सामग्री--

**मति-** जल दीजिये जल!

**शाकटा०-** यह पूजा का जल है।

*(मति पात्र ले कर निरंजन के ऊपर पानी छींटती है)*

**निरं०-***(होश में आ कर)* क्या मैं गुरुकुल में आ गया? क्या चांद्रायण भाई आये? भैया चांद्रायण! आपने मुझे लिपि का ज्ञान कराने का वचन दिया था। तो क्या आज से ही आरंभ करें?

**धृति-** *(घबरा कर)*- राजकुमारी जी, लगता है इन्हे तो सन्निपात हो गया है।

**शाकटा०-** घबराइये नहीं, देवी की कृपा से सब कुछ शुभ होगा।

**प्रज्ञा-** देवी की कृपा से ही तो वर मिला है पुजारी जी!

**स्मृति-** महाशय जी आप यहाँ कैसे आ पहुँचे?

**निरं०-***(स्वस्थ हो कर)*- यहाँ कैसे आ गया यह तो नहीं जानता। पर बहुत भूखा हूँ - इतना जानता हूँ।



**मति-** भूखे हैं आप? किस तरह की भूख सता रही है आपको?

**निरं०-** किस तरह की से क्या आशय? भूख तो एक ही तरह की होती है।

**मति-** नहीं, यह तो आपने सत्य नहीं कहा। देखिये-

विद्या की भूख से ज्ञान और विवेक मिलता है। और रूप
की भूख से बुद्धि और विचार का नाश होता है।

**निरं०-** ये सभी भूख के प्रकार तो हैं केवल विकार। सत् है केवल भोजन की, अन्न की भूख।

**प्रज्ञा-** वाह, क्या मुँह बंद करने वाली बात कही है!

**निरं०-** मुँह बंद करने वाली बात कहने वाले को अपने मुँह में डालने के लिये चना- चबैना तक नहीं!

**प्रज्ञा-** महाशय जी, आप इतने दुखी क्यों हो रहे हैं? आप इतने प्रतिभाशाली हैं। ऐसा तेजस्वी आपका ज्ञान है। आपतो राजकुल में सम्मान के योग्य हैं।

**निरं०-** नहीं जी, मैं ठहरा दरिद्र और भूख का मारा।

मुझे नहीं चाहिये सम्मान, न धन का दान भवन
न राज्य न साम्राज्य, न वैभव महान्
मेरे लिये यही बस है केवल कल्याण
मुट्ठी भर अनाज का मुझ को मिल जाये जो दान।

**शाकटा०-** आप लोग देवी की वंदना कर के प्रसादरूप ये फूल ले लीजिये। सबका मंगल होगा।

*(पूजा का अभिनय कर के माला शारदा को देता है)*

**मति-** राजकुमारीजी, आइये, चलें। महाशय, आप भी आइये।

**निरं०-**मैं कहाँ आऊँ? आप लोगो का मार्ग अलग है, मेरा अलग।

**शारदा-** ऐसा मत कहिये। अब तो हम लोग एक ही मार्ग से चलेंगें।

**स्मृति-** ये हमारी राजकुमारी जी हैं। इन्होने इसी मंदिर से बहुत पहले आप को ज्ञानपुर के गुरुकुल तक पहुँचाया था। फिर इन्होने ही आपको कुछ समय पहले जोशीमठ पहुँचाया। इनको भूल गये क्या?

**निरं०-** भूख से व्याकुल अवश्य हूँ, पर इनकी कृपा मैं कैसे भूल सकता हूँ? इन्ही का तो आज शुभविवाह है। ये सौभाग्यवती रहें।

**धृति-** आपने कैसे जाना कि इनका विवाह है आज?

**निरं०**- इन्ही के विवाह में मेरे गुरुजी गये हैं शेष सभी शिष्यो को ले कर।

**प्रज्ञा**- इसीलिये तो आपको भी चलना है विवाह में सम्मिलित होने के लिये।

**निरं०**- मेरा वहाँ क्या काम? मैं तो किसी तरह अपनी इस दुरंत भूख को मिटाऊँ और गुरुकुल लौट जाऊँ।

**मति**- सचमुच भूखे हैं आप। चलिये पहले आपकी भूख का उपचार करते हैं। आइये हमारे साथ।

**निरं०**- कहाँ?

मति- वहीं, प्राणपुर-- और कहाँ? *(साभिप्राय)* अब तो आपके सान्निध्य में ही हमारी राजकुमारी जी का विवाह होगा।

**निरं०**- यदि प्राणपुर चला जाऊँगा, तो गुरुकुल कैसे लौट पाऊँगा? यदि वहाँ नहीं लौट पाया, तो गुरुजी बहुत कुपित गोंगें।

**सखियाँ**- हम लोग आप को गुरुकुल भी पहुँचा देंगें। आइये, अभी तो साथ आइये।

**शारदा**- *(शाकटायन से)*- ब्राह्मणदेवता, मैं प्रणाम करती हूँ।

**शाकटा०**- आप लोगो का कल्याण हो।

*(सबका प्रस्थान)*

## ।।सातवाँ अंक समाप्त।।



## आठवाँ अंक

*(शिषयो के साथ पंचानन मिश्र और बटु वेष में भानुमती का प्रवेश)*

**चांद्रा०**- आओ जल्दी से आओ सब लोग। नहीं तो देर करने पर भोजनशाला में बहुत भीड़भाड़ हो जायेगी।

**तंद्रा०**- भोजन कहाँ हो रहा है?

**चांद्रा०**- भोजनशाला में ही तो।

**कृच्छ्रा०**- गुरुजी, आइये शीघ्र आइये।

**पंचा०**-अरे कृच्छ्रायण! क्या रसोई आरंभ हो गयी?

**कृच्छ्रा०**- और क्या, और क्या गुरुजी! कुछ ब्राह्मण तो भोजन कर के और दक्षिणा ले कर इधर से जाते हुए भी दिखायी दिये हैं।

**मंद्रा०**- क्यों भैया कृच्छ्रायण, क्या हमें भी दक्षिणा मिलेगी?

**चांद्रा०**- क्यो नहीं मिलेगी? हम भी तो पंक्तिपावन ब्राह्मण हैं।

**कृच्छ्रा०**- *(इधर उधर देख कर, चांद्रायण से अकेले में)*- चांद्रायण, गुरुआइन बटुक के वेष मे कितनी अच्छी लग रही हैं।

**चांद्रा०**- चुप रह। यदि रहस्य खुल गया तो राजा धक्का दे कर सबको निकलवा देगा।

**भानु०**- *(पंचानन से)*- मैं नहीं जाऊँगी।

**पंचा०**- क्यों?

**भानु०**-आपके शिष्य भी चोरी छिपे मुझे ताक ताक कर हँस रहे हैं। सभी लोग मुझी को देखते रहते हैं। लगता है कुछ लोगो को तो पता चल गया है। अभी एक धूर्त उल्टा सीधा बोल रहा था--

**पंचा०**- क्या बोल दिया?

**भानु०**- *(लजा कर)* मैं न बताऊँगी।

**पंचा०**- अरी, बता तो। क्या मेरे शिष्यो में से किसी ने कुछ कहा?

**भानु०**- न, न। वे हैं , राहटा गाँव से जो आये हैं--

**पंचा०**- हाँ, जानता हूँ उसे। वह मदांक शर्मा। उसकी तो दृष्टि में ही खोट है। क्या कह रहा था वह?

**भानु०**- *(लज्जा के साथ मुस्कुराते हुए)*- वह कह रहा था -- अरे ब्रह्मचारी, तू तो बड़ा चिकना चिकना है। लड़की की तरह लग रहा है। यदि तू युवती होता, तो मैं तुझ से विवाह कर लेता।

**पंचा०**- यह कहा उसने! मैं इस लाठी से उसकी कपालक्रिया कर दूँगा।

**भानु०**-चुपचाप रहिये आप। कुछ नहीं करना है, न किसी से कुछ कहना है। एक तो यही ठीक नहीं हुआ कि मैं पुरुष के वेष में यहाँ चली आयी। क्यो आ गयी मैं यहाँ?

**पंचा०**- मैंने तो कहा ही था कि देवि, हे चंडी, दो तीन दिन अपने मायके जा कर रह ले।

**भानु०**- *(चिढ कर)* आप तो चाहते ही यही हैं कि मैं कहीं न जाऊँ और कुछ भी देखने का अवसर न मिले मुझे। जाइये आप।

**पंचा०**- चलो यहाँ से तो चलो।

**भानु०**- मैं नहीं आती।

**पंचा०**- अरे भोजन के लिये चलते हैं।

**भानु०**- मुझे भूख नहीं है।

**कृच्छ्रा०**- आइये, गुरुजी आइये। *(भानुमती से)*- अरे बटुक, तू भी जल्दी आ।

**चांद्रा०**- अरे मूर्ख! गुरुआइन का अपमान कर रहा है।

**कृच्छ्रा०**- मैंने क्या कहा?

**चांद्रा०**- उनको बटुक कह रहा है!

**कृच्छ्रा०**- अरे मूर्ख गुरुजी का आदेश है कि उन्हें बटुक ही कहना है।

*(नेपथ्य से गीत और मांगलिक वाद्य)*

**तंद्रा०**- अरे, दूल्हे को भीतर ले जा रहे हैं महल में। चलो, दूल्हा देखने चलें।

**भानु०**-*(कौतुक के साथ)*- सुनिये, मैं भी दूल्हा देख कर आती हूँ।

*(तंद्रायण के साथ जाती हुई उसे पंचानन बलपूर्वक खींच कर अपने साथ ले जाते हैं। तंद्रायण का प्रस्थान। सब परिक्रमा करते हैं। कक्कुट पंडित और भूमिधर शर्मा का प्रवेश)*

**कक्कुट०**- नमस्कार। हम हैं खटौली गाँव के पंडित कक्कुट शर्मा। कर्मकांड सब जानते हैं। सब करा देते हैं। हम ऐसा अनुष्ठान कराते



हैं पुत्र न हो कि तो वंध्या को भी पुत्र तत्काल हो जाये। जातकर्म, और्ध्वदैहिक सब कराते हैं। भूत,प्रेत,पिशाचो की बाधा दूर करने के लिये सारा तंत्र हमसे करा लो। आप कहाँ के हैं क्या नाम है?

**पंचा०**- मैं पंचानन मिश्र हूँ। ज्ञानपुर के गुरुकुल में कुलपति हूँ।

**भूमिधर**- भइ, शिष्य तो अच्छे जुटा रखे हैं तुमने पंचानन!

**पंचा०**- आपका परिचय?

**भूमि०**- मैं कर्कटक गाँव का पंडित भूमिधर। ज्योतिष का अभ्यास है अपने को। हस्त- रेखा, गणित, जन्मलेख सब सधा हुआ है। *(भानुमती को देख कर)*- आपका यह शिष्य बड़ा अच्छा है। क्यो रे क्या नाम है तेरा?

*(भानुमती घबरा कर पंचानन का मुँह ताकती है)*

**भूमि०**- अरे मूरख, क्या अपने गुरु के मुख को देखता है। कुछ पढ़ाया नहीं क्या तेरे को?

**पंचा०**- इसने मौनव्रत ले रखा है।

**भूमि०**- मौनव्रत? किस कारण से?

**पंचा०**- इसकी कुछ प्रतिकूल ग्रहदशा चल रही है। उसके निवारण के लिये।

**भूमि०**- कैसी दशा चल रही है। शनि की महादशा है कि राहु की। मैं उसका उपाय बता दूँगा। इसकी रेखाएँ देखूँ। जरा हाथ दिखा बालक!

**पंचा०**- रहने दीजिये पंडित जी! अभी अवसर नहीं है हाथ दिखाने का। भोजन का समय निकला जा रहा है। पहले भोजन कर लेते हैं।

**कक्कुट०**- यह तो ठीक कहा। सौ काम छोड़ कर भोजन करना चाहिये।

*(सब परिक्रमा करते हैं। हड़बड़ी में तंद्रायण का प्रवेश)*

**तंद्रा०**-चांद्रायण! कृच्छ्रायण! अरे बड़े अचरज की बात हो गयी!

**चांद्रा०**- क्या हो गया?

**तंद्रा०**- मैंने निरंजन को देखा अभी अभी!

**चांद्रा०**- निरंजन? निरंजन यहाँ कहाँ? वह बिचारा तो गुरुकुल में ही रह गया।

**तंद्रा०**- मैंने उसको यहीं देखा। दूल्हे के वेष में।

**कृच्छ्रा०-** दूल्हे के वेष में देखा? अरे तंद्रायण, तू सदा ऊँघता रहता है, और सपने देखता रहता है।

**तंद्रा०-** अरे सचमुच उसे मैंने दूल्हे के वेष मे देखा। मुँह तो उसका फूलो की मालाओ से ढका हुआ था। हाथ से मालाएँ हटा कर उसने देखा , तभी मैंने उसे देख लिया। वह निरंजन ही था। सच कह रहा हूँ।

*(कृच्छायण, चांद्रायण और मंद्रायण हँसते हैं)*

**पंचा०-**अरे चांद्रायण, यह हँसी-ठिठौली का समय नहीं है। जल्दी आओ। तुम लोग जब देखो तब हँसी ही करते रहते हो।

**चांद्रा०-** गुरुजी, यह तंद्रायण कह रहा है कि इसने निरंजन को देखा है।

**पंचा०-** निरंजन? कौन निरंजन?

**चांद्रा०-** निरंजन आपका शिष्य। जिसे हम लोग गुरुकुल में छोड़ आये हैं।

**पंचा०-** अच्छा वह निरंजन? इसने देखा? तंद्रायण ने? तंद्रा मे देखा था कि स्वप्न में,क्यों रे?

*(तंद्रायण को छोड़ कर शेष सभी शिष्य हँसते हैं।)*

**तंद्रा०-** न स्वप्न मे देखा, न तंद्रा में। प्रत्यक्ष प्रमाण से उसे देखा यहीं और पहचाना भी।

**च्छ्रा०-** देख भाई तंद्रायण, जहाँ गुरुकुल है, वहाँ निरंजन है। यहाँ गुरुकुल
नहीं है इसलिये यहाँ निरंजन नहीं है।

**द्रा०-** तो प्रत्यक्ष को प्रमाण नहीं मानते तुम लोग? अनुमान से प्रत्यक्ष को काट दोगे?

तंद्रा०- हाँ, तंद्रायण की तंद्राकुल दृष्टि के कारण प्रत्यक्ष न हो कर प्रत्यक्षाभास हुआ।

**कक्कुट०-** अरेपंडितो, कैसी शास्त्रचर्चा में लगे हो तुम लोग। आओ आओ, लगता है भोजनशाला में भोज़न आरंभ हो चुका।

*(सबका प्रस्थान। सखियो सहित वधूवेष में शारदा तथा वर वेष में निरंजन का प्रवेश)*

**शारदा०-** फिर?

**प्रज्ञा-** फिर हमारे महाराज ने शक्तिनगर के राजा से कहा- 'काने



राजकुमार को हमारी बेटी के साथ छल से ब्याहना चाहते हो!
वरेक्षा के समय कोई और सुंदर युवक राज- कुमार बता कर दिखा दिया और हमें धोखा दिया। अब यदि जीवित रहना चाहते हो, तो चुपचाप यहाँ से चले जाओ तुम लोग सब, नहीं तो सशस्त्र सैनिको ने घेर रखा है यह जनवासा। कोई भी यहाँ से जीवित बच कर नहीं निकल पायेगा।'

**शारदा-** ठीक कहा पिता जी ने। फिर उस दुष्ट शक्तिनगरराज ने क्या कहा?

**प्रज्ञा-** वह क्या कहता? काने राजकुमार को तो हमने पहले ही बंदी बना लिया था, इसलिये उसके पक्ष के लोग समझ रहे थे कि यदि कुछ भी कहेंगे, तो काना अंधा बन निकलेगा। उसके भय से सारे बराती भी चुपचाप यहाँ से निकलने की तैयारी कर रहे हैं।

**मति-** चलिये राजकुमारीजी, जो हुआ, सो अच्छा ही हो गया। अब बड़े मनोरथो से मिले अपने प्रिय को मनाइये।

प्रज्ञा- जीजा जी तो अभी भी रूठे हुए और दुखी दिख रहे हैं।

**मति-** राजकुमारी जी कोई जल्दी नहीं। अपने प्रिय को धीरे धीरे प्रसन्न करिये।

प्रचंड क्रोध वाले गुरु और वर्षा में उफनाती नदियाँ
रूठे हुए और प्रिय - ये सब प्रसन्न होते हैं धीरे धीरे।

**स्मृति-** राजकुमारीजी, हम जीजाजी से बातचीत करें।

**शारदा-** *(हँस कर)* करो।

**स्मृति-** जीजाजी, क्या अभी तक आप रूठे हुए हैं।

**निरं०-** अरे जीजा जीजा यह संबोधन सुन सुन कर कान फूट गये। मुझे यह संबोधन ही अच्छा नहीं लग रहा है।

**मति-** फिर हम आप को क्या कह कर बुलाएँ?

**निरं०-** कुछ भी कह कर मत बुलाइये। *(शारदा से)*- राजकुमारीजी, आपने मुझे किस पचड़े में फँसा दिया?

**धृति-** अब आप फँस तो गये ही हैं। तो जी कड़ा कर लीजिये।

**मति-** महाशय जी, खिन्न मत होइये। शारदा और लक्ष्मी दोनो आप को स्वयं मिल गयी हैं। तो प्रसन्न मन से इन्हें स्वीकार करिये।

**प्रज्ञा-** विवाह तो आप का हो ही गया। ये हमारी राजकुमारी जी आप की भार्या बन गयीं और आप पर इनका अब पूरा अधिकार है।

हम लोग इनकी बहने ठहरीं, तो हम भी आपकी आधी आधी भार्याएँ हो गयीं।

*(सब हँसती हैं।)*

**निरं०**-जाइये आप लोग। एकदम भूखे और प्यासे मुझ अभागे के मर्म पर घाव करते इन वचनो से और मत सताइये।

**शारदा**- सखियो! तुम लोग बार बार भूल जाती हो कि मेरे प्राणप्रिय भूखे हैं। भोजन ले कर आओ।

**स्मृति**- हाँ वही लेकर आते हैं तुरंत। जीजाजी, बताइये, क्या खायेंगें? पूरी, पराठे, खीर, हलुवा, जलेबी, लड्डू---

**निरं०**- इन छप्पन व्यंजनो से क्या? दो रोटियाँ और दाल ले आइये बस या शाक।

*(सब एक दूसकरे को ताकती हैं।)*

**मति**- क्या सादगी है।

**धृति**- कितना त्याग है।

**स्मृति**- रोटियाँ कैसी चाहिये-- मिस्सी की रोटी या सादी? लोहे के तवे पर बनी या मिट्टी के तवे पर? रोटियो के साथ चटनी कैसी होगी--

**निरं०**- इतने नामो से तो मुझे एकदम आतंकित ही कर दिया आपने।

सौ सौ पकवान बुलाये जाएँ तो उससे क्या
भूखे को समय पर न यदि भोजन मिल पाये?
फसल सूख जाने पर जो होती है वर्षा
उससे किसान का कैसे जी हरषाये?

**स्मृति**- राजकुमारीजी, मुझे तो लग रहा है कि हम लोगो को जीजाजी अपने राग-रंग में विघ्न मान कर यहाँ से भगाना चाहते हैं इसलिये भूखे होने का बहाना कर रहे हैं।

**शारदा**- अब और परिहास मत कर। मेरे प्रिय सचमुच भूखे हैं। इन्होने वहाँ देवी के मंदिर में ही कह दिया था कि भूख लगी है--

**मति**- तो ठीक है। हमारी भोजनशाला में खाद्यपदार्थ का क्या अभाव? चलो सब लोग चलो। जब तक राजकुमारी जी अपने रूठे प्रिय को मनायें, तब तक हम लोग भोजन की सामग्री ले कर आयें।

*(हँसती हुई सखियाँ चली जाती हैं।)*



**शारदा**- प्रिय, क्या आप सचमुच रुष्ट हैं?

**निरं०**-यह आपने क्या किया राजकुमारीजी? छल से मुझसे ब्याह कर लिया?

**शारदा**- छल से क्यों? मैंने स्पष्ट कहा कि में आपको चाहती हूँ और आपसे ही विवाह करूँगी। फिर माता-पिता की आज्ञा से सात फेरे डाल कर अग्नि की साक्षी में गुरुजनो के समक्ष वैदिक विधि से हमारा ब्याह हुआ है।

**निरं०**- पर मैं तो अज्ञातकुल गोत्र वाला ठहरा--

**शारदा**- कुल और गोत्र की तो बात ही दूर रही, मैंने तो आपका नाम तक नहीं पूछा, न जाना। पर मैं आपको जानती हूँ-- आप मेरे जन्म-जन्म के प्रिय हैं--

**निरं०**- काने राजकुमार से बचने के लिये रास्ते में जो मिल गया उसे दूल्हा बना लिया -- यही है जन्म जन्म का प्रिय होना।

**शारदा**- ऐसी बात नहीं है। आज तो मेरे चिर संचित मनोरथ पूरे हो गये। जब से गुरु- कुल जाते हुए पहली बार मैंने तुम्हे देखा-- तब से तुम्हारा ही ध्यान करती रहती थी। तभी से पति के रूप में मैंने आपका वरण कर लिया था--

**निरं०**- मैं तो आप के लिये अस्पृश्य ही हूँ---

**शारदा**-- अस्पृश्य कैसे?

**निरं०**- कोपल जैसे ये कोमल गात
श्रम से गट्ठे पड़े पड़े हुए हाथो से छू लिये यदि
तो मैले हो जायेगें।

**शारदा**- ऐसा मत कहिये।

सरसा जायेगा देह आपके छूने से मेरा
जो निष्प्राण अभी तक था
और बना हुआ था निस्पंद।

**निरं०-(न सुनता हुआ खिड़की से बाहर देखता हुआ)**- अरे भोजन शाला में कितनी भीड़ भाड़ है। परसना आरंभ भी हो गया!

**शारदा**- क्या आपको कुछ भी अच्छा नहीं लग रहा? यह हमारी रतिशाला है। विवाह के बाद पहली बार हम मिले हैं। आप मेरे चिर सखा हैं। हम पहली बार उस मंदिर मे मिले थे। फिर हम जोशीमठ तक साथ साथ गये। फिर उसी मंदिर में मिले। सात पग साथ

साथ चलना सप्तपदी में परिणत हो गया। मेरे मनोरथ फल गये। मैं प्रेम से भरी नववधू। पुरुष के जी को लुभाने वाली सारी सामग्री आपके सामने है।

सेज सजी,वस्त्र, भूषण, गंध मनोहर
वीणा, वाणी दर्शनीय और नारी सुदंर।

**निरं०-** कुछ भी नहीं लगा करता है अच्छा यह
भूख प्यास के व्याकुल हो जब नर।
सारे कर्मो का मूल हुआ करता है
**केवल चावल एक पुस भर।**

**शारदा-** क्या भूखे प्यासे सचमुच वैसे होते हैं जैसा शास्त्र में बताया गया है?

**निरं०-** शास्त्र में भूखे प्यासे का क्या स्वरूप बताया गया है— मैं नहीं जानता। मैं तो जैसा अनुभव कर रहा हूँ , वैसा कह रहा हूँ।

**शारदा-** कितना ज्ञान है आपको। अनुभव से ही सत्य जाना जाता है शास्त्र से नहीं— यह भी शास्त्र कहता है। हाँ, भूखे के विषय में कन्या गुरुकुल में हमें यह श्लोक पढाया गया था—

भूखा नहीं खा सकता है व्याकरण बरबस
और न प्यासा पी सकता है कविता का रस।

उस समय तो यह सूक्ति मन में जँचती नहीं थी। क्योकि उस समय भूख और प्यास से व्याकुल किसी मनुष्य को देखा ही नहीं था।

**निरं०-** तो अब देख लीजिये।

**शारदा-** अरे आप को तो अब सदैव देखती ही रहूँगी। मैं आपको अपनी आँखो के आगे से कभी ओझल न होने गूँगी। मैं धन्य हूँ, जो मुझे ऐसा वाग्मी, विद्वान्, शास्त्रज्ञ पति मिला।

**निरं०-** राजकुमारी जी, सुन सुन कर गुरुमुख से जो जाना वह सह व्यर्थ ही है मेरा ज्ञान।

गौतम का न्याय और सांख्य रच गये जिसे कपिल
मीमांसा ब्रह्मसूत्र योगसूत्र कणाद की भी रचना अविकल
अष्टाध्यायी भाष्यसहित पाणिनि की कात्याय़न के वार्तिक सकल
जाना सारा शास्त्र फिर भी विद्या मेरी है निष्फल।



**शारदा-** निष्फल कैसे?

**निरं०-** मैं अक्षर नहीं चीन्हता। वर्णमाला का ज्ञान नहीं है मुझे।

**शारदा-** इसमें क्या कठिनाई? वर्णज्ञान कौन सी बड़ी बात है? दो दिन में मैं करा दूँगी।

**निरं०-** क्या सचमुच?

**शारदा-** इसमें क्या संदेह? मुझ पर विश्वास नहीं आपका? हमारे राजप्रासाद के पुस्तकालय में पाँच सहस्त्र पोथियाँ हैं। वे सभी मैंने पढ रखी हैं।

**निरं०-** पढना और लिखना आप मुझे सिखा देगीं?

**शारदा-** और क्या?

**निरं०-** *(गद्‌गद हो कर)*- अरे, तब तो मैं पंडित हो गया!

भार्या भी मेरी तुम और सखी भी
दे कर अक्षर का ज्ञान और बनीं गुरु भी।
लिपि को भी यदि मैं पहचानूँ
तो वाणी मेरे को ऐसे ही मिल जायेगी
जैसे मिली मुझे तुम।

मैं आपको प्रणाम करता हूँ। *(प्रणाम करने लगता है। शारदा रोकती है।)*

*(जोर से हँसती हुई मति का प्रवेश)*

**शारदा-** अरे मति, ऐसी क्यो हँस रही है?

**मति-** राजकुमारी जी, बड़ी हँसी की बात हो गयी। कोई पंचानन मिश्र नाम के के पंडित हैं।

**निरं०-** *(मन में)*- अरे गुरुजी के विषय में ही कोई हँसी की बात हो गयी ऐसा लगता है।

**शारदा-** होंगे। क्या हुआ उनको?

**मति-** वे अपनी पत्नी को पुरुष के वेष मे भोजन के लिये ले आये।

**शारदा-** पुरुष के वेष में? किसलिये?

**मति-** वे ही जानें किसलिये। भोजनशाला के द्वार पर पहरेदारो ने विचित्र वेष में बटुक को देख कर सोचा कि इसने कपड़ो में कुछ छिपा रखा है। वे उस बटु की जाँच करने का आग्रह करने लगे। बटु का मौन व्रत था। वे जो पंडित पंचानन मिश्र है, वे यह कहकर जाँच से मना करने लगे कि यह मेरा शिष्य है। फिर उन्हीं

के शिष्यो में कोई बोल पड़ा कि यह बटु नहीं है, ये तो हमारी गुरुआइन हैं। सब लोग हँसने लगे।

**शारदा-** मैं तो इसमें उनकी पत्नी का ही दोष समझती हूँ।

छोड़ कर अपना नारीत्व
पुरुष की प्रतिच्छवि बन कर
जो बन गयी खिलौना
वह कैसी नारी है?

**निरं०-** *(मन में)-* यह तो बड़ा अनर्थ हो गया। गुरुजी ने स्वयं ही अपनी जगहँसाई करा ली। *(प्रकाश में)-* मति जी, अब वे पंडितप्रवर क्या कर रहे हैं?

**मति-** वे कह रहे हैं कि जिस राजकुल में पंडितो का अपमान हो, उसमें मैं एक क्षण भी नहीं रुकूँगा। यह कहकर नाग की तरह फुँफकारते गुए, गर्जन-तर्जन करते हुए वे अपने शिष्यो के साथ जाने की तैयारी कर रहे हैं। राजकुमारी जी देखिये, देखिये, भोजनशाला के द्वार पर अभी भी उनके शिष्य झगड़ रहे हैं।

**शारदा-** सखि, यह तो अच्छा नहीं हुआ। मैं स्वयं जा कर उन पंडितजी को मनाऊँगी। चल, वहाँ चलें।

*(मति और शारदा चली जाती हैं।)*

**निरं०-** गुरुजी तो चले जा रहे हैं। गुरुकुल में मुझे न देख कर वे क्या कहेंगें? अरे, मैं भोजन के लालच में यहाँ चला आया। भूख से व्याकुल था उस समय। इस राजकुमारी ने मेरे साथ यह खिलवाड़ कर दिया। मुझे तो लगता है इसके लिये तो यह सब खेल ही है। यह विवाह भी कैसा?

न मेरी माता , न पिता न कोई परिजन
इसमें आया, फिर यह विवाह कैसे कहलाया?
मुझे बना कर एक खिलौना सारा खेल खिलाया
भूख ने मुझे बना कर व्याकुल ऐसा आज नचाया ।

तो क्या करूँ? यह राजकुमारी मुझ निरक्षर भट्टाचार्य को गरदनिया दे कर ऐसे ही निकाल बाहर करेगी जैसे विद्योत्तमा ने कालिदास को निकाल दिया था। गुरुकुल में मैं नहीं मिला, और बाद में पहुँचा, तो गुरुजी भी मुझे गुरुतुल से निकाल देंगे। तो फिर


मैं दोनो ओर से गया। फिर क्या होगा उन प्रतिज्ञाओ का जो मैंने माँ के आगे की थीं? तो जब तक राजकुमारी जी गुरुजी को मनाने गयीं हैं, तब तक यह वर का सारा वेष उतार कर मैं यहाँ से चुचाप छिप कर चला जाऊँ।

पुल भर चावल/

भूखा ही मैं आया था यहाँ
ब्याहा गया और भूखा ही
छोड कर यहा ठाठ बाठ अब
जा रहा हूँ भूखा ही।

*(आभूषण तथा राजसी वस्त्र उतार कर छिपता हुआ निकल जाता है। मति और शारदा का प्रवेश)*

**मति-** राजकुमारीजी ने अच्छा समाधान कर दिया। उस ब्राह्मण के क्रोध से राजकुल बच गया।

**शारदा-** मति, आज से जो भी पंडित या ब्राह्मण इस राजकुल में निमंत्रित हों, उनका सम्मान सपत्नीक ही किया जाय यह राजाज्ञा पिताजी से कह कर घोषित करा देती हूँ। *(चारो ओर देख कर)* यह रतिशाला को सूनी है। कहाँ गये मेरे प्रिय?

**मति-** जीजाजी तो यहाँ नहीं है। लगता है वे हम दोनो के साथ ही बाहर निकल गये होंगें।

शारदा- कहाँ गये होंगें?

*(भोजन के पात्र लिये हुए स्मृति,धृति और प्रज्ञा आती हैं।)*

**स्मृति-** राजकुमारी जी, सौ प्रकार के भक्ष्य,भोज्य, चर्व्य, चोष्य और लेह्य पदार्थ ले आये हम लोग। सब कुछ है- पूड़ियाँ, पराठे, दस तरह के लड्डू, हलुवा, बीस तरह के अचार, पाँच प्रकार की चटनी, तीन प्रकार के पापड, दाल , चावल और खीर भी। अब आप सुख से जीजाजी को जिमाइये और उनके साथ आनंद कीजिये।

*(सभी भोजन के पात्र रख देती हैं।)*

शारदा- सखियो, जिसके लिये यह सारा तामझाम है, वह तो दिख ही नहीं रहा।

**प्रज्ञा-** कहाँ गये होगें जीजाजी?

**शारदा-** प्रज्ञा, मेरा मन अनिष्ट की आशंका से काँप रहा है।

*(मूर्च्छित हो कर गिर पड़ती है। सखियाँ उसे सँभालती हैं।)*

**सखियाँ**- राजकुमारीजी, धीरज रखिये, धीरज।

**प्रज्ञा**- मति, मैंने तुझ से कहा था कि तू राजकुमारी जी के साथ यहीं रह कर जीजाजी का ध्यान रखना। तेरे रहते कहाँ चले गये वे?

**मति**- मैं क्या करती? भोजन शाला में कुछ विवाद हो गया था।

राजकुमारी जी ने कहा कि हम स्वयं जायेगें। मैं भी उनके साथ गयी। आ कर देखा कि जीजाजी यहाँ नहीं हैं।

**प्रज्ञा**- यह तो बड़ी असावधानी हो गयी।

**शारदा**- वे मुझ से रिसा कर मुझे छोड़ कर चले गये।

मैं उनको ले आयी राजमहल में भूखा
ब्याह किया छल से रख कर उनको भूखा।
छोड़ कर मुझको चले गये वे क्रुद्ध
छोड़ गये ज्यों यशोधरा को बुद्ध।

*(आँसू बहाती है।)*

**प्रज्ञा**- धृति; पलंग के नीचे देख। हो सकता है हँसी के लिये वे कहीं छिप गये हों। मति, तू बाहर जा कर देख। स्मृति, तू छठी और सातवीं ड्योढ़ी पर जा कर देख।

*(सब ढूँढने का नाट्य करती हैं।)*

(ध्रुवा)

विवश विकल हो कर , सब प्रपंच को तज कर
हंस गया, हंसी यहाँ रोये व्याकुल हो कर

**शारदा**- कितना अनर्थ हुआ। किसी तरह काने राजकुमार से अपने को बचाया, और मनचाहा प्रिय पाया था। बहुमूल्य निधि की तरह मैंने स्वयं उन्हें अपने हाथ से गवाँ दिया। *(निरंजन के द्वारा छोड़े गये आभूषण और वस्त्र देख कर)* सखियो देखो तो। अब तो बात साफ हो गयी। यह रही उनकी पगड़ी। ये मालाएँ। ये कंगन। यह कान का झुमका है। निर्दय सब कुछ छोड़ कर चला ही गया। *(भोजन सामग्री को देख कर)*- अब इस भोजन सामग्री का क्या प्रयोजन? ले जाओ यह सब।

मुझे दुःख नहीं है उनके जाने से
दुःख नहीं है यो बिछड़ी जाने से ।



जला रही है मुझे बात बस यह
भूखे चले गये प्रिय गृह तज कर।

**मति**- राजकुमारी जी, दुखी मत होइये। जीजा जी तो बिछुड़ कर फिर फिर मिलते रहे हैं। वे फिर से मिल जायेगें।

**शारदा**- अब तो यह आशा बहुत दुर्लभ हो गयी। अरे, याद आ रही है उनकी एक एक बात।

शैया, वस्त्र, भूषण और सुगंध
वीणा वाणी और नारी सुदंर।
कुछ भी नहीं लगा करता है अच्छा यह
भूख प्यास के व्याकुल हो जब नर।

यह कहा था उन्होने। सखियो, अब बस एक काम करना है।

**सखियाँ** - आदेश दें, राजकुमारी जी।

**शारदा**- जान लिया मैंने कि कैसी होती है भूख, और किस तरह रहते हैं भूखे लोग। आज से इस राज्य में एक भी भूखा व्याकुल मनुष्य न रहे। या फिर --मैं स्वयं खोज खोज कर और पूछ पूछ कर भूखे लोगो को भोजन कराऊँगी। तो खाद्य सामग्री प्रस्तुत की जाये।

**प्रज्ञा**- बहुत शोक न करें राजकुमारी जी, मिल जायेगें जीजाजी।

**सखियाँ**- अब तो रात बीत चली। अब राजकुमारी जी विश्राम करें।

*(सबका प्रस्थान)*

***।।आठवा अंक समाप्त।।***

## नवाँ अंक

*(निरंजन का प्रवेश)*

**निरं०- प्राणपुर से लौट कर आने के बाद आज यह दूसरा दिन है। समय बीत रहा है।** मैं सोचता था कि भूल जाऊँगा विशारदा उस शारदा को। पर प्रमाद में छूट गयी विद्या की तरह वह बार बार स्मृति में आती है। टूट गयी आशा की तरह उसकी ध्यान करता हूँ। वह तो स्वयं शारदा ही है, अनुपम है उसका ग्रंथागार। उसका ज्ञान, उसका प्रणय, उसकी प्रीति। अब वह सब मुझ अभागे के लिये स्वप्न की तरह सुदुर्लभ हो गया है अब।

लावण्य के अमृत से भरी सुमधुर जैसे भोजन का थाली
प्रेममयी प्रियतमा दूर मैंने कर डाली।
छोड़ दिया वैभवमय राजमहल का सारा सुख
सूने काँटो भरे और इस वन मेंउठा रहा हूँ मैं दुख।
और अभी भी मेरे मन में वह सब घूम रहा है
प्रेम भरा जो कुछ उसने मुझे कहा है।
मुझ थके और भूखे का जी बहलाने को
कैसा कैसा उसका जतन रहा है।

*(भानुमती का प्रवेश)*

भानु०- निरंजन! क्या बड़बड़ा रहा है?

निरं०-(अनसुना कर ) मैं भोजन के लिये मरा जा रहा था उस समय। इसलिये मुझे कुछ भासित ही नहीं हो रहा था वह क्या क्या कह रही थी क्या क्या कर रही थी। वह मुझे इतना उदासीन देख कर पूछ रही थी-- प्रियतम, आपको क्यो कुछ भी अच्छा नहीं लगता?

शैया, वस्त्र, भूषण और सुगंध
वीणा वाणी और नारी सुदंर।

**हा प्रिये!**

**भानु०-** यह क्या रट लगा रखी है रे? सुनता क्यो नहीं? निरंजन,



निरंजन!

*(निरंजन फटी आँखो से शून्य में ताकता हुआ बैठा रहता है.)*

**भानु०-**मेरा यह अपमान। देख लूँगी तुझे।

**चांद्रा०-***(अपटीक्षेप से प्रवेश कर)* - निरंजन, निरंजन! तू सूने में ताकता हुआ यहाँ बैठा क्या बड़बड़ा रहा है? बछड़े छुट्टे हैं और वे दूध पी गये सारा। सारा दूध पिला दिया तूने गैओ का-- आज दूध नहीं मिलेगा हम लोगो को-*(निरंजन को झकझोरता है)* सुन रहा है?

निरं०- *(सहसा चौंक कर)* क्या? आप कुछ कह रहे थे?

चांद्रा०- गायें दूध पी गयीं मूर्खा नहीं, नहीं, बछड़े दूध पी गये!

**निरं०-** मैया, क्या किया जाये?

जी भर छक कर पिये दूध बछड़े
हम यहाँ निरपेक्ष हैं खडे।
दूध पिलाएँ गायें जितना हो उनका मन
इसमें भला क्या करे कहो निरंजन?

**चांद्रा०-** क्यो रे! पगला गया क्या? कल प्राणपुर से राजकुमारी के ब्याह से हम लोग लौटे हैं. तब से देख रहा हूँ तेरा चित्त ठिकाने पर नहीं है। अरे हम लोगो को दूध नहीं मिलेगा. तो जियेंगें कैसे?

**निरं०-** हम लोग तो जीते रहेगे जैसे पक्षी और कीड़े जीते हैं--

**चांद्रा०-** अरे मूर्ख, हमारी तुलना पक्षियो और कीटो से कर रहा है?

**निरं०-** मैया, पक्षी भी हम से अच्छे हैं, जो जब चाहें आकाश में उड़ सकते हैं।

**चांद्रा०-***(चकित हो कर उसे ताकता हुआ)*- निरंजन! क्या वात रोग है तुझे? या तुझे कोई भूत प्रेत लग या है या प्रेत बाधा है जो यों अनाप शनाप बक रहा है?

**निरं०-** क्या करूँ मैया मेरा तो गुरुकुल में रहना एकदम व्यर्थ गया।

**चांद्रा०-** क्यो व्यर्थ क्यो गया? विद्या तो जैसे हम लोगो ने पढी, वैसे ही तूने भी--

**निरं०-** आप लोगो की विद्या सफल है, मेरी विद्या निष्फल।

**चांद्रा०**- सो कैसे?

**निरं०**- न मैं पढ सकता हूँ, न लिख सकता हूँ। आप लोग पढ लिख सकते हैं। आप लोगो का परिश्रम सफल हुआ। मैया चांद्रायण! आप ही मेरे गुरु बन जाओ। मुझे बस लिपि का ज्ञान दे दो।

**चांद्रा०**- गुरुजी की आज्ञा के बिना हम तुम्हें लिपि कैसे सिखा दें? ऐसा करो कि तुम और भी मन लगा कर करो गुरुजी की सेवा। प्रसन्न हो गये, तो वे स्वय ही लिपिज्ञान भी तुम को दे देंगें। या हम लोगो में से किसी को लगा देंगें तुम्हे लिपि सिखाने के लिये--

**निरं०**- और क्या चारा है? यही करता हूँ। तो जाकर इँधन ले आऊँ। *(मन में)*- इस सबके बीच किसी तरह अपने आप को सँभाले रखना होगा।

*(चला जाता है। राजपुरुष का प्रवेश)*

**राज०**- राजसेवा भी बड़ा कष्ट का काम है, जिसके कारण जंगल जंगल, गाँव-गाँव, नगर-नगर मैं मारा मारा फिर रहा हूँ, और झेल रहा हूँ हेमंत की काल के सामान हाड़ छेदती यह बयार। *(परिक्रमा कर)*-- कौन है भाई इधर?

चांद्रा०- अरे राजपुरुष? लगता है गुरुजी ने गुरुआइन को पुरुष के भेस में राजकुल में ले जा कर जो अपराध किया, उसका दंड सुनाने आया है। *(पास जा कर)* स्वागत है, स्वागत है आपका। आइये, पधारिये गुरुकुल में।

राज०- पधारने वधारने का समय नहीं है ब्रह्मचारी जी महाराज! कंई स्थानो पर जाना है। कहाँ हैं तुम्हारे गुरुजी?

चांद्रा०- गुरुजी स्नान ध्यान कर के स्वाध्याय कक्ष में विराज रहे हैं। आइये, इधर से आइये।

*(दोनो परिक्रमा करते हैं। शिष्यो के साथ पंचानन मिश्र का प्रवेश)*

**चांद्रा०**- *(पास जा कर)*- गुरुजी, चांद्रायण का पालागन। ये राजपुरुष जी पधारें हैं।

**पंचा०**-*(डर कर)*- राजपुरुष को हम से क्या लेना देना? आओ भाई आओ! अरे कृच्छ्रायण! आसन ला आसन!



**राज०**- ना गुरुजी ना! आसन फासन का काम नहीं। राजा का संदेसा देना था महाराज प्राणपुर नरेश का।

**पंचा०**- क्या संदेश है?

**राज०**- आज से छठे दिन पौष की पौर्णमासी को राजकुमारी शारदा देवी विद्वानो और कवियो का महासम्मेलन करेगीं। तो उसमें आपको अपने शिष्यो के साथ आना हैं। शिष्यो में कोई भी छूटे न-- यह विशेष रूप से ध्यान रखना है--सारे परिवार जनो को साथ ले कर आना है। यह राजा का संदेश पत्र है। *(पत्र देता है)*। तो हम अब चलें। और भी कई स्थानो पर जाना है।

**पंचा०**- *(पत्र ले कर )* कल्याण हो आप का।

**चांद्रा०**- गुरुजी, यह तो फिर प्राणपुर चलने का काम आ पड़ा! इस बार निरंजन साथ जायेगा या नहीं? यदि वह यहाँ रहेगा तो बड़ा अनर्थ होगा।

**पंचा०**- क्या कहता है?

**चांद्रा०**- आजकल वह एकदम बौराया दिखता है। आज ही बछड़े सारा दूध पी गये। हमारे लिये दूध नहीं बचा। हमने उसको भला बुरा कहा तो वह और भी ऊटपटाँग बकने लगा--

**कृच्छ्रा०**- मैने भी देखा है आजकल कि निरंजन पगला गया है। शून्य में एकटक तकता रहता है। फिर कभी कोई श्लोक बोलने लगता है।

*(क्रुद्ध भानुमती का प्रवेश)*

**मंद्रा०**- *(देख कर)* अरे, माताजी आई हैं।

**भानु०**- सुनिये, तनिक इधर तो आइये।

पंचा०- *(उठ कर, पास जा कर)*- भानुमती! ऐसा क्या अनर्थ हो गया? तुम तो आँधी की तरह, बरसने को तैयार घटा की तरह दिख रही हो!

**भानु०**- आपके सारे शिष्य बहुत धूर्त हैं। मुझ पर कुदृष्टि रखते हैं।

**पंचा०**- अरे, किसने क्या कह दिया?

**भानु०**- आज ही सबेरे मै कपड़े सुखाने निकली थी। आपके शिष्य ने मुझ देख कर कुछ तो भी कह दिया--

**पंचा०- क्या कह दिया? किस शिष्य ने?**

**भानु०-** उस निरंजन ने। दूर से ही हमको देख कर वह चिल्लाया-- प्रिये, प्रिये!-- और फिर--

पंचा०- और फिर क्या हुआ?

**भानु०- कोई लड़की उसे पूछती हुई आ गयी।**

**पंचा०- निरंजन को? कैसी लड़की थी?**

**भानु०- किसी भले घर की ही थी। कह रही थी यहाँ कोई निरंजन नाम के छात्र पढते हैं? मैंने साफ मना कर दिया-- हम किसी निरंजन-विरंजन को नहीं जानते। वह मुझी से बहस करने लगी। कहती थी- उन्होने तो स्वयं बताया था कि वे यहीं अध्ययन करते हैं। पता नहीं कितनी लडकियो से क्या क्या संबंध जोड़ रखे हैं उसने।**

**चा०-** अरे, उसका ऐसा दुस्साहस? भानुमती, तुम जाओ। चिंता मत करो। समझ लो कि निरंजन अब नहीं रहा। अब तुम देख लेना मेरा पराक्रम।

**भानु०-** *(मुँह बिचका कर)* वही तो देखती आ रही हूँ इतनो दिनो से--

**पंचा०-** भानुमती, तुम मेरी शक्ति को नहीं जानतीं--

जड़ से उखाड़ कर पौधे जैसे
पीस कर यदि न रख दिया वह निरंजन
मटियामेट कर
पीस न डाला उसको यदि जैसे अंजन
तो नहीं कहाऊँगा पंचानन
और पति तुम्हारा।

तो तुम जाओ। आजके बाद से उस कुलांगार को यहाँ नहीं देखोगी।

*(भानुमती रोती हुई चली जाती है)*

**पंचा०-***(उद्धत गति से परिक्रमा कर)*- अरे शिष्यो, कहाँ गया वह दुष्ट, वह शठ, महाधूर्त गुकुपत्नी के प्रति कुदृष्टि रखने वाला महापातकी महामूढ निरंजन? बुलाओ उस दुरात्मा महानीच को!

**कृच्छ्रा०-** चांद्रायण! क्या बात हो गयी? गुरुजी अचानक ऐसे क्यो फनफना उठे?

**चांद्रा०-** यह तो हम नहीं जानते। पर माताजी का सुभाव ऐसा ही है। ऐसा लगता है कि निरंजन के विषय में उन्होने ही नमक-मिर्च लगा कर कुछ कह डाला है।

**तंद्रा०-** मैंने कुछ देखा था।

**चांद्रा०-** क्या देखा तुमने?

**पंचा०-** अरे कैसे चुपचाप बैठे रह गये तुम लोग? कहाँ गया वह नीच?

**चांद्रा०-** गुरुजी, वह नीच गया है इंधन लाने। *(तंद्रायण से अपवारित में)*- क्या देखा तूने?

**द्रा०-** आज भोर में निरंजन को मैंने यह श्लोक कहते सुना-

शैया, वस्त्र, भूषण और सुगंध
वीणा वाणी और नारी सुदंर।

इसी बीच गुरुआइन वस्त्र सुखाने के लिये वहाँ पधारती हैं। और इधर निरंजनजी हैं कि अत्यंत करुण स्वर में हा प्रिये, हा प्रिये-- ऐसा चीख उठते हैं। पर मुझे तो नहीं लगता कि उनका चीत्कार गुरुआइन के लिये रहा होगा--

**कृच्छ्रा०-** अरे मूर्ख, तो किसके लिये फिर किया उसने वह चीत्कार?

**तंद्रा०-** यही तो रहस्य है। इसकी खोज करना पड़ेगी। उधर प्राणपुर में निरंजन का दूल्हे के वेष में दिखायी देना-- उस से इसका कुछ संबंध हो सकता है--

**शेष शिष्य--** *(उपहासपूर्वक हँसते हुए)*--अरे यह तंद्रायण फिर वही राग अलापने लगा---

**पंचा०-** अरे कोई गया उस नीच को लाने के लिये कि नहीं?

*(निरंजन का प्रवेश)*

**निरं०-** इस शिशिर में तुषार इतना गिर रहा है कि सूखा इंधन भी सरलता से महीं मिल रहा। फिर भी पर्याप्त इंधन मैं ले आया, जो आज और कल तक के लिये पर्याप्त होगा। अब स्वाध्याय कक्ष के बाहर रह कर पाठ सुनूँ।

**पंचा०-** *(निरंजन को देख कर)*-- क्यो रे नीच! क्या एकदम कुंभीपाक में ही गिरना चाहता है? चला जा यहाँ से, चला जा!

**निरं०-** गुरुजी! आपने मुझ से कुछ कहा?

**पंचा०**- इस मूर्ख की दुष्टता तो देखो! अरे मूढ, तो मैं किससे बात कर रहा हूँ? चला जा, चला जा यहाँ से। यहाँ पाँच कोस तक तेरा नाम भी नहीं सुनायी देना चाहिये।

**निरं०**-*(सविनय अंजलि बाँध कर)*- गुरुजी मेरा अपराध क्या है?

**पंचा०**- अरे नीच, महा पापी, वकील की तरह मुझ से बहस कर रहा है? निकल , निकल यहाँ से। और फिर न कभी आना इस गुरुकुल में।

**निरं०**- गुरुजी!. . . .

**पंचा०**- अब एक शब्द भी बोला अपने इस जले मुँह से, तो इस लाठी से तेरा भेजा फोड़ कर रख दूँगा---

**निरं०**- *(दीनता के साथ)*- तो गुरुकुल से ही निकाले दे रहे हैं?

**पंचा०**- अरे कहीं समा जा। गुरुकुल में तेरे दिन पूरे हो गये।

**निरं०**- पर मेरी विद्या तो पूरी नहीं हुई। अभी तक वार्तिकसहित अष्टाध्यायी मैंने कँठस्थ की है, वात्स्यायन भाष्य के साथ सारे न्यायसूत्र जानता हूँ, ब्रह्मसूत्र भी समझता हूँ। पर योगसूत्र और सांख्यशास्त्र नहीं समझ सका। सबसे बड़ी बात यह है कि मुझे पढ़ना और लिखना तो आता ही नहीं---

**पंचा०**-*(मन में)*- क्या सुन सुन कर इसने इतने सब ग्रंथ कंठस्थ कर लिये होंगे? तब तो यह महापंडित ही है। *(प्रकाश में)*- निरंजन, तेरे लिये इतना ही पर्याप्त है। तूने बहुत जान लिया। हो गया तू स्नातक हो गया बस। अब जा। जा।

**निरं०**- तो फिर गुरुजी, मेरे लिये गुरुदक्षिणा बता दीजिये--

**पंचा०**- यहाँ से पाँच कोस तक कहीं दिखायी मत पड़ना। यही गुरुदक्षिणा है। अब जा। जा!

**निरं०**- *(अंजलि बाँध कर धरती पर ललाट टिका कर प्रणाम कर के)*- गुरुचरणकमलो में नमन है। चांद्रायण! कृच्छ्रायण! तंद्रायण! मंद्रायण! भाइयो! जा रहा हूँ। यदि मुझ से कोई अपराध हुआ हो, तो क्षमा करना। मेरा स्मरण रखना।

*(शिष्य करुणा के साथ चपचाप उसे देखते हैं।)*

**पंचा०**- अरे ,जा जा अब। कौन स्मरण करेगा तेरे जैसे पातकी का?

*(निरंजन का प्रस्थान)*

**पंचा०**- निरंजन को गुरुकुल से निकाल बाहर किया। आत्मा प्रसन्न



हो गयी।

परसों हम लोग प्राणपुर जायेगें। अरे शिष्यो, तुम लोग सब अच्छी तरह तैयार

रहना। वहाँ शास्त्रार्थ भी होगा, काव्यपरिषद् भी होगी। अब जाओ तुम लोग

अपना आपना पाठ तैयार करो।

*(सबका प्रस्थान।)*

**।।नवाँ अंक समाप्त।।**

## ।।दसवाँ अंक।।

*(ध्रुवागीति)*

गाँव गाँव हम
ठाँव ठाँव हम
रहे भटकते
तकते तकते
यहाँ दलिद्दर
घायल हुआ हृदय।

*(प्रतीहार का प्रवेश)*

**प्रती०-** *(आकाशभाषित में)*- अरे बाभ्रव्य! ये सेवको से भाँत भाँत के व्यंजनो से लदे टोपले ढुलवा कर कहाँ ले जा रहा हो? (सुन कर) क्या कह रहे हो? राजकुमारी जी के आदेश से यो टोपले बाहर ले जाये जा रहे हैं? अरे भाई, राजकुमारी इनका क्या करेगीं? इतनी सामग्री तो हजारो लोगो के लिये पर्याप्त होगी। *(फिर सुन कर)*- क्या कहा? अरे क्यो ढिढाई करता है?- अरे भाई, क्रोध मत कीजिये। मुझे पता नहीं था, इसलिये कह दिया। *(सुन कर)* क्या कहा? राजकुमारी जी यह सारी भोजन की सामग्री गरीबो और भूखो में बाँट देंगी? ओह, कितनी धर्मात्मा हैं राजकुमारी जी! *(फिर सुन कर)* क्या कहा-- अरे तुम्हे पता नहीं-- जब से राजकुमारीजी का दूल्हा पहली रात को ही राजकुल छोड़ कर चला गया, तब से राजकुमारी जी का तो यह नित्य प्रति का नियम है-- वे प्रति दिन गरीबो और भूखो को खोज खोज कर उन्हें भोजन और धन देती रहती हैं। -- क्षमा करना भैया! महीना भर हुआ जब हम अपनी बीमार मेहरारू को देखने गाँव चले गये थे। आज ही लौटे। तो हमें तो पता नहीं यहाँ क्या अनर्थ हो गया। आपके मुख से ही यह दुखदायी वृत्तांत सुना। अरे हम लोग बड़े अभागे हैं। तो अब कहाँ हैं राजकुमारी जी? *(सुन कर)* क्या कहा? अभी अभी वे विद्वत्समवाय में उपस्थित हो





कर अन्न और धन के वितरण के लिये बाहर निकल रही हैं? कितनी धर्मपरायण हैं राजकुमारी जी! ठीक है, ले जाइये, ये मिष्ठान्न से भरे टोपले। मैं गोपुर का द्वार खोलता हूँ। *(द्वार खोलने का अभिनय करता है। परिक्रमा कर, देख कर)*- अरे, सभागार से नये नये शाल ओढ कर तिलक धारी पंडित भेड़ियाधसान की तरह झुंड के झुंड चले आ रहे हैं। क्या भब्भड़ मच गयी। लग रहा है दक्षिणा प्रचुर मिली
है। तो क्या करना? हमारी पहरेदारी की बारी समाप्त हो गयी। देखें-- दूसरा पहरेदार आया कि नहीं। *( प्रस्थान)*

*(शिष्यो के साथ पंचानन मिश्र का प्रवेश)*

**पंचा०-** दक्षिणा तो मिल गयी। स्वागत सत्कार में भी कोई कमी नहीं। राजकुमारी जी स्वयं ही विद्वानो को पूज रही हैं। पर यह समझ में नहीं आ रहा कि केवल एक समस्यापूर्ति के लिये विद्वानो का इतना बड़ा जमावड़ा क्यो कर डाला!

**मंद्रा०** यह तो वही हुआ कि खोदा पहाड़ निकली चुहिया!

**चांद्रा०-** गुरुजी, समस्यापूर्ति का क्रम कल भी चलेगा और परसो भी। अभी भी राजकुमारी जी संतुष्ट नहीं दिखतीं।

**कृच्छ्र०-** सर्वोत्तम समस्यापूर्ति के लिये आधा राज्य दिया जायेगा-- यह घोषणा की गयी थी।

**पंचा०-** मैंने जो समस्यापूर्ति की, वह तो सर्वश्रेष्ठ ही थी। पर आधा राज्य तो नहीं मिला। समस्या क्या थी? *(स्मरण का अभिनय कर)*- हाँ, याद आ गया।

सेज सजी,वस्त्र, भूषण, गंध मनोहर
वीणा, वाणी दर्शनीय और नारी सुदंर।

यह थी समस्या। मैंने पूर्ति की थी, वह यह है--

यह सब कुछ व्यर्थ हुआ मन भावन
प्राणी का चित्त प्रभु की भक्ति से यदि न बना पावन।

इसके आगे और क्या कहा जा सकता था? यह तो कवित्व की पराकाष्ठा है! प्राणी शब्द का प्रयोग करके मैंने महाकवि भारवि का सारा अर्थगौरव इसमें भर दिया।

**चांद्रा०-** गुरुजी, मेरी समझ से श्रीपुर के कवि माधव की समस्यापूर्ति भी बड़ी सुंदर थी।

**पंचा०**- *(चिढ कर)* - क्या थी उसकी समस्यापूर्ति?

चांद्रा०- यह सब पा कर भी क्या लोगे जीत
प्रेम से भरा यदि न मिला मनमीत

**पंचा०**- अरे मूर्ख इसमें क्या विशेषता है? सारे आगम-निगम की कसौटी है श्रीमद्भागवत। मैंने अपनी पूर्ति में उसका निचोड़ निकाल कर रख दिया। किसकी समस्यापूर्ति सर्वश्रेष्ठ है-- यह निर्णय कौन कर रहा है? राजकुमारी ही न! क्या जानती है वह? क्या वह बड़ी विदुषी है?

मंद्रा०- लोग कहते हैं कि वह बड़ी भारी पंडित है।

**पंचा०**- *(और चिढ कर)*- कौन कहते हैं? राजकुमारी के कुछ चाटुकार ही तो। या वे लोग जो जानते कुछ नहीं, पर अपने को बड़ा पंडित समझते हैं।

**तंद्रा०**- *(अचानक चौंक कर)*- गुरुजी, मुझे एक बात याद आयी!

**पंचा०**- अब तुझे क्या याद आ गया?

**तंद्रा०**- श्लोक के वे पहले दो चरण,जिनकीसमस्या दी गयी, उनको निरंजन गा रहा था--

**पंचा०**- क्या बक रहा है मूर्ख?

**चांद्रा०**- गुरुजी, तंद्रायण सत्य कह रहा है। मुझे भी याद आ गया। तभी तो

मेरे मन में बार बार यह बात आ रही थी कि श्लोक का यह टुकड़ा तो कहीं सुना हुआ है। पर कहाँ सुना यह समझ नहीं पा रहा था। अब अच्छी तरह स्मरण हो आया। निरंजन इस टुकड़े को दो एक दिन से जब तब गुनगुनाता रहता था।

कृच्छ्रा०- मुझे भी स्मरण आ गया। यह तो मैंने भी निरंजन के मुँह से यह पंक्ति सुनी है--

सेज सजी,वस्त्र, भूषण, गंध मनोहर
वीणा, वाणी दर्शनीय और नारी सुदंर।

**पंचा०**- क्या कह रहे हो तुम लोग? निरंजन भला क्या जानेगा राजकुमारी की समस्या को?

**तंद्रा०**- मैंने तो उसी समय कहा भी था----

**पंचा०**- क्या कहा था तूने?



**तंद्रा०**- कि जब हम यहाँ पहले आये थे राजतुमारी के विवाह में-- तो मैंने दूल्हे के वेष में निरंजन को यहाँ देखा था--

*( सब हँसते हैं)*

**पंचा०**- लो सुनो तंद्रालु तंद्रायण का वही प्रलाप!

**कृच्छ्रा**- गुरुजी तंद्रायण ने तो तंद्रा में निरंजन को यहाँ देखा होगा। पर हम लोगो ने तो अपने कानो से प्रत्यक्ष प्रमाण से उसे यह श्लोक कहते सुना है।

**मंद्रा०**- मैंने कर दी---

**पंचा०**- क्या कर दी तू ने?

**मंद्रा०**- समस्या मैंने पूरी कर दी। जा कर राजकुमारी जी को सुना दूँ?

**पंचा०**- पहले हम भी तो सुनें क्या पूर्ति की है महाकवि जी?

**मंद्रा०**- सुनिये आप।

सेज सजी,वस्त्र, भूषण, गंध मनोहर
वीणा, वाणी दर्शनीय और नारी सुदंर।
यह सब कुछ है नश्वर नाशशील
जन्तु बस विश्वरूप विष्णु का भजन करे।

इसमें अनुप्रास भी मैंने अच्छा जमाया है। जैसे नश्वर--नाशशील, विष्णु विश्वरूप--

**चांद्रा०**- *(उपहास के साथ)*- क्या कहना है? अब तो राजकुमारी जी आप को ही सर्वोत्तम कवि घोषित कर के आधा राज्य दे देंगी और आप ही के साथ ब्याह भी रचायेंगी---

**तंद्रा०**- ब्याह तो उनका निरंजन के साथ हो चुका।

**मंद्रा०**- तो जा कर राजकुमारी जी को यह समस्यापूर्ति सुना आऊँ?

**कृच्छ्रा०**- अरे मूर्ख , राजकुमारी जी अब विद्वत्शाला में नहीं है।

**मंद्रा०**- तो कहाँ गयीं वे?

**चांद्रा०**- अभी सुना नहीं कि वे प्रतिदिन की भाँति दरिद्रो और भूखो को अन्न
बाँटने के लिये निकल गयी हैं।

**पंचा०**- अरे सब कुछ व्यर्थ है।

राजकुल में हमारा आवागमन
यह व्यर्थ इधर उधर की भटकन
शास्त्र पढ कर भी हम मूर्ख बने
कितना मोह किया , सब व्यर्थ गया।

चलो, अब गुरुकुल लौटने की तैयारी करें।

*(शिष्यो के साथ प्रस्थान। सखियो के साथ शारदा का प्रवेश। नेपथ्य से ध्रुवा गान)*

कहाँ कहाँ जग ने भटकाया?
इधर उधर क्या मैंने पाया?
व्यर्थ हुआ सकल आवागमन
मुझे नहीं मिल सका निरंजन।

**शारदा**- आइये, आइये। जो चाहिये ले लीजिये।

*(भोजन की सामग्री को स्वयं उठाने लगती है। याचक आ आ कर लेते हैं।)*

**प्रज्ञा**- राजकुमाजी जी, आप कष्ट मत कीजिये। इतने सेवक हैं, हम लोग हैं।
आप इतना भार अपने कोमल हाथो से मत उठाइये।

**शारदा**- क्या कह रही हो भार है यह?

भार उठा रही हूँ मन में मैं अपार
मन के भीतर स्मृतियो के हैं तार तार।
प्रिय को इन हाथो से खिला न पाई मैं तब
अब इन्हें कौन सा किस का भार?

*( सखियाँ विषाद का अभिनय करती हैं।)*

**धृति**- राजकुमारी जी दुखी न हों। अवश्य ही शीघ्र ही जीजाजी मिल जायेंगें।

**शारदा**- सखि, यह क्या कह रही है कि मिल जायेगें वे?
मुझे तो वे प्रतिदिन
प्रतिक्षण मिलते ही रहते हैं। इन दीनो और भूखो के बीच
में उन्ही को रमा
हुआ देखती हूँ। वह आदमी बड़ा वंचक था। स्वयं भूखा निकल गया मेरी रतिशाला से। और अब आनंद कर रहा है



इन लोगो के बीच। इन लोगो को मैं जो देती हूँ, वह उसी को देती हूँ। इस सबसे उसी की भूख मिट रही है।

**मति**- *( अपवारित में)*- प्रज्ञा, राजकुमारी जी की ऐसी हालत है। जीजाजी की कहीं कोई खबर नहीं।

**प्रज्ञा**- मुझे भी लगता है कि अधिक समय ये स्वस्थ नहीं रह पायेगीं। कोई उपाय सोचो जिससे वह व्यक्ति मिल जाये। *(सोच कर)*- अरे एक उपाय सूझा है। *(शारदा से)* राजकुमारी जी, आपने यह सत्य कहा कि वे इन्ही लोगो के बीच में रमे हुए हैं। तो **ऐसा** करते हैं। जिन दरिद्र लोगो को हम अन्न और वस्त्र दे रहे हैं, उनसे भी यह समस्या पूरी करने के लिये कहें।

**स्मृति**- यह तुम क्या कह रही हो प्रज्ञा? बड़े बड़े महापंडित और महाकवि जिस समस्या की सही पूर्ति न बता सके, उसकी पूर्ति ये निरक्षर अपंडित लोग कैसे कर देंगे?

**शारदा**- स्मृति, प्रज्ञा सत्य कह रही है। निरंजन के संसर्ग से कदाचित् इनमें से कोई वह पूर्ति कह दे। तब वह हमें निरंजन का पता भी बता सकता है।

**मति**- चौराहे पर बहुत भीड़ मची है याचको की। मैं वहाँ जा कर यह समस्या घोषित करा देती हूँ।

**शारदा**- ऐसा ही करो।

*(मति का प्रस्थान)*

**धृति**- राजकुमारी जी अब आप भी चिंता छोड कर भोजन ग्रहण कर लीजिये। कितने दिन हो गये इसी तरह भटकते हुए? न आप ठीक से खाती हैं, न विश्राम करती हैं।

**शारदा**- जब तक निरंजन न मिल जाये , कहाँ का खाना और कहाँ का सोना? इन दरिद्र और दुखी लोगो की दीनता दूर करने में मन को संतोष मिलता है। इनके निश्छल नयनो में मुझे निरंजन झाँकता हुआ दिखता है।

**प्रज्ञा**- क्या करें? सारे राज्य में जितने गुरुकुल हैं सब मे खोजवाया। ज्ञानपुर के गुरुकुल में तो मैं स्वयं गयी थी! निरंजन नामक का बटुक वहाँ नहीं रहता। राजकुमारी जी आप ने उनका जो चित्र बनाया था, जिसमें वे साक्षात् प्रतिबिंबित लगते हैं, उसे भी दिखा दिखा कर गाँव गाँव नगर नगर घूमता रहा हमारा एक चर। पर उनकी कोई खबर नहीं मिली।

**मति-** (हडबड़ायी प्रवेश कर)- मिल गयी--

**शारदा-** अरी क्या मिल गयी?

**मति-** पूर्ति।

**प्रज्ञा-** मति, यह क्या ऐसे कह रही है जैसे मति फिर गयी हो। कौन सी पूर्ति मिल गयी?

**मति-** राजकुमारीजी, समस्या की वही पूर्ति मिल गयी, जो हम चाहते थे--

**शारदा-** मेरी तो सारी समस्याओ का समाधान निरंजन है। क्या वह मिल गया?

**मति-**नहीं, जीजाजी तो नहीं मिले। पर कोई पागल भिखारी है। उसे वही पंक्ति याद है जिसे आप उनकी कही हुई बता रही हैं।

**शारदा-** तो देर क्यो कर रही हो। उसको ले कर आओ।

मति- उदारसिंह, उस भिखारी को लाओ।

*(व्योमकेश को ले कर उदारसिंह प्रवेश करता है।)*

उदार०- अरे ठहर जा, ठहर जा। क्यो मेरी पकड से भागने के लिये हाथ-पाँवमार रहा है?

**शारदा-** (निराशा के साथ)--यह तो पागल है। यह क्या बतायेगा?

**मति-** राजकुमारीजी, समस्या की पूर्ति तो इसे वही मालूम है।

**शारदा-** महोदय, आप स्वस्थ हो जाइये। भागिये मत।

**व्योम०-** अरे तू कौन है? क्या उसी जमीदार की पत्नी है?

**शारदा-** मैं शारदा हूँ।

**व्योम०-** शारदा हो या विशारदा। मुझे बँधवा कर यहाँ क्यो बुलवाया?

शारदा- मैंने आपको नहीं बँधवाया महोदय!

**व्योम०-**तो यह आदमी मुझे क्यो पकडे हुए है?

**शारदा -** *(उदारसिंह से)*---भाई, इन्हे छोड़ दीजिये।

**उदार०-** राजकुमारीजी, छोड़ते ही यह भाग जायेगा।

**शारदा-** छोड़ दीजिये। मेरे कहने से ये नहीं भागेगें। महोदय, आप निंश्चित रहिये। आप को यहाँ कोई कुछ नहीं करेगा।

*(उदारसिंह व्योमकेश को छोड़ देता है।)*

**शारदा-** अब आप मुक्त हो हये। आपने देख लिया मैंने आपको बँधवा कर नहीं रखा था। सत्य कह रही हूँ।

व्योम०- सभी जमींदार यही कहते हैं। पर वे बँधवा देते हैं। अरी चोट्टी, तूने मेरा नवजात बालक कहाँ छिपाया होल? नहीं तो दो चाँटे लगाऊँगा--



**उदार०-** अरे राजकुमारी जी के लिये ऐसे बोल रहा है? *(प्रहार करने को तैयारहो जाता है। शारदा रोकती है।)*

**प्रज्ञा-** छोड़िये, छोड़िये। आपका पुत्र हमारी राजकुमारीजी ने कहीं नहीं छिपाया। पर हम लोग आपके पुत्रको ढूँढने में आपकी सहायता करेगें यदि आप हमारी सहायता करें।

**व्योम०-** चलो ऐसा कर लो। तुम मेरी सहायता कर दो मैं तुम्हारी सहायता करता हूँ। सब यही कहते हैं। पर कोई नहीं करता सहायता।

**मति-** महाशय, आप वही श्लोक तनिक सुनाइये-- शैया, वस्त्र, भूषण--

**व्योम०-** श्लोक पढने से क्या होगा?

**शारदा-** श्लोक पढने से पुत्र मिल जायेगा।

**व्योम०-** सचमुच?

**शारदा-** हाँ , सचमुच।

**व्योम०-** दूर हट। झूठी कहीं की!

**शारदा-** मैं झूठ नहीं बोलती। आपने देख तो लिया।

**व्योम०-**तो सुना दूँ श्लोक?

**शारदा-** अवश्य सुना दीजिये।

**व्योम०-** श्लोक सुनाने से पानी मिल जायेगा?

**शारदा-** कदाचित् मिल जाये।

**व्योम०-** तो सुना दूँ?

**शारदा-** बेखटके सुनाइये।

**व्योम०-** *(श्लोक पाठ का अभिनय करता हुआ)*-- बेखटके, बेखटके, बेखटके बेखटके--

**मति-** नहीं, यह नहीं। आप वही श्लोक सुनाइये --- सेज सजी--

**व्योम०-** उसी को सुनाऊँ?

शारदा- महाशय, अब सुना भी दीजिये।

**व्योम०-** सेज सजी,वस्त्र, भूषण, गंध मनोहर
वीणा, वाणी दर्शनीय और नारी सुदंर।
कुछ भी नहीं लगा करता है अच्छा यह
भूख प्यास के व्याकुल हो जब नर।

**शारदा-** *(सहसा आँसू से भर कर)*- आह, वे ही शब्द!

**मति-** आगे पढिये।

**व्योम०-** मैं पढना नहीं जानता।

**मति-** आगे क्या है श्लोक में?

**व्योम०-** आगे कुछ भी नहीं है इस लोक में। पीछे भी कुछ नहीं है इस लोक में।

**शारदा-** महाशय, आपने यह श्लोक सुना किससे था?

**व्योम०-** आकाश से सुना। आकाश से होता है शब्द।

**प्रज्ञा-** वह आकाश है कहाँ?

**व्योम०-** यहीं है, यहीं है। वहीं है, वही है। उधर है उर।

**शारदा-** जिस दिशा में यह संकेत कर रहा है, उसी दिशा में चलें।

*( सब परिक्रमा करते हैं।)*

**मति-** महाशय जी, पैदल चल चल कर आप थक गये होगें। रथ पर चढ कर चलते हैं।

**व्योम०-** तो फिर चढ जाता हूँ।

*(रथ पर चढने का अभिनय करता है। सखियाँ भी शारदा के साथ वैसा ही करती हैं।)*

**।।ध्रुवा गीति ।।**

धीरे चलना रथ वाले
प्रियतम के घर हम है जाने वाले।
धीरे बहे पवन अब
रस्ते चमक उठें सब।

**स्मृति-** बड़ा घना वन है।

**व्योम०-** यहीं तो वह मिला था मुझे।

**प्रज्ञा-** कौन मिला था आपके?

**व्योम०-** जिसने कहा था-- सारे कर्मो का मूल हुआ करता है, बस अनाज केवल मुट्ठी भर -----

**शारदा-** अरे सचमुच इन्होने निरंजन को ही देखा है। महाशय, वे अब कहाँ होगें जिन्होने आपसे यह बात कही?

**व्योम०-** जहाँ होंगे वहाँ होंगे। कहीं भी होंगें। यहाँ भी होंगें।

**मति-** यहाँ तो नहीं हैं।

**व्योम०-** यहाँ तो नहीं हैं। वहाँ तो नहीं है। जहाँ नहीं हैं, वहाँ नहीं है।

**धृति-** *(रथवेग का अनुभव करती हुइ)-* सारथि, तनिक धीरे हाँको घोड़ो को। धरती बहुत ऊबड़खाबड़ है तो रथ दचके खा रहा है।

**व्योम०** दचके खा रहा है रथ। दचके खा रहा है शरीर। दचके खा रहा है मन।



**मति-** राजकुमारीजी, दूर कोई गाँव दिखता है। गाँव के इधर कोई नदी है।

**व्योम०-** नदी है। पर पानी नहीं है उसमें।

**प्रज्ञा-** नहीं पानी तो है। यो सारस उसी ओर उड रहे हैं। दूर से ही आकाश जैसा नील पानी का पर्दा लहराता दिख रहा है।

**व्योम०-** दिख रहा है। दिख रहा है। पर उस समय नहीं था पानी। *(अचानक फूट कर रोता हुआ)* --उस समय क्यो नहीं था पानी?

**प्रज्ञा-** रोइये नहीं। इस समय तो है यहाँ पानी।

**व्योम०-** पर उस समय क्यो नहीं था पानी? मेरे गाँव में पानी क्यो नहीं है?

*(नेपथ्य से गीत)*

गाँव हमारा जग से न्यारा
है विदेह और जिसका नाम।
पर पानी का इसमें माई
नहीं कहीं कुछ काम।

**प्रज्ञा०-** राजकुमारी जी, यह व्यक्ति पागल नहीं लगता। कोई बड़ा दुःख है इसके मन में। इस कारण यह ऐसा दिखता है।

**शारदा०-** महाशय, यदि गाँव में पानी नहीं है, तो हम नहर निकाल कर गाँव तक पानी ले जायेगें।

**व्योम०-** यच कह रही हो तुम?

**शारदा-** मैं झूठ नहीं बोलती।

**व्योम०-** तब हम विदेह गाँव चलते हैं।

**शारदा-** ऐसा ही करते हैं।

*(धारिणी का प्रवेश)*

**धारिणी-** कितने बरस बीत गये? मैं केवल प्रतीक्षा करती आ रही हूँ।
आज आ जायेगा निरंजन, आज आ जायेगा निरंजन।
पर निरंजन नहीं
आया। इस विदेह गॉव में रहते रहते यों ही छूट

जायेगी देह। पति से बिछड़ी, फिर बेटे से।

*(नेपथ्य से रथ का घोष)*

अरे, आकाश में बादल नहीं है, फिर भी यह गड़गड़ाहट कैसी? नहीं, ये बादल नहीं गरज रहे हैं। धरती डोलती हुई लग रही है। अरे, कई लोग रथ से चले आ रहे हैं।

*(सखियो के साथ शारदा और व्योमकेश का प्रवेश)*

**व्योम०-** यह विह गाँव है। यही है विदेह गाँव। बहुत समय के बाद इसे मैं देख रहा हूँ।

**मति-** बड़ी देर से भटक रहे हैं हम। जीजा जी तो दिखाई नही दिये। यह तो एकदम सूना गाँव है। यहाँ और कुछ भी तो नहीं दिख रहा। मालिनी नदी बहुत दूर छूट गयी। सब जगह ऊसर भूमि है।

**सारथि-** आगे गली इतनी सँकरी है कि रथ उसमें न जा सकेगा।

**व्योम०-** रथ का क्या करना? बस, हम आ ही तो गये। अरे मेरा घर तो दूर से ही दिखायी दे रहा है।

**प्रज्ञा-** क्या वह युवक वहाँ होगा, जिससे आपने वह श्लोक सुना था?

**व्योम०-** *(चीख कर)*- अरे तुम लोग बराबर उसी युवक की रट लगाये हुए हो! यह मेरा घर आ गया। यहाँ मेरी घरवाली होगी। वह युवक यहाँ नही है। अब जाओ मेरी माताओ, जाओ यहाँ से। *(घूम कर)*- धारिणी, धारिणी! कहाँ हो तुम?

**धारिणी-** अरे कौन है? अपरिचित स्वर भी परिचितसा लग रहा है। इसने मेरा नाम ले कर कैसे पुकारा? *(आशंका के साथ पास कर,अचानक पहचान कर)*- अरे, आप?

*(अचानक मूर्च्छित हो कर गिर पड़ती है।व्योमकेश उसे पकड़ता है।)*



**व्योम०-** *(रोता हुआ)*- अरे बहुत समय के बाद तो मुझे मेरी घरवाली मिली थी, देखो तो मुझे देख कर इसे क्या हो गया! अरे लड़कियो, अरे बेटियो, तुम लोग आना इधर, तनिक इसे सँभालना!

**प्रज्ञा-** क्या करें राजकुमारी जी? उधर तो बड़ी दुःखद बात हो गयी!

**शारदा-** महाशय जी! धीरज कखिये, धीरज रखिये! आपकी पत्नी ठीक हैं।

धारिणी- *(होश में आकर)*- आप कैसे चले गये थे, औरं कैसे आ गये?

व्योम०- मैं उस समय पानी लेने के लिये गया था धारिणी! *(हिचकी के साथ रोता हुआ)* अब किसी तरह लौट सका।

*(दोनो रोते हैं)*

**शारदा-** महाशय, इस तरह दुखी मत होइये। माँ , आप भी रोइये मत। लग रहा है कि आप दोनो बहुत समय के बाद फिर से मिले हैं। अब सब कुछ ठीक हो जायेगा। विषाद का अब क्या काम?

**व्योम०-** धारिणी, ये लड़कियाँ ही मुझे यहाँ ले करआयीं।

**धारिणी-** बेटियो स्वागत हो तुम लोगो का! आओ, आओ, हमारे घर। मैं पानी ले कर आती हूँ। पर -- पानी तो है नही---

**प्रज्ञा-** कष्ट मत कीजिये। आपके स्नेह से ही हम तृप्त हो गयीं।

**व्योम०-** मेरा बेटा! अब तो वह युवा हो गया होगा। कहाँ है वह?

**धारिणी-** वह ज्ञानपुर में पढता है-- गुरुकुल में। *(शारदा से)* बेटी, तुम लोगो की यह बड़ी कृपा है कि मुझे अपने पति से मिला दिया। ये बहुत समय से मुझ से बिछड़े हुए थे। वेषभूषा और अपने तेज से तो तुम लोग बहुत बड़े कुल की लगती हो। कहाँ से आ रही हो, कहाँ की रहने वाली हो तुम लोग?

**प्रज्ञा-** ये प्राणपुर के महाराज ब्रह्मदेव ती पुत्री राजकुमारी शारदा है, हम इनकी सखियाँ हैं।

**शारदा-** माँ, यदि आप को अनुचित न लगे, तो हम लोगो को बताइये कैसे आप लोग अलग हो गये, और किस तरह आज मिल गये--

**धारिणी-** क्या बताऊँ बेटी! बड़ी लंबी कथा है। अठारह बरस बीत गये। उस दिन मेरे बेटे ने जनम लिया था। ये मुझ अभागी के लिये पानी लेने गये थे। तब से मुझे इनका कोई समाचार नहीं मिला। तुम लोगो की कृपा से आज इनका मुँह देखा है। मेरा बेटा जैसे जैसे बड़ा होता गया, वैसे वैसे और बार बार पूछने लगा कि मेरे पिता कहाँ हैं-- कहाँ हैं मेरे पिता? एक बार उसके बहुत जिद करने पर मैंने उसे सच्ची सच्ची बात बता दी, तो पिताजी को ढूँढ कर लाऊँगा, इस गाँव में पानी लाऊँगा और विद्या पा कर लौटूँगा-- ये तीन

प्रतिज्ञाएँ करके वह भी यह गाँव छोड़ कर चला गया। तब से उसका भी कोई समाचार नहीं। आज ये मिले हैं। ये ही जानते हैं कि इतने समय से ये कहाँ थे।

**व्योम०-** क्या बताऊँ? जिस दिन मेरी पत्नी ने इस घर में हमारे बेटे को जन्म दिया, उसी दिन घर में पानी नहीं था। इसे बहुत प्यास लगी थी। मैं इसके लिये पानी लाने गया। कुआँ सूखा हुआ था, नदी यहाँ से पाँच कोस है। मैं नदी तक भी गया। पर नदी में भी कहीं पानी न था। तो मैं लौट कर जमींदार की हवेली में पहुँचा। हवेली में एक **कुआ है।** मैं उससे पानी खींचने लगा, तब तक जमींदार ने मुझे चोर बता कर पकड़वा लिया। कई दिनो तक तो उसने मुझे अपनी हवेली में बंदी बना कर रखा। इसके बाद मुझे राजसभा में ले जा कर उसने मुझ पर यह अभियोग लगाया कि मैंने उसके यहाँ सोने का कंगन चुरा लिया है। और उसने मुझे कारागार में डलवा दिया।' कितने वर्ष मुझे वहाँ रहते हुए हो गये पता नहीं। भाग्य कि बात कि वहाँ राजकुमारी का ब्याह हुआ। उस अवसर पर मेरे जैसे बंदियो को कारागार से छोड़ दिया गया। मैं भी कारागार से निकाल दिया गया, पर तब तक मैं पागल जैसा हो गया था। कुछ सूझ नहीं पड़ रहा था कहाँ जाना है और क्या करना है। एक गाँव से दूसरे गाँव, एक जंगल से दूसरे जंगल भटकते हुए एक बार मैंने एक सुंदर गुणी युवक देखा।वह भी मेरी ही तरह बावला हो कर भटक रहा था। वह मेरे साथ बहुत समय तक रहा। वह पता नहीं क्या क्या बोलता जाता था। उसने क्या क्या कहा- यह तो सब मैं भूल गया। पर बीच बीच में वह यह श्लोक बड़बड़ाता था, जो मुझे याद है-

सेज सजी,वस्त्र, भूषण, गंध मनोहर
वीणा, वाणी दर्शनीय और नारी सुदंर।
कुछ भी नहीं लगा करता है अच्छा यह
भूख प्यास के व्याकुल हो जब नर।
सारे कर्मो का मूल हुआ करता है
बस चावल एक पुस भर।

एक बार राजा के यहाँ जब भोजन बँट रहा था, तो यही श्लोक मैंने आप लोगो को सुनाया। तो आप लोग मुझे यहाँ ले आयीं। जिस युवक ने ने यह श्लोक सुनाया था, उसी को आप लोग खोज रही हैं। पर मैं उसका नाम पता कुछ भी नहीं जानता।

**प्रज्ञा-** उनका नाम निरंजन है। वे हमारी राजकुमारी जी के पति हैं।

**धारिणी-** क्या कहा तुमने? निरंजन तो मेरा बेटा है।



**व्योम०-** यह क्या हो गया धारिणी? क्या मैं अपने ही बेटे से मिला था? आह, अब कहाँ होगा मेरा बेटा?

*(आत्माराम और मनसाराम का प्रवेश)*

**दोनो-** माता जी, बड़ा अनर्थ हो गया। कुछ लाठियाँ दीजिये। कुछ लोग और हैं?

**धारिणी-** अरे तुम लोग ऐसे हड़हड़ाये कयो हो? क्या अनर्थ हो गया?

**मनसा०-** जमींदार के सैनिको से निरंजन वहाँ अकेला ही लड़ रहा है।

**आत्मा०-** अरे तूने तो रहस्य कह ही दिया। कोई बात नहीं, यह संकट की घड़ी है। *(शारदा और और के परिजनो को देख कर)*- ये लोग कौन हैं? क्या ये कुछ सहायता करंगें?

**धारिणी-** मेरा बेटा! अरे बेटो, तुम लोग क्या कह रहे हो, कुछ समझ में नहीं आ रहा। निरंजन यहाँ कैसे आ गया?

**व्योम०-** बताओ, बताओ बच्चो मेरा प्राण प्यारा निरंजन है कहाँ?

**आत्मा०-** कुछ दिन हुए, वह यहाँ आया था। नदी के उस पार एक कुटिया बना कर रहाता था।

**धारिणी-** यहीं था वह? और मुझे देखने भी नहीं आया?

**आत्मा०-** बिना विद्याध्ययन समाप्त किये, पिता को खोजे बिना और गाँव में पानी लाये बिना गाँव नहीं लौटूँगा यह उसने प्रतिज्ञा कर रखी है। हम दोनो ने उसे बहुत समझाया। पर वह किसी के समझाने से आना नहीं चाहता था। आज जमीदार के सेवको ने नदी के किनारा छेंक लिया। कहा- यहाँ जमींदार के परिवार के लोगो के स्नानके लिये घाट बन रहा है-।और वे गाँव के लोगो को नदी में नहाने और पानी लेने से मना करने लगे। निरंजन ने उन्हे रोका, तो वे उसे पकड़ ले गये। निरंजन ने मना किया था कि मेरे आने की बात माँ को मत बताना। फिर भी हम लोगो से रहा नहीं गया। माँ! ये बूढे व्यक्ति कौन हैं? और ये लोग कौन हैं?

**धारिणी-** बच्चो, ये निरंजन के पिता हैं।

**दोनो-** *(व्योमकेश को प्रणाम कर)* अरे काका, आप इतने

दिनो तक कहाँ रहे?

**म०-** बड़ी लंबी कथा है। बाद में कहूँगा। अभी तो निरंजन को छुड़ाने का उपाय करनां है। *(शारदा से)-* बेटी, मेरे बेटो -- अपने पति -- को बचा लो!

**शारदा-** आप जिंता मत कीजिये। *( ऊँचे स्वर में)* उदार सिंह!

*(उदारसिंह का प्रवेश)*

**उदार०-** आज्ञा दीजिये राजकुमारी जी!

**शारदा-** हमारे पीछे जो सैना आयी है, उसे ले कर जाओ। उस दुष्ट जमीदार का घर घेर लो। *(आत्माराम तथा मनसाराम से)-* आप लोग सैना के साथ चलिये। हम लोग भी पीछे से आते हैं।

**उदार०-** राजकुमारी की जैसी आज्ञा। *(आत्माराम तथा मनसाराम के साथ प्रस्थान)*

**धारिणी-** मेरा बेटा! मेरा मन काँप रहा है। कितने दिनो बाद तो वह मिलने वला था, और हाथ से छूटे खजाने की तरह दुष्ट जमीदार ने उसे पकड़ लिया।

**शारदा-** चिंता मत कीजिये माताजी! सखियो आओ, बहुत समय बाद मिल रहे मनोरथ का स्वागत करें।

**व्योम०-** हम लोग आप के साथ ही चलते हैं।

*(सब परिक्रमा करते हैं)*

*(उदारसिंह तथा तेजसिंह के द्वारा सँभाला गया मूर्छित निरंजन प्रवेश करता है।)*

**धारिणी-** बेटा, मेरे लाल! *(दौड़ कर पास पहुँच कर रोती हुई)-* अरे क्या हो गया मेरे बेटे को?

**व्योम०-** अरे कैसा कष्ट है!

किसी तरह जो मिल पाया था
बिछड़ा मेरा राज दुलारा
कब से जिसको चाह रहे थे मिलना
वह ही अपना बेटा प्यारा
वही प्राण का तंतु आज जो मिला रहा है
भाग्य उसे भी हमसे फिर से छीन रहा है।



*(दोनो निरंजन का आलिंगन कर के विलाप करते हैं।)*

**उदार०-** अरे आप लोग इतने खिन्न न होइये। कोई अनर्थ नहीं हुआ। जमींदार के सेवको ने कौड़े मारे, तो उससे ये मूर्छित हो गये हैं।

**प्रज्ञा-** पानी, पानी!

**तेज०-** *(पानी का पात्र ला कर)* यह रहा पानी।

*(शारदा निरंजन के मुँह पर पानी के छींटे देती है।)*

**शारदा-** अब कहाँ है वह दुष्ट जमींदार?

**तेज०-** राजकुमारी जी, उसको हमने पकड़ लिया है।

**शारदा-** उस नीच को प्राणपुर ले चलो। उसके अत्याचारो की कथाएँ पहले भी सुनने में आयीं हैं। अपने दुराचार का फल भोगने के लिये कारागार में पड़ा रहे।

**निरं०-** (होश में आ कर)-

चाहे जितने कौड़े लगवा ले
या शरीर को मेरे कर दे छलनी
कर निष्ठुर प्रहार काल की तरह कराल बन
विचलित न करेगी पर मेरा मन
यह तेरी निर्घृणता
नहीं कभी है डिगता
न्याय मार्ग से सज्जन।

**शारदा-** भाग्य से साँस ले रहे हैं।

**धारिणी-** अरे बेटा, यह मैं तेरी माँ हूँ। और ये तेरे पिता। क्या अपने माता-पिता को भी नहीं पहचान रहा है?

**निरं०-** माँ तू यहाँ कैसी आ गयी? और ये महाशय कौन हैं?

**धारिणी-** ये तेरे पिता हैं।

**निरं०-** पिता, आपका यह अकर्मण्य पुत्र आपको प्रणाम करता है। *(प्रणाम करता हुआ, पहचान कर)-* अरे आप से तो मैं कभी जंगल में मिला हूँ।

**व्योम०-** बेटा, मैं उस समय पागल हो गया था। तुझे पहचानता भी कैसे? पर तेरे कारण से ही इस राजकुमारी से भेंट हुई, और यह मुझे यहाँ ले कर आयी।

**निरं०-** अरे राजकुमारी, तुम भी यहाँ?

**शारदा**- *(आँसू के साथ)* आप उस रात को भूखे ही निकल गये। मैं भोजन लिये लिये प्रतिदिन आपको ढूँढने के लिये तभी से भटक रही हूँ।

**धारिणी**- क्यो रे? अपनी दुल्हन को पहले ही दिन छोड़ कर चला गया, तुझे लाज नहीं आयी?

**निरं०**- लाज तो इतनी है कि आप लोगो को किसी को मुँह भी मुँह नहीं दिखा सकता। न तो मैं विद्या पूरी कर सका, न पिता को ढूँढ कर लाने और गाँव में नहर लाने की अपनी प्रतिज्ञा ही पूरी कर सका।

**शारदा**- नहीं ऐसा मत कहिये। आपको खिन्न होने की आवश्यकता नहीं। आपकी विद्या तो पूरी ही है। केवल लिपि का ज्ञान होना है, तो वह भी राजकुल में रह कर हो जायेगा। आपके ही कारण तो पिता जी अपने गाँव में लौट कर आये हैं। तो इनको लाने वाले आप ही हुए। और आप के आदेश से ही दो या तीन दिन में विदेह गाँव तक एक बड़ी नहर बना दा जायेगी। तो अब और क्या प्रिय करूँ आपका मैं प्रिय?

**निरं०**- अब इससे अधिक और क्या प्रिय होगा?
भाग्य से मुझ अपराधी को स्वयं शारदा ने फिर से अपनाया
फिर स्मृति, मति, धृति, प्रज्ञा का सँग मैंने पाया।
धरणी जैसी पावन मेरी और धारिणी माता
मिली व्योम के जैसा पाया मैंने व्योमकेश पिता।
फिर भी यह और हो-

चिर काल तक सुखमय रहे
यह नित्य योग हम दोनो का
जग में रोग न हो, और शोक न हो
रसभोग यह, नित रम्य प्रयोग यह
आदर पाये अविकल
बस इक पुस भर चावल

*(सबका प्रस्थान)*

*|| समाप्त ||*